CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 07°C

बरेली, गुरुवार 22 जनवरी 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 54 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 3 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


विधायिका समाज को दिशा देती है: योगी पेज 2



बांग्लादेश को भारत में खेलो या बाहर होने का अल्टीमेटम खेल टाइम्स


नेताजी सुभाष की मृत्यु: आयोग, फाइलें और अधूरा सत्य सम्पादकीय



अमेरिकी दबदबे वाली व्यवस्था का अंत हुआ: मार्क कार्नी पेज 12

# पाक सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट हुआ सेना प्रमुख का वीडियो फर्जी: सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के दुष्प्रचार पर आधारित सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के उस कथित वीडियो को फर्जी करार दिया है जिसमें दावा किया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान और चीन द्वारा इस्तेमाल की गई प्रौद्योगिकी तक पहुंचने में भारत को कम से कम 50 साल लगेंगे।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने बुधवार को एक फैक्ट चेक पोस्ट में कहा कि सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख से जुड़ा एक डिजिटल रूप से छेड़छाड़ किया गया वीडियो सामने आया है। यह वीडियो गलत जानकारी फैलाने और सशस्त्र बलों की विश्वसनीयता को कमजोर करने की कोशिशों के तहत जारी किया गया है। इस कथित वीडियो में जनरल द्विवेदी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि भारत सैन्य प्रौद्योगिकी के मामले में अपने विरोधियों से काफी पीछे है। सरकार ने कहा है कि यह बयान पूरी तरह से मनगढ़ंत और फर्जी है। सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया है कि



जनरल द्विवेदी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है और लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें तथा भ्रामक सामग्री के बारे में जानकारी दें। यह मूल वीडियो 15 जनवरी को जयपुर में सेना दिवस परेड के दौरान जनरल द्विवेदी की मीडिया ब्रीफिंग का है। मूल बयान में सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की तेज और प्रभावी प्रतिक्रिया की सराहना की थी। उन्होंने बेहतर समन्वय, सटीक कार्रवाई और भविष्य के संघर्षों के लिए तैयारियों पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था कि इस ऑपरेशन ने भारतीय सेना की त्वरित प्रतिक्रिया, बेहतर तालमेल और सटीक अभियान चलाने की क्षमता को दर्शाया है। उन्होंने कहा था कि सेना की सोच में बदलाव आया है और वह मौजूदा चुनौतियों के साथ-साथ भविष्य के युद्धों की तैयारी पर भी काम कर रही है।

## पाकिस्तान ने तोड़ा सीजफायर कुपवाड़ा बॉर्डर पर की फायरिंग

**कुपवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में बॉर्डर पर पाकिस्तान की ओर से 2 राउंड फायरिंग की गई। घटना केरन सेक्टर में मंगलवार देर रात हुई। सेना के सूत्रों के मुताबिक 6 राष्ट्रीय राइफल्स के जवान केरन बाला इलाके में हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगा रहे थे। इसी दौरान फायरिंग की गई। सीजफायर उल्लंघन पर भारतीय सेना ने भी जवाब दिया।

फायरिंग के बाद सेना ने इलाके की घेराबंदी की और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान की ओर से की गई फायरिंग घुसपैठियों की मदद के लिए की गई होगी। वहीं, जम्मू-कश्मीर के

**■ भारतीय सेना ने इलाके की घेराबंदी की और सर्च ऑपरेशन किया शुरू**

कठुआ में मंगलवार रात भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास पाकिस्तानी ड्रोन नजर आया था। भारतीय सेना ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने एंटी ड्रोन सिस्टम एक्टिवेट किए थे। इसके अलावा रामगढ़ सेक्टर में भी ड्रोन देखा गया था। सेना की जवाबी कार्रवाई के बाद ड्रोन पाकिस्तान की ओर लौट गया। 11 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के सांबा, राजौरी और पुंछ में 5 ड्रोन देखे गए थे।

## गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली समेत प्रमुख शहर हाई अलर्ट पर

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस से पहले देश की खुफिया एजेंसियों ने खालिस्तानी आतंकी संगठनों और बांग्लादेश स्थित आतंकवादी समूहों से संभावित खतरों के मद्देनजर 'हाई अलर्ट' जारी किया है।

अलर्ट के मुताबिक दिल्ली और देश में कई अन्य प्रमुख शहर संभावित निशाने पर हो सकते हैं। इस इनपुट के बाद सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और संवेदनशील इलाकों में निगरानी तेज कर दी गई है। खुफिया सूत्रों से पता चला है कि पंजाब के कुछ गैंगस्टर कथित तौर पर खालिस्तानी और अन्य कट्टरपंथी विदेशी

**■ संवेदनशील इलाकों में निगरानी हुई तेज**

आकाओं के लिए 'फुट सोल्जर' के रूप में काम कर रहे हैं। आरोप है कि विदेश में बैठे ये आका देश की आंतरिक सुरक्षा को बिगाड़ने और अपने मंसूबों को अंजाम देने के लिए इन आपराधिक नेटवर्कों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार ये गैंगस्टर हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में सक्रिय हैं तथा खालिस्तानी आतंकवादी तत्वों के साथ उनके संबंध धीरे-धीरे मजबूत हो रहे हैं, जिससे सुरक्षा एजेंसियों की चिता बढ़ गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र राजभवन का नाम बदलकर जन भवन किया गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास 'राजभवन' का नाम परिवर्तित कर 'जन भवन' किया गया है। बुधवार को यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार 'गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा राज्यपाल के आधिकारिक आवासों के नामकरण के मानकीकरण के संबंध में निर्गत निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास का नाम परिवर्तन किया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार पूर्व में 'राज भवन' के नाम से ज्ञात राज्यपाल के आधिकारिक आवास को अब 'जन भवन' नाम दिया गया है।

### ईरान में फंसे भारतीय छात्रों का दूसरा बैच भारत लौटा

**श्रीनगर।** ईरान में फंसे भारतीय छात्रों का दूसरा बैच मंगलवार रात को सुरक्षित भारत लौट आया है। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन (जेकेएसए) के मुताबिक, मौजूदा हालात के बीच यह वापसी छात्रों और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। जेकेएसए ने बताया कि छात्र दुबई और शारजाह के रास्ते एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-996 और एआई-930 से दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। सभी छात्र अपने खर्च पर भारत लौटे हैं। अब तक 200 से अधिक भारतीय छात्र ईरान से भारत लौट चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या जम्मू-कश्मीर के छात्रों की है।

### तीन फरवरी से आम लोगों के लिए खुल जाएगा अमृत उद्यान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान आगामी तीन फरवरी से 31 मार्च तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को बताया कि आगंतुक सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक (अंतिम प्रवेश 5.15 बजे) उद्यान में घूमने आ सकते हैं। उद्यान सोमवार को रखरखाव के लिए और 4 मार्च को होली के कारण बंद रहेगा। अमृत उद्यान के लिए पंजीकरण और प्रवेश नि:शुल्क है। बुकिंग अपेपज-तीजतंचंजपईंअंद-हव अ-पद/ पर की जा सकती है। आगंतुक प्रवेश द्वार के बाहर बने स्वयं सेवा कियोस्क से सीधे टिकट भी ले सकते हैं।

# अवैध खनन से ऐसा नुकसान जिसकी भरपाई असंभव: सुप्रीम कोर्ट

## अरावली पर्वतमाला मामले में शीर्ष अदालत ने की अहम टिप्पणी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पर्वतमाला में अवैध खनन को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि इससे पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है। इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए अदालत ने अरावली क्षेत्र में खनन और उससे जुड़े सभी पहलुओं की व्यापक जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का फैसला किया है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि अरावली जैसे संवेदनशील क्षेत्र में अवैध खनन केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी गंभीर खतरा है। अदालत ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी और एमिकस क्यूरी

**■ अपना पुराना आदेश बरकरार रखा**

**■ अरावली क्षेत्र में खनन आदि की व्यापक जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का फैसला**

**■ कहा: अरावली जैसे संवेदनशील क्षेत्र में अवैध खनन केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी गंभीर खतरा है**



के. परमेश्वर को निर्देश दिए हैं कि वे चार सप्ताह के भीतर खनन से संबंधित मामलों में विशेषज्ञता रखने वाले पर्यावरणविदों और वैज्ञानिकों के नाम सुझाएं, ताकि एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया जा सके। यह समिति सुप्रीम कोर्ट की निगरानी और मार्गदर्शन में कार्य करेगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि अरावली क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में अवैध खनन की गतिविधियां सामने आ रही हैं। इस पर राजस्थान सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने अदालत को आश्वस्त किया कि राज्य में किसी भी तरह का अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पहाड़ियों और श्रेणियों की एक समान परिभाषा को लेकर 20 नवम्बर को दिए गए अपने आदेश को फिलहाल स्थगित रखने का निर्णय भी बरकरार रखा है। अदालत ने इससे पहले कहा था कि नई परिभाषा में कुछ गंभीर अस्पष्टताएं हैं, जिनका समाधान किया जाना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवम्बर को दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैली अरावली पर्वतमाला में नई खनन लीज जारी करने पर रोक लगा दी थी। यह रोक विशेषज्ञों की रिपोर्ट आने तक लागू की गई थी। यह निर्णय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समिति की सिफारिशों के आधार पर लिया गया था, जिसका उद्देश्य दुनिया की सबसे प्राचीन पर्वतमालाओं में से एक अरावली का संरक्षण करना है। अब सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित की जाने वाली विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के आधार पर ही अरावली क्षेत्र में खनन और संरक्षण से जुड़े आगे के निर्णय लिए जाएंगे।

# सनातन पर उदयनिधि का बयान हेट स्पीच: मद्रास हाईकोर्ट

**चेन्नई, वार्ता**

**मद्रास हाईकोर्ट** ने बुधवार को कहा कि तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन की सनातन के खिलाफ की गई बातें हेट स्पीच के दायरे में आती हैं। कोर्ट ने यह टिप्पणी स्टालिन के तीन साल पुराने बयान को लेकर की। साल 2023 में उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से करते हुए कहा था कि इसे मिटा देना चाहिए। इस बयान का काफी विरोध हुआ।

भाजपा आईटी विभाग के हेड अमित मालवीय ने स्टालिन के भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह बयान देश के 80 फीसदी सनातन धर्म मानने वालों के खिलाफ है। हालांकि स्टालिन की डीएमके पार्टी के एक नेता ने उल्टा मालवीय के खिलाफ केस कर दिया। आरोप लगाया कि मालवीय ने स्टालिन के बयान को तोड़-मरोड़ के पेश किया। मालवीय ने एफआईआर के खिलाफ कोर्ट में याचिका



**■ कहा: तमिलनाडु के डिप्टी सीएम का यह बयान नरसंहार या संस्कृतिक नरसंहार का संकेत देता है**

लगाई। तीन साल बाद मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने अब एफआईआर को रद्द कर दिया है। जस्टिस एस. श्रीमथी ने कहा कि मालवीय ने स्टालिन के बयान पर केवल प्रतिक्रिया दी थी। ऐसी प्रतिक्रिया पर केस चलाना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। हाईकोर्ट ने कहा कि दुख की बात यह है कि हेट स्पीच देने वाले पर कोई केस नहीं, जबकि उस पर प्रतिक्रिया देने वाले पर एफआईआर दर्ज कर दी गई। आज की स्थिति में हेट स्पीच शुरू करने वाले बच जाते हैं और सवाल उठाने वालों को कानून का सामना करना पड़ता है। सनातन को खत्म करने जैसे शब्दों का अर्थ सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि उसे मानने वालों के अस्तित्व पर सवाल उठाने जैसा है, जो हेट स्पीच की श्रेणी में आता है। स्टालिन का यह बयान नरसंहार या संस्कृतिक नरसंहार का संकेत देता है।

## वायुसेना का ट्रेनी विमान तालाब में गिरा, दोनों पायलट सुरक्षित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बुधवार को भारतीय वायुसेना का एक ट्रेनी विमान तकनीकी खराबी के चलते दुर्घटनाग्रस्त होकर अचानक एक तालाब में गिर गया।

विमान में सवार दोनों पायलटों ने समय रहते पैराशूट खोलकर विमान से छलांग लगा दी। जिससे उनकी जान बच गई। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके

**■ दोनों पायलटों ने पैराशूट खोलकर विमान से छलांग लगाई**

पर पहुंचे और तालाब में उतरकर दोनों पायलटों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पायलटों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया।

## सोना-चांदी में रिकॉर्ड तोड़ उछाल जारी

**नई दिल्ली।** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना बुधवार को पहली बार 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

एक्सचेंज से मिली जानकारी के अनुसार, शाम 4.30 बजे सोना वायदा पिछले दिवस की तुलना में 7,132 रुपये (4.75 प्रतिशत) की तेजी के साथ 1,57,697 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। यह सोने का अब तक का उच्चतम स्तर है। चांदी ने भी

**■ सोना 1.57 लाख के पार, चांदी भी 3.34 लाख की नई ऊंचाई पर**

10,228 रुपये (3.16 प्रतिशत) की तेजी के साथ पहली बार 3,33,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंचकर नया रिकॉर्ड बनाया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड मुद्दे पर की गई कार्रवाई और दिए गए बयानों से विदेशों में भी निवेशकों ने सुरक्षित धातु की शरण ली जिससे सोने में तेजी देखी गई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सोना वायदा 2.12 प्रतिशत उछलकर 4,867 डॉलर प्रति औंस बोला गया। यह पहली बार 4,800 डॉलर पर पहुंचा है। यह लगातार तीसरी तेजी है। चांदी में विदेशों में 0.42 प्रतिशत का उछाल आया और यह 0.394 डॉलर चढ़कर 95.03 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

# मॉडर्न वॉर में एयर पावर निर्णायक: वायुसेना चीफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने आधुनिक युद्ध में वायुसेना की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई हो या संघर्ष क्षेत्रों में ऑपरेशन, एयरफोर्स ने तेज और निर्णायक नतीजे दिए हैं।

नई दिल्ली में आयोजित 22वें सुब्रतो मुखर्जी सेमिनार को संबोधित करते हुए उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में कई ठिकानों पर कुछ ही घंटों में हमले की क्षमता का जिक्र किया। चीफ मार्शल ने आगे कहा कि यदि हमें एक प्रभावशाली शक्ति

**■ कहा: मजबूत सैन्य ताकत बनने को इस पर फोकस जरूरी**

**■ ऑपरेशन सिंदूर में पाक घुटनों पर आया**



बनना है तो इस हिस्से पर ध्यान केंद्रित करना बेहद जरूरी है। चाहे वह संघर्ष क्षेत्र से लोगों को सुरक्षित निकालने की बात हो, आतंकवादी ढांचे और उनके अपराधियों पर प्रहार करना हो। या फिर कुछ ही घंटों में पाकिस्तान के ठिकानों पर हमला कर यह संदेश देना हो कि अब बहुत हो चुका है और उन्हें घुटनों पर लाया जा सके। हर जगह वायु शक्ति ने ही निर्णायक भूमिका निभाई है। ऑपरेशन सिंदूर सैन्य सटीकता और रणनीतिक संघर्ष समाधान का एक महत्वपूर्ण उदाहरण रहा। यह अभियान 7 मई 2025 को शुरू किया गया था। ऑपेशन का मकसद 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्रों में मौजूद आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के 12 से 13 लड़ाकू विमान मार गिराए थे। इनमें जमीन पर मौजूद चार से पांच एफ-16 और हवा में पांच एफ-16 एवं जेएफ-17 शामिल थे। इसके अलावा दो जासूसी विमान भी तबाह किए गए। इससे पहले वायुसेना दिवस के अवसर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में एयर चीफ ने बताया था कि एस-400 ट्रायम्फ 'सुदर्शन चक्र' लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली का इस्तेमाल कर पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमान गिराए गए थे।

# अनुज चौधरी पर FIR का आदेश देने वाले सम्भल जज का ट्रांसफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/ सम्भल।** उत्तर प्रदेश का सम्भल पिछले कई महीनों से लगातार चर्चा में बना हुआ है। चर्चा में होने की कई वजहें रही हैं। पहले यहां हुई हिंसा और बाद में हुई कार्रवाई भी चर्चा की वजह बनी रही है। अब यहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) विभांशु सुधीर का ट्रांसफर हो गया है। यही वजह है कि एक बार फिर सम्भल फिर चर्चा में आ गया है।

खास बात यह है कि विभांशु सुधीर वही जज हैं, जिन्होंने 9 जनवरी को एएसपी अनुज चौधरी समेत 20 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। अब सम्भल का नया सीजेएम आदित्य सिंह को बनाया गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की तरफ से एक लिस्ट जारी की गई थी। इस लिस्ट में 14 जजों के ट्रांसफर किए गए हैं। कुछ जजों की जगह अदला-बदली भी की गई है। सबसे चौंकाने वाला नाम इस लिस्ट में सम्भल के सीजेएम का था। ऐसा इसलिए क्योंकि वह 9 जनवरी के बाद से ही चर्चा में बने हुए थे। सीजेएम विभांशु सुधीर ने 9 जनवरी को मामले की सुनवाई के दौरान आदेश दिया था कि एएसपी अनुज चौधरी समेत अन्य 20 अन्य पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज किया जाए।

**■ उप्र में 14 और जजों के ट्रांसफर किए गए, कुछ जजों की जगह अदला- बदली भी की गई**

### सम्भल में वकीलों का प्रदर्शन

सम्भल में सीजेएम विभांशु सुधीर के ट्रासफर के बाद वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा है। बुधवार को दर्जनों वकीलों ने कोर्ट के बाहर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान वकीलों ने सीजेएम साहब को वापस लाओ के नारे लगाए।

## संक्षिप्त समाचार

### महंत नृत्य गोपाल दास की तबियत बिगड़ी मेदांता में भर्ती

**लखनऊ।** श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिराम छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत अचानक फिर बिगड़ने पर बुधवार को इलाज के लिए उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर विशेषज्ञों की देख रेख में उनका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि महंत ने पिछले 36 घंटे से कुछ भी नहीं खाया है। उल्टी दस्त की समस्या के बाद महंत नृत्य गोपाल दास को लगातार कमजोरी महसूस होने पर चिकित्सक की निगरानी में रखा गया, लेकिन वह कुछ भी अन्न ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं। अस्पताल के निदेशक डा. राकेश कपूर ने उनके भर्ती होने की पुष्टि करते हुए कहा कि अभी आधे घण्टे पूर्व आए हैं। इमरजेंसी में महंत नृत्य गोपाल दास की जांच चल रही है। जांच के आधार पर इलाज की दिशा तय की जाएगी।

### पर्यावरण मंत्रालय में 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन

**नई दिल्ली।** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को यहां वंदे मातरम के सामूहिक गायन का आयोजन किया। मंत्रालय में सचिव तन्मय कुमार के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी राष्ट्र गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति में शामिल हुए और यहां इंदिरा पर्यावरण भवन में मंत्रालय के परिसर में राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गायन की ध्वनि गूंजी। सामूहिक गायन का आयोजन देश के विभिन्न हिस्सों में मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सोमवार 19 जनवरी से रविवार 26 जनवरी तक राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष के स्मरणोत्सव के चरण-2 के हिस्से के रूप में मनाया जा रहा है।

### न्याय, समता और बंधुता भारतीय संविधान की आत्मा

# विधायिका समाज को दिशा देती है : योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- मुख्यमंत्री ने कहाः न्याय कैसे प्राप्त किया जाए, इसका मार्ग विधायिका तय करती है
- भव्य जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस-2026: सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि न्याय, समता और बंधुता भारतीय संविधान की आत्मा हैं और इन्हीं मूल्यों के आधार पर देश की विधायिका समाज को दिशा देने का कार्य करती है। मुख्यमंत्री ने यह बात लखनऊ में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कही।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजधानी इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन की साक्षी बनी है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस सम्मेलन से सीधे जुड़े हैं, वे अपने अनुभवों के माध्यम से इसकी गंभीरता और उपयोगिता को महसूस कर रहे हैं, जबकि अन्य लोग मीडिया के जरिए इसकी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में शामिल सभी पीठासीन अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह मंच केवल संवाद का अवसर नहीं है, बल्कि यह तय करने का भी माध्यम है कि लो. कतांत्रिक संस्थाओं का उपयोग कैसे किया जाए और वे किस दिशा में आगे बढ़ें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय कैसे प्राप्त किया जाए, इसका मार्ग विधायिका तय करती है, क्योंकि वही ऐसे कानूनों का निर्माण करती है, जो समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय दिलाने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि विधायिका समतामूलक समाज की स्थापना का माध्यम है। उन्होंने कहा कि बंधुता का अर्थ यह है कि सहमति और असहमति के बावजूद हम सब एक साथ आगे बढ़ते हैं और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सम्मान करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सशक्त विधायिका ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है और ऐसे आयोजनों से देश में बेहतर संसदीय परंपराओं को मजबूती मिलती है। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश दिवस-2026 को इस वर्ष व्यापक जनभागीदारी के साथ भव्य जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। 24 से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में प्रदेश की संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और विकास यात्रा को एक साथ प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रदेश की पहचान, उपलब्धियों और संभावनाओं को जनसहयोग के साथ सामने लाने का अवसर है। इस वर्ष केन्द्रीय गृह एवं सहका. रिता मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के मुख्य अतिथि होंगे, जिससे आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान मिलेगी।

### मुख्यमंत्री योगी ने मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा के स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा के स्थापना दिवस के अवसर पर इन राज्यों के नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने इन पूर्वोत्तर राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और विकास की निरंतर प्रगति की कामना की। योगी आदित्यनाथ ने मेघालय राज्य के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुरातन परंपराओं के अनुपम प्रतीक मेघालय की पहचान उसकी प्रकृति, संस्कृति, संस्कार और लोक आस्था से है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि यह राज्य उन्नति और प्रगति के नए-नए आयाम गढ़ते हुए विकास की नवीन ऊंचाइयों को स्पर्श करता रहे।

# खड़गे-राहुल मनरेगा श्रमिकों से करेंगे सीधा संवाद

नई दिल्ली, वार्ता



- कार्यक्रम में देश के 25 राज्यों से 400 से अधिक मनरेगा श्रमिक तथा कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे

कांग्रेस ने गुरुवार को यहां महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना-मनरेगा पर एक राष्ट्रीय संवाद का आयोजन किया है, जिसमें देश के करीब 25 राज्यों से 400 से अधिक मनरेगा श्रमिक तथा कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे और मनरेगा को खत्म करने से हो रहे नुकसान पर व्यापक चर्चा करेंगे।

कांग्रेस रचनात्मक विभाग के प्रमुख संदीप दीक्षित ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मनरेगा लोगों को अधिकार के रूप में मिला है, लेकिन भाजपा सरकार ने इस अधिकार को छीना है और कांग्रेस इसका विरोध कर रही है और इसकी बहाली के लिए देशव्यापी आंदोलन चला रही है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने मनरेगा में काम किया है उनके विचार से रू ब रू होने के मद्देनजर गुरुवार को यहां जवाहर भवन में संवाद कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें मनरेगा से जुड़े देशभर से आए लोग चर्चा करेंगे और आगे के लिए रणनीति बनाएंगे। इस कार्यक्रम में करीब 25 राज्यों से मनरेगा के रूप में काम करने वाले श्रमिकों के साथ ही मनरेगा के लिए काम करने वाले लोग भी शामिल होंगे और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मनरेगा श्रमिकों के साथ सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि मनरेगा को बदलकर भाजपा जिस नए एक्ट (वीबी-जी राम जी) को लाई है, उसका कांग्रेस लगातार विरोध कर रही है। कई राज्यों और जिलों में 'मनरेगा बचाओ अभियान' चलाया जा रहा है। आखिर सरकार ने श्रमिकों के अधिकारों पर हमला किया है। पंचायत के लोग इस कार्यक्रम में बताएंगे कि किस तरह से मनरेगा ने उनकी मदद की है और उनके गांवों में विकास कार्य हुआ है इन सब मुद्दों पर इसमें चर्चा की जाएगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि मनरेगा योजना कोविड के समय में करोड़ों लोगो के लिए एक संजीवनी बनी थी। मनरेगा ने लोगों के मन में अपनी जगह बना ली थी। ऐसे में हमने तमाम ऐसी संस्थाओं से संवाद किया, जो किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए काम करते रहे हैं। संवाद और चर्चाओं में एक ही बात निकल कर आई है कि लोगों के अधिकार छीने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में मनरेगा पर संवाद होगा और जो कार्यकर्ता हैं वे अपने विचार रखेंगे। ये वो लोग हैं, जिन्होंने

# क्षमा याचना से मन हल्का होता है: अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीते दिनों प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के साथ घटित घटना को लेकर भाजपा सरकार को नसीहत दी है।

अखिलेश ने कहा कि किसी अन्य की गलती के लिए भी यदि कोई व्यक्ति अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हो, तो भी क्षमा मांगने से कोई छोटा नहीं हो जाता। बल्कि क्षमा याचना से मन हल्का होता है और वातावरण में सकारात्मकता आती है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि महान और विवेकशील लोग जानते हैं कि किसी धृष्टता या अनु. चत व्यवहार के पीछे कई बार किसी अन्य व्यक्ति का व्यक्तिगत कारण अथवा स्वार्थ छिपा होता है। ऐसे में बड़े मन से क्षमा स्वीकार करना और स्नेह-आशीर्वाद देना ही महानता का प्रतीक है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति ने सदियों से क्षमा के महत्व को सर्वोच्च स्थान दिया है और इसी भावना को दर्शाते हुए कहा गया है- 'क्षमा वीरस्य भूषणम।' उन्होंने कहा कि समाज में शांति, सद्भाव और सम्मान बनाए रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

# लखनऊ बना उप्र का पहला 'शत प्रतिशत कचरा संशोधित' शहर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/लखनऊ।** शहरी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है और वह राज्य का पहला 'शत प्रतिशत कचरा संशोधित' (जीरो फ्रेश वेस्ट डंप) शहर बन गया है।

लखनऊ ने यह उपलब्धि 'स्वच्छ भारत मिशन- शहरी' के अंतर्गत लखनऊ नगर निगम (एलएमसी) द्वारा शहर के 100 प्रतिशत ठोस अपशिष्ट (कचरा) के वैज्ञानिक प्रसंस्करण के साथ हासिल की है। इस उपलब्धि की नींव शिवारि ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट) के शुभारंभ के साथ रखी गई, जिसकी प्रसंस्करण क्षमता 700 मीट्रिक टन प्रतिदिन है। इस प्लांट के शुरू होने के बाद लखनऊ नगर निगम के पास अब कुल तीन आधुनिक कचरा प्रसंस्करण संयंत्र हो गए हैं, जिनकी संयुक्त क्षमता 2,100 मीट्रिक टन प्रतिदिन है। इससे शहर में उत्पन्न होने वाले संपूर्ण दैनिक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान संभव हो गया है और खुले में कचरा डंप करने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। लखनऊ करीब 40 लाख की आबादी और 7.5 लाख से अधिक प्रतिष्ठानों वाला एक तेजी से बढ़ता शहरी केंद्र है। बढ़ती आबादी के साथ कचरा प्रबंधन एक बड़ी चुनौती रहा है, जिसे नगर निगम ने वैज्ञानिक अपशिष्ट निपटान, संसाधन पुनर्प्राप्ति और सतत शहरी विकास की बहु-आयामी रणनीति के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया है। नगर निगम और भूमि ग्रीन एनर्जी के सहयोग से स्थापित तीनों संयंत्रों में प्रतिदिन उत्पन्न लगभग 2,000 मीट्रिक टन कचरे का प्रसंस्करण किया जा रहा है। कचरे का 55 प्रतिशत जैविक और 45 प्रतिशत अजैविक वर्गों में बांटा जाता है। जैविक कचरे से कंपोस्ट और बायोगैस का उत्पादन होता है, जबकि अजैविक कचरे को पुनर्चक्रित अथवा रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल (आरडीएफ) में बदलकर सीमेंट और कागज उद्योगों में उपयोग किया जा रहा है।

### खड़गे ने केरल कांग्रेस के नेताओं की दिल्ली में बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केरल विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की दिल्ली में बैठक बुलाई है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि यह बैठक पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में 23 जनवरी को होगी। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा कांग्रेस नेतृत्व एक के बाद एक चुनावी राज्यों के नेताओं के साथ दिल्ली में बैठक कर रहा है। इस वर्ष विधानसभा चुनाव वाले राज्य पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुड्डुचेरी के नेताओं के साथ बैठक का दौर जारी है।कांग्रेस नेतृत्व ने 23 जनवरी को केरल कांग्रेस के अध्यक्ष, प्रभारी और राज्य के वरिष्ठ नेताओं को दिल्ली बुलाया है।



सेंसेक्स 84695.54
निफ्टी 25942.10



सोना रु. 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 243883
प्रति किलो



# शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन टूटा सेंसेक्स में 1282 अंक का उतार-चढ़ाव

मुंबई, वार्ता



ग्रीनलैंड को लेकर जारी वैश्विक अनिश्चितता के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में 1,282 अंक का उतार-चढ़ाव देखा गया। घरेलू स्तर पर रुपये पर जारी दबाव का असर भी देखा जा रहा है।

रुपया फिलहाल मंगलवार के मुक. ाबले 74 पैसे नीचे 91.71 रुपये प्रति डॉलर पर है। भारतीय मुद्रा पहली बार इस स्तर तक टूटी है। सेंसेक्स सुबह 386 अंक नीचे खुला। यह दोपहर से पहले 81,124.45 अंक तक उतरने के बाद दोपहर बाद 82,407.05 अंक तक चढ़ा। इस प्रकार सूचकांक ने एक ही दिन में 1,282 अंक का उतार-चढ़ाव देखा। अंत में पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 270.84 अंक (0.33 प्रतिशत) नीचे 81,909.63 अंक पर बंद हुआ, जो 08 अक्टूबर 2025 के बाद का निचला स्तर है। इससे पहले, मंगलवार को सेंसेक्स 1,066 अंक गिरा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक एक समय 312 अंक तक टूटने के बाद अंत में 75 अंक यानी 0.30 प्रतिशत नीचे 25,157.50 अंक पर बंद हुआ। यह सूचकांक का 14 अक्टूबर 2025 के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 1.10 अंक और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.90 अंक लुढ़क गया। धातु (0.57 प्रतिशत) और तेल एवं गैस (0.27 प्रतिशत) समूहों के सूचकांकों में तेजी रही, जबकि अन्य सभी सेक्टरों के सूचकांक लुढ़क गए। सेंसेक्स की कंपनियों में आईसी आईसीआई बैंक का शेयर दो प्रतिशत के करीब टूटा। ट्रेंट, बीईएल, एचडीएफसी बैंक और एलएंडटी में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही। भारतीय स्टेट बैंक, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में रहे। इटरनल का शेयर पांच प्रतिशत चढ़ा। अल्ट्राटेक सीमेंट और इंडिगो में भी एक से दो प्रतिशत की तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स, पावरग्रिड, टाटा स्टील, टीसीएस, बजाज फिनसर्व और टेक महिंद्रा के शेयरों में भी तेजी रही।

# आने वाले समय में होगा अधिक विद्युत क्षेत्र का विस्तार : मनोहर लाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि बढ़ती अर्थव्यवस्था को आज की कल्पना से कहीं अधिक एक समृद्ध विद्युत क्षेत्र की आवश्यकता है आने वाले समय में विद्युत क्षेत्र का अधिक विस्तार होने वाला है। खट्टर से बुधवार को यहां विद्युत वितरण उद्योग सम्मेलन (ईडीकॉन) 2026 के उद्घाटन के बाद कहा कि बढ़ती अर्थव्यवस्था को आज की कल्पना से कहीं अधिक एक समृद्ध विद्युत क्षेत्र की आवश्यकता है। ऐसे में, हमारे डीएससीओ का मजबूत, समृद्ध और आर्थिक रूप से सशक्त होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। मजबूत डीएससीओ का अर्थ बेहतर सेवाएं और उपभोक्ताओं की जरूरतों के प्रति अधिक संवेदनशीलता है। उन्होंने राज्य विद्युत नियामक आयोगों से लागत के अनुरूप टैरिफ की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने साथ ही विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जरूरतमंद उपभोक्ताओं के लिए लक्षित सब्सिडी सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। खट्टर ने इस दौरान छह अलग-अलग श्रेणियों में 12 वितरण कंपनियों को स्वर्ण और रजत पुरस्कार प्रदान किए।

# चावल, गेहूं, खाद्य तेलों में तेजी दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और खाद्य तेलों में भी तेजी रही, जबकि चीनी की कीमत स्थिर बनी रही। दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपये महंगा हुआ और 2,856 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। वहीं आटे की कीमत 10 रुपये घटी। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख रहा। तुअर दाल और उड़द दाल औसतन छह रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। चना दाल और मूंग दाल पांच-पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। वहीं मसूर दाल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 60 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,154 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.61 प्रतिशत चढ़कर 52.87 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 63 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति में 72 रुपये और सूरजमुखी तेल में 41 रुपये की तेजी रही। पाम ऑयल 37 रुपये मजबूत हुआ। सोया तेल 29 रुपये और मूंगफली तेल 28 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव तीन रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। चीनी कमोबेश पिछले दिवस के स्तर पर ही रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7785.27 रुपये, मसूर काली 8127.73 रुपये, मूंग दाल 10103.95 रुपये, उड़द दाल 10433.24 रुपये, तुअर दाल 10637.48 रुपये प्रति क्विंटल। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.32 रुपये और चावल 3855.86 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3296.16 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4292.49 रुपये और गुड़ 4989.41 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

# अविमुक्तेश्वरानंद ने मेला प्राधिकरण को नोटिस का जवाब भेजा

प्रयागराज, वार्ता

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण के नोटिस का जवाब उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता ए के मिश्रा के माध्यम से भेज दिया है।

अधिवक्ता की तरफ से कल रात आठ पन्नों का प्रयागराज मेला प्राधिकरण को भेजे गए है इस विस्तृत जवाब में मेला प्राधिकरण के आरोपों को सिरे से नकार दिया गया है। नोटिस के जवाब में कहा गया है कि ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी ने जीवनकाल में ही अविमुक्तेश्वरा नंद को उत्तराधिकारी नियुक्त किया था। 11 सितम्बर 2022 को ब्रह्मलीन हुए थे शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज 12 सितम्बर 2022 को वैदिक विधिविधान के साथ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का विधिवत अभिषेक किया गया एवं सार्वजनिक समारोह में शंकराचार्य पद पर प्रतिष्ठापन किया गया था। उच्चतम न्यायालय के संज्ञान में लाया गया कि अभिषेक पहले ही हो चुका था, 14 अक्टूबर 2022 के आदेश में यह तथ्य दर्ज है शंकराचार्य पद पर बने रहने को लेकर किसी भी न्यायालय से कोई स्थगन आदेश नहीं है। श्रृंगेरी, द्वारका और पुरी पीठ के शंकराचार्यों का समर्थन होने का दावा किया गया है। भारत धर्म महामंडल द्वारा भी मान्यता का उल्लेख किया गया है। ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती की पंजीकृत वसीयत को वैध बताया गया है। गुजरात उच्च न्यायालय ने वसीयत को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की थी। यह जानकारी नोटिस के जवाब में दी गई है। विरोधी पक्ष के बयानों को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में मानहानि वाद दायर किया गया था, लेकिन विरोधी द्वारा दायर आवेदन बाद में वापस लिया गया कुछ व्यक्तियों पर उच्चतम न्यायालय में गलत जानकारी देने का आरोप भी लगा था। फर्जी दस्तावेज पेश करने और भ्रम फैलाने का दावा किया गया है। इस नोटिस में प्रयागराज मेला प्राधिकरण के पत्र को अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया गया है। इस प्रशासनिक हस्तक्षेप को असंवैधानिक करार दिया है मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन तीसरे पक्ष के बयान को न्यायाधीन बताया गया है। शंकराचार्य पद को लेकर भ्रम फैलने से सामाजिक और प्रतिष्ठा की क्षति का दावा किया गया है नोटिस के जवाब में यह कहा गया है कि अगर 24 घंटे में अगर मेला प्रशासन ने नोटिस वापस नहीं लेता है तो न्यायालय की अवमानना और शंकराचार्य परंपरा एवं स्वामी जी की छवि धूमिल करने के लिए विधिक कार्यवाही की जाएगी। नोटिस का जवाब प्राधिकरण उपाध्यक्ष को मेल के जरिए भी भेजा गया है।

# कीटनाशकों के ई-कॉमर्स के लिए बनें कड़े कानून: संगठन

नई दिल्ली, वार्ता



कीटनाशक बनाने वाली 17 बड़ी कंपनियों के संगठन 'क्रॉपलाइफ इंडिया' ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इनकी बिक्री के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की है, ताकि घटिया या नकली उत्पादों से किसानों को संभावित नुकसान की स्थिति में जवाबदेही तय की जा सके।

क्रॉपलाइफ इंडिया के अध्यक्ष और क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अंकुर अग्रवाल ने बुधवार को यहां ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर फसलों की सुरक्षा से संबंधित उत्पादों पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन से इतर संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि मौजूदा समय में कीटनाशकों का विनियमन इनसेक्टिसाइड्स एक्ट, 1968 के तहत होता है। सरकार ने साल 2022 में इसमें संशोधन कर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आम उत्पादों की तरह कीटनाशकों की बिक्री के लिए भी अनुमति प्रदान की थी। अब सरकार पेस्टिसाइड मैनेजमेंट विधेयक लाने की तैयारी कर रही है, जिसका प्रारूप तैयार हो चुका है। सरकार ने संगठन से 04 फरवरी तक अपने सुझाव सौंपने के लिए कहा है। विधेयक के प्रारूप का स्वागत करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार विक्रेता को लाइसेंस की जरूरत होती है उसी तरह ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों के लिए भी लाइसेंस या मान्यता अनिवार्य की जानी चाहिए। वर्तमान समय में यह सुनिश्चित करने का कोई तरीका नहीं है कि ऑनलाइन बिक रहा पेस्टिसाइड असली है या नकली। उन्होंने कहा कि यदि कोई कंपनी बिना लाइसेंस के कीटनाशक बेच रही है, तो उस पर भी नकली उत्पाद की तरह ही कार्रवाई होनी चाहिए। कार्यक्रम को केंद्रीय कृषि आयुक्त पीके सिंह और केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड एवं पंजीकरण समिति के सचिव सुभाष चंद ने भी संबोधित किया। अग्रवाल के अनुसार इस समय देश का घरेलू कीटनाशक बाजार लगभग 26 हजार करोड़ रुपये का है और निर्यात 40 हजार करोड़ रुपये है।

उन्होंने कहा कि घरेलू बिक्री में एक प्रतिशत से कुछ कम हिस्सेदारी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की है। इसमें कई बार नकली और घटिया कीटनाशकों की खबरें भी आती हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी तय करने के लिए कोई नियम नहीं होने के कारण उसके माध्यम से नकली उत्पादों की बिक्री और आसान हो जाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर कीटनाशकों पर भारी छूट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं है कि उत्पाद घटिया हों, कंपनियों की बाजार पर कब्जे की कोशिश भी एक कारण हो सकता है।

उन्होंने कहा कि वे किसी अधिकतम या न्यूनतम मूल्य का समर्थन नहीं करते। विधेयक के प्रारूप में प्रावधान है कि कंपनियों को आवेदन के 12 महीने के भीतर लाइसेंस नहीं मिलने पर उसे मंजूर मान लिया जाएगा। अग्रवाल ने इसे उचित बताते हुए इससे सेफ्टी के साथ समझौते की आशंकाओं को खारिज कर दिया। उन्होंने बताया कि आज भी देश में कीटनाशकों का इस्तेमाल काफी कम होता है। यह करीब 500 ग्राम प्रति हेक्टेयर है, जबकि कई विकसित देशों में यह औसत चार-पांच हजार ग्राम प्रति हेक्टेयर है। अग्रवाल ने बताया कि अगले 10 साल में कीटनाशक उद्योग में औसतन 8.10 प्रतिशत सालाना की दर से वृद्धि की उम्मीद है।

# सड़क पर मौत का कहर! अलग-अलग हादसों में बुझी पांच ज़िंदगियां

## टैंकर ने बाइक को टक्कर मारी, दो बहनों की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मुरादाबाद-नूरपुर मार्ग पर तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दो बहनों की मौत हो गयी। जबकि एक का पति घायल हो गयां जिसे गंभीर हालत में मुरादाबाद रैफर किया गया है। हादसे के शिकार लोग नूरपुर में दावत खाकर घर लौट रहे थे। दो बहनों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

मुरादाबाद जिले के कांठ थाना क्षेत्र के गांव साहूपुर में नफीस अहमद का परिवार रहता है। मंगलवार को मुरादाबाद जिले के मझौला थाना क्षेत्र के मोहल्ला करूला के रहने वाले उनके दामाद हैदर अली, बेटी गुलिस्ता खातून और गुलफशा खातून बिजनौर जिले के नूरपुर में अपनी रिश्तेदारी में मुलाकात करने गए थे।





यहां हैदर अली की रिश्तेदारी में दावत भी थी लिहाजा तीनों को वहां से निकलने में देर हो गई। मंगलवार रात लगभग नौ बजे तीनों एक बाइक पर सवार होकर मुरादाबाद वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक कुमखिया थाना क्षेत्र में गांव आलमपुरी के पास पहुंची तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार टैंकर के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार हैदर अली, गुलिस्ता खातून और गुलफशा खातून हवा में उछलकर दूर जा गिरीं। हादसे में तीनों गंभीर घायल हो गए। वहीं, आरोपी चालक कैंटर को लेकर भाग निकला। हादसे के मौके पर जमा स्थानीय लोगों ने हंगामा शुरू ने दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां

**■ हादसे में एक मृतका का पति भी घायल, मुरादाबाद-नूरपुर मार्ग पर हुआ हादसा**

चिकित्सक ने गुलफशा और गुलिस्ता को मृत घोषित कर दिया जबकि प्राथमिक उपचार देने के बाद हैदर अली को मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया, जहां उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। मामले में मृतका गुलिस्ता खातून और गुलफशा खातून के पिता नफीस अहमद ने नौगावां सादात थाने में तहरीर दी थी। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में टैंकर के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी चालक को जल्दी ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## बाइक-ईको की भिड़ंत में महिला की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बाइक ईको की भिड़ंत में महिला की घटना स्थल पर मौत हो गई।

बुधवार को एक तेज रफ्तार ईको वैन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतका अपने पति के साथ मायके जा रही थी। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। थाना धनोरा क्षेत्र के गांव खंसाल निवासी संजय अपनी 35 वर्षीय पत्नी कल्पना के साथ बाइक पर सवार होकर रहरा थाना क्षेत्र के गांव उकावली अपनी ससुराल जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक गजरौला मार्ग पर दीपपुर गेट के समीप पहुँची तभी हसनपुर की दिशा से आ रही एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ईको गाड़ी ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर पीछे बैठी कल्पना सड़क पर गिर गई। और गंभीर चोट आने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुँची। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटना करने वाली कार और उसके चालक को अपनी कस्टडी में ले लिया है। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे ने हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया है। मृतका कल्पना अपने पीछे पति संजय के अलावा 12 वर्षीय बेटे अभि त्यागी और 11 वर्षीय बेटी अवनी त्यागी को रोते-बिलखते छोड़ गई हैं। मां की मौत की खबर मिलते ही बच्चों और मायके पक्ष के लोगों का बुरा हाल है। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। परिजनों द्वारा दी गई

## स्कूटी पेड़ से टकरायी, बी फार्मा के छात्र की मौत

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर पेड़े स टकरायी स्कूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** अमरोहा बिजनौर मार्ग पर मंगलवार देर रात सूत मिल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अनियंत्रित हुई स्कूटी की पेड़ से टक्कर हो गई। हादसे में बी-फार्मा के 23 वर्षीय छात्र फैज की मौके पर मौत हो गई तथा चचेरा भाई अरशद गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की, शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घायल अरशद का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

मृतक फैज शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शिवद्वारा निवासी उस्मान का बेटा था।



उस्मान वर्तमान में परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं तथा गत्ते व जींस का कारोबार करते हैं। उनके परिवार में पत्नी शाहीन के अलावा एक बेटी इल्मा तथा एक बेटा फैज था। इंटर की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह बिजनौर जिले के चांदपुर स्थित एक शिक्षण संस्थान से बी फार्मा कर रहा था तथा पहले

**■ चचेरा भाई घायल, परिजनों में मचा कोहराम**

सेमेस्टर का छात्र था। पेपर देने के लिए फैज दिल्ली से शहर में अपने पुश्तैनी घर आया हुआ था। परिजनों के मुताबिक मंगलवार रात वह घर के पास ही रहने वाले अपने चाचा इस्माइल के हमउम्र बेटे अरशद के साथ खाना खाने के लिए नौगावां सादात स्थित एक होटल गया था। रात लगभग दस बजे दोनों खाना खाकर घर वापस लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक अमरोहा बिजनौर मार्ग पर सूत मिल के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अनियंत्रित हुई इनकी स्कूटी सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हादसे में फैज की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अरशद गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से अरशद को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया तथा शव को कब्जे में लेने के बाद परिजनों को हादसे की जानकारी दी। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। हादसे में क्षतिग्रस्त स्कूटी कब्जे में ले ली है। परिजनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## टायर बदलते डीसीएम चालक को रोडवेज ने कुचला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डिडौली क्षेत्र में हाईवे पर मंगलवार रात गांव ढकिया चमन ओवरब्रिज पर मुरादाबाद डिपो की रोडवेज बस ने डीएसएम का टायर बदल रहे 36 वर्षीय पीलीभीत निवासी चालक अक्षय को रौंद दिया। हादसे में गंभीर घायल चालक की मौके पर मौत हो गई। वहीं, क्षतिग्रस्त हुए वाहनों के बेतरतीब ढंग से खड़े होने की वजह से हाईवे पर काफी देर जाम की स्थिति बनी रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए बिगड़ी हुई



यातयात व्यवस्था को सुचारू कराया। हादसे में जान गंवाने वाला मृतक अक्षय पीलीभीत जिले के हरजान थाना क्षेत्र के गांव नकापि. परी निवासी ओमप्रकाश का बेटा था। अक्षय पेशे से चालक था तथा

**■ हाइवे पर पीलीभीत के चालक की मौत**

डीसीएम चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। मंगलवार रात वह दिल्ली से पानी की मोटरों की पेटियां लेकर लखनऊ जा रहा था। रात में करीब 12:30 बजे अक्षय जब डिडौली क्षेत्र में हाईवे स्थित गांव ढकिया चमन के सामने ओवरब्रिज से गुजर रहा था तभी अचानक डीसीएम का टायर पंचर हो गया। डीसीएस सड़क किनारे खड़ी कर अक्षय टायर बदल रहा था उसी दौरान पीछे से आई मुरादाबाद डिपो की रोडवेज बस ने रौंद दिया। हादसे में अक्षय की मौके पर मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद हाईवे की दिल्ली-मुरादाबाद लाइन पर जाम के हालात बन गए। करीब दो किमी तक वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच-पड़ताल की, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए क्रेन से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परि. जनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## तालाब के दलदल में फंसकर नीलगाय की मौत

### कुत्तों से बचने को तालाब में कूदी थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** मंगलवार देर शाम आवारा कुत्तों से जान बचाने के प्रयास में नील गाय तालाब में कूद गई। गहरे पानी और दलदल के कारण वह उसमें समा गई। वन विभाग और पुलिस द्वारा नील गाय की तलाश की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक जंगल से भागती हुई नीलगाय को आवारा कुत्तों ने दौड़ा लिया था। अपनी जान बचाने के लिए नीलगाय मोहल्ला मुंशीयान स्थित तालाब में कूद गई। तालाब में अधिक कचरा कीचड़ और दलदल होने के कारण नीलगाय काफी देर तक तैरती रही। लेकिन धीरे-धीरे वह गहरे पानी में डूब गई। लोगों ने बताया कि नीलगाय तालाब में फंसकर बाहर निकालने की कोशिश कर रही थी। लेकिन दलदली स्थिति और कूड़े के कारण वह कमजोर होती चली गई। राहगीरों ने जब नीलगाय को तालाब में फंसा देखा तो तत्काल डिडौली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जोया चौकी प्रभारी संजीव कुमार और वन दरोगा नेपाल सिंह टीम लेकर मौके पर पहुंचे। टीम ने तालाब के आसपास और पानी में उतरकर काफी देर तक नीलगाय की तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। आशंका जताई जा रही है की दलदल और गहरे पानी के कारण नीलगाय पानी के अंदर समा गई। वन विभाग द्वारा नीलगाय की तलाश अभी भी जारी है और पूरे मामले पर नजर रखी जा रही है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तालाब में फैले कचरा और गंदगी को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना था कि यदि तालाब की समय-समय पर सफाई की जाती तो शायद नीलगाय की जान बचाई जा सकती थी।

## अस्पताल में शव रखकर परिजनों ने काटा हंगामा

### छात्र की मौत के लिए चिकित्सक को ठहराया जिम्मेदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** चिकित्सकों की लाप. रवाही से छात्र की मौत होने का आरा. `प लगाते हुए परिजनों ने हंगामा काटना शुरु कर दिया। अस्पताल के बाहर एंबुलेंस में शव को रखकर परि. जनों ने जमकर हंगामा काटा। बेटे की लाश से चिपटकर माता-पिता का रो रो कर बुरा हाल था।

कोतवाली क्षेत्र के लुहारी खादर निवासी जय नारायण ने अपने 15 वर्षीय बैटे गौतम को तबीयत खराब होने पर 19 जनवरी की शाम को उपचार के लिए केयर 24 हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया था। लेकिन बुधवार की सुबह करीब 8 बजे गौतम की मौत हो गई। गजरौला हसनपुर बाईपास मार्ग पर केयर 24 के चिकित्सक पर लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने छात्र गौतम पुत्र जय नरायण की मौत के लिए जिम्मेदार ठहरा दिया। सूचना मिलने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र





के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर धुर्वेंद्र कुमार मौके पर पहुंच गये। उन्होंने परिजनों से पूरे मामले की जानकारी ली। खबर लगते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उसके बाद परिजन छात्र के शव को अपने साथ घर ले गये। यदि समय रहते पुलिस मौके पर ना पहुंचती तो बड़ा मामला घटित हो सकता था। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे थे। मृतक के परि. जनों के बयान ले लिए है। जांच कर दोषी पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी। हसनपुर इलाके में इस समय स्वास्थ्य की लापरवाही के चलते लापरवाह चिकित्सक मरीजों की जान लेने पर खुले हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग एक तरह से ऐसे लापरवाह चिकित्सकों को क्लीन चिट देने का काम कर रहा है।

## ब्लाक कर्मी के घर 14 लाख की चोरी

### छत के सहारे घर में घुसे चोर, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ब्लाक कर्मी के घर चोरों ने 70 हजार रूपये की नकदी समेत 14 लाख रूपये के सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिये। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट तो दर्ज कर ली परन्तु पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव मोढी जट की है। यहां पर इब्बन अली का परिवार रहता है। वह अमरोहा ब्लाक में चतुर्थ श्रेणी कर्मी हैं। उनके घर के पास में ही छोटे भाई अलीशेर का मकान बना है। दोनों मकानों की छत आपस में मिली हुई है। जिनके पीछे से जंगल का इलाका शुरू हो जाता है। मंगलवार रात में इब्बन अली पत्नी महरूना के साथ कमरे में सो रहे थे वहीं दूसरे कमरे में उनका बड़ा बेटा राशिद व उसकी पत्नी सानिया जबकि तीसरे कमरे में दो बेटे साजिद व नाजिम सो रहे थे। रात में लगभग दो बजे छत के सहारे चोर उनके घर में कूद गए। इसके बाद चोरों ने कमरों को खंगालते हुए वहां से 70 हजार रुपये की नकदी समेत लगभग 14 लाख रुपये कीमत के सोना-चांदी के जेवरात चुरा लिए। रात में करीब साढ़े तीन बजे जब अचानक इब्बन अली की आंख खुली तो कमरे का सारा सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने शोर मचाकर परिवार के सदस्यों को जगा लिया। आवाज सुनकर गांव में भी जाग हो गई। लोग घरों से बाहर निकल आए। देखते ही देखते इब्बन अली के घर भारी भीड़ लग गई। डायल 112 पर दी गई सूचना के बाद आधी रात में ही पुलिस ने भी मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। उधर, ब्लॉक कर्मी के घर लूटपाट होने का शोर मचने पर बुधवार सुबह सीओ अवधभान भदौरिया ने एसओजी, सर्विलांस व फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया तथा पीड़ित से घटना और चोरी हुए सामान की पूरी जानकारी ली। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शुरुआती जांच में घटना संदिग्ध लग रही है, गहनता से छानबीन कराई जा रही है।

## विवाहिता को जलाकर हत्या का आरोप

### पुलिस ने शव पीएम को भेजा, ससुरालिये घर से फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा में दहेज लोभी पति ने अपनी पत्नी की कमरे में आग लगाकर हत्या कर दी। गांव वालों की सूचना पर मौके पर पहुंचे मायके वालों ने मौके पर पहुंच कर जमकर हंगामा काटा। इस दौरान विवाहिता का पति घटना के बाद मौके से फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव तिगरिया नादिर शाह निवासी सत्यवान सिंह ने अपनी बहन कल्लों की शादी 4 माह पहले हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा निवासी पप्पू के साथ की थी। बुधवार को ग्रामीणों द्वारा कल्लो के मायके



वालों को सूचना मिली कि उसके ससुराल वालों ने उसकी जलाकर हत्या कर दी है। सूचना पर भारी संख्या में मायके वाले मौके पर पहुंच गये। देखा तो कमरे में 28 वर्षीय कल्लों का जलकर शव कोयला बना हुआ पड़ा हुआ था। वही उसके ससुराल वाले मौके से फरार थे। मायके वालों द्वारा इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी, अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाये हैं। मृतका के भाई सत्यवान ने बताया कि उसकी बहन को शादी के बाद से उसकी ससुराल वाले ट्रैक्टर एवं रोटावेटर लाने की डिमांड कर रहे थे। आए दिन उसे प्रताड़ित भी करते थे। दहेज के लिए उसकी बहन की जलाकर हत्या की गई है।अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## तहसीलदार पर पैसे लेकर पर्चा खारिज करने का आरोप

### सपा नेता चन्द्रपाल की अफसरों से नोंकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेश सहकारी शाखा प्रतिनिधि चुनाव में सपा नेता का पर्चा खारिज किये जाने को लेकर अधिकारियों से सपा नेता की नोंकझोंक हो गई। काफी देर तक हंगामा होता रहा।

बुधवार को ब्लॉक सभागार में उत्तर प्रदेश सहकारी शाखा प्रतिनिधि चुनाव में समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव एवं प्रत्याशी चंद्रपाल सिंह सैनी का जैसे ही निर्वाचन अधिकारी एवं तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव ने पर्चा खारिज होने के बारे में बताया तो सपा नेता ने हंगामा काटना शुरु कर दिया। सपा नेता व तहसीलदार के बीच नोंकझोंक होने लगी। जिससे ब्लॉक सभागार में भारी पुलिस पर पहुंच गया। पर्चा निरस्त होने से आहत सपा नेता व तहसीलदार की ब्लॉक सभागार के बाहर भी नोकझोंक होने लगी। वहां मौजूद सीओ पंकज कुमार त्यागी व सपा नेता के बीच नोंकझोक होने लगी। जिससे वहां पर हंगामें की स्थिति बन गई। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने बीच में आकर मामले को शांत करने



का प्रयास किया। सपा नेता चंद्रपाल सिंह सैनी ने प्रशासन एवं बैंक स्टाफ पर आरोप लगाते हुए कहा कि अनुमोदक का वोटर लिस्ट में क्रमांक बदलकर जबरन उनका पर्चा निरस्त किया गया है। प्रशासन भाजपा सरकार के दबाव में काम कर रहा है। सपा नेता का कहना था कि जब इसी तरह चुनाव करवाना है तो फिर यह तैयारी क्यों की जाती है। निर्वाचन अधिकारी एवं तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव ने बताया चंद्रपाल सैनी के अनुमोदक के सीरियल पर नंबर गलत था जिसके चलते पर्चा खारिज किया गया है। सपा नेता चंद्रपाल सिंह सैनी व सीओ पंकज कुमार त्यागी के बीच नोंकझोंक होने से कुछ देर के लिए मौके पर हंगामा की स्थिति बन गई। सपा नेता चंद्रपाल सिंह सैनी ने बताया कि उनके साथ अन्याय किया गया है। उसके खिलाफ वह कोर्ट में जाएंगे। इस मामले में कांठ के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने कहा कि जब सरकार का मंशा चुनाव करना ही नहीं है। भाजपा सरकार लो. कतंत्र की हत्या कर रही है। जब पर्चे निरस्त किये जा रहे हैं तो फिर चुनाव कराने की क्या जरूरत है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 12 साल की सजा

## कोर्ट ने सहयोगी को सुनाई सात साल की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** नाबालिग किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में अदालत ने दोषी को 12 वर्ष कारावास व उसके सहयोगी को 7 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

13 जुलाई 2022 की वारदात आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की थी। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। इसी दिन किसान की 16 वर्षीय बेटी को गांव के रहने वाले दिवाकर ने अपने दोस्त शाकिब की मदद से अगवा कर लिया था। दोनों घर में रखे 1.60 लाख रुपये भी अपने साथ ले गए थे। काफी तलाश करने के बाद भी किशोरी का कोई सुराग नहीं मिला था। मामले में किसान की तहरीर पर पुलिस ने दिवाकर और उसके दोस्त शाकिब के खिलाफ अपहरण व पॉक्सो एक्ट से संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया था। पुलिस ने बाद में किशोरी को बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। किशोरी ने बयान में दुष्कर्म का भी जिक्र किया था लिहाजा पुलिस ने मुकदमे में दुष्कर्म की धाराओं की बढ़ोत्तरी कर दी थी। इसके बाद दिवाकर और शाकिब का चालान कर दिया था। कोर्ट में दोनों के खिलाफ आरोप तय करते हुए चार्जशीट दाखिल की गई थी। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम की कोर्ट में विचाराधीन थी। फिलहाल, दोनों जमानत पर थे। मंगलवार को कोर्ट ने इस मुकदमे की अंतिम सुनवाई की। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर दिवाकर और उसके दोस्त शाकिब को दोषी करार दिया। दोषसिद्ध दिवाकर को अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में 12 साल कारावास तथा 35 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई तो वहीं मददगार दोस्त शाकिब को अपहरण में सहयोग करने के मामले में सात साल कारावास की सजा सुनाते हुए 15 हजार का जुर्माना लगाया।

# बिजौरा मेले में भिड़ीं महिलाएं, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव बिजौरा में लगे बूढ़े बाबू के मेले में महिलाओं के बीच मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए प्रकरण की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

बता दें कि बिजौरा गांव में बूढ़े बाबू का विशाल मेला लगता है जो कि तीन दिन तक चलता है। मंगलवार को मेले में पहले तो युवकों के मध्य विवाद हुआ, फिर युवकों के परिवार की महिलाओं ने एक दूसरे के साथ



■ एक दूसरे पर चांटे और चप्पल मारे

मारपीट शुरू कर दी। एक दूसरे के बाल खींचते हुए, महिलाओं ने एक दूसरे को खूब मारा पीटा। काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। किसी व्यक्ति ने घटना से जुड़ा वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया जो कि काफी देखा जा रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर जांच की जा रही है, पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# बस ने कार में साइड मारी, चालक ने पीछा कर रुकवाई बस

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रोडवेज बस की साइड लग जाने के बाद कार चालक ने पीछा करके बस चालक को कुछ दूरी पर रुकवा लिया। दोनों चालक एक दूसरे की गलती बताते हुए नोंकझोंक करने लगे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कराया। वहीं बस में सवार यात्री परिचालक से टिकट के पैसे वापस मांगने को लेकर गुहार लगाते रहे। जानकारी के अनुसार बुधवार को बिजनौर जनपद के चांदपुर डिपो की बस दिल्ली जा रही थी। पूर्वान्ह के समय कुमराला चौकी के पास बस ने एक कार को साइड मार दी। उस समय तो बस चालक वहां से भाग आया मगर कार चालक ने पीछा करके उसे कुछ दूरी पर ही रुकवा लिया। कार चालक ने रोडवेज बस चालक की गलती बताते हुए काफी देर तक नोंकझोंक की। वहीं बस रुक जाने के बाद बस में सवार यात्री परिचालक से पैसे वापस करने या फिर बस को आगे चलाने की गुहार लगाते रहे। इसी बीच पुलिस भी मौके पर आ गई और दोनों वाहनों के चालकों को समझा बुझाकर सड़क से साइड कराया और तहरीर देने को कहा, लेकिन किसी भी पक्ष ने तहरीर नहीं दी। काफी देर तक यहां पर हंगामे की स्थिति बनी रही। बाद में दोनों पक्षों के बीच फैसला हो जाने के बाद वे अपने-अपने वाहन लेकर रवाना हुए। विवाद समाप्त होने के बाद बस चलने पर ही यात्रियों ने राहत की सांस ली।



# चीनी मिल से निकलने वाली छाई पर रोक लगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन भारत भूमि ने हसनपुर क्षेत्र स्थित कालाखेड़ा चीनी मिल द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण और किसानों को हो रहे नुकसान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन के जिला अध्यक्ष शमशेर अली सैफी के नेतृत्व में एक ज्ञापन ज्ञापन चीनी मिल के जीएम गुलशन कुमार को सौंपा। यूनियन का आरोप है कि चीनी मिल से निकलने वाली राख (छाई) के कारण आसपास के वातावरण में भारी प्रदूषण फैल रहा है। बार-बार अवगत कराने के बावजूद मिल प्रबंधन इस पर नियंत्रण पाने में विफल रहा है। किसानों का



कहना है कि मिल द्वारा किए जा रहे दीवार निर्माण कार्य के दौरान कई किसानों की खड़ी फसलें नष्ट कर दी गई हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है। चीनी मिल से निकलने वाली राख और प्रदूषण पर तत्काल रोक लगाई जाये। नष्ट हुई फसलों का उचित मुआवजा किसानों को दिलाया जाए। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए मिल प्रबंधन अपनी नीतियों में सुधार करे। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस पत्र पर शमशेर सैफी, मोहम्मद फरीद,डॉक्टर मिंटू सागर, सादुल्लाह, शहाबुद्दीन अली, नन्हे सिंह, नदीम सैफी, इश्तियाक, मोहम्मद फरीद,मारूफ आदि मौजूद रहे हैं।

# एसपी के निर्देश पर हटाई चौकी के सामने की बैरेकेडिंग

## चौपला व नगर क्षेत्र के व्यापारियों ने एसपी से की थी मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** व्यापारी संगठन की मांग पर एसपी ने नगर के चौपला चौकी के सामने यातायात नियंत्रण के लगाई गई बैरिकेडिंग हटवा दी। अब धनौरा दिशा से आने वाले वाहन सीधे गुजर सकेंगे जबकि हसनपुर दिशा से आने वाले वाहन पहले की तरह ही घूमकर गुजरेंगे ताकि चौकी के सामने एकदम से ही यातायात का दबाव न बढ़े। एसपी ने व्यापारियों से आह्वान किया कि वे जाम से नियंत्रण कराने में अपना सहयोग दें और समय समय पर राय मशविरा करते रहें।

बता दें कि नगर के चौपला पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद ने कुछ समय पहले डिवाईडर लगवाकर एक व्यवस्था बनाई थी। जिसके बाद से ही कुछ लोग और व्यापारी इसके विरोध में थे, उनका तर्क था कि इस नई व्यवस्था से चौपला पर जाम के हालात और भी ज्यादा बन रहे हैं, मगर पुलिस का कहना था कि नई व्यवस्था जाम से निजात दिलाने में उपयोगी साबित हो सकती है इसलिए इसका प्रयोग करके देखा जाए। बुधवार को व्यापारी संगठन की मांग पर एसपी अमित कुमार आनंद चौपला पर पहुंचे और व्यापारियों से बातचीत करके चौकी के सामने लगाए गए बैरिकेडिंग हटवा दिए गए। अब धनौरा दिशा से आने वाले वाहन सीधे ही चौकी के सामने से निकल सकेंगे जबकि हसनपुर दिशा से आने वाले वाहन घूमकर ही निकलेंगे, ताकि यातायात को नियंत्रित किया जा सके। इस मौके पर नगर अध्यक्ष व्यापार मंडल राजीव मित्तल, मुकेश गर्ग, विवेक अग्रवाल, जुगल जिंदल, अंकुर नागर, शैलेश अग्रवाल, रोहन बंसल, अनिल बंसल, शोभित गर्ग, प्रियंक अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, विवेक, नीरज, सुधांशु, विनोद गर्ग, मकसूद अहमद. आदि व्यापारी मौजूद रहे।

**अतिक्रमण भी जाम लगने का बड़ा कारण**

नगर के चौपला क्षेत्र, हसनपुर रोड, नाईपुरा दिशा आदि चारों तरफ पसरा अतिक्रमण भी जाम का एक बड़ा कारण है। जाम के कारण वाहनों को उचित स्थान नहीं मिल पाता, साथ ही कुछ लोग गलत तरीके से वाहन भी खड़े कर देते हैं। इस स्थिति पर भी नियंत्रण पाना होगा।

# रामलीला ग्राउंड की बाउंड्री से रोजी रोटी का संकट

## ठेले वालों ने काटा हंगामा, सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के रामलीला मैदान में बन रही बाउंड्रीवाल को लेकर बुधवार को गरीब रेहड़ी-पटरी दुक. ानदारों में भारी नाराजगी देखने को मिली। पर्यटन विभाग की ओर से करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से रामल. ीला मैदान की चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। इसी मैदान और थाना रोड के आसपास पिछले कई वर्षों से ठेले, खोखे और रेहड़ी लगाकर परिवार का पालन-पोषण करने वाले दुकानदारों को हटाने की सूचना मिलने पर विवाद खड़ा हो गया।

बुधवार को कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल की टीम अधिकारियों के साथ रामलीला मैदान पहुंची। टीम के वहां पहुंचते ही दुकानदारों ने विरोध शुरू कर दिया। दुकानदारों का कहना था कि वे बरसों से यहीं दुकान लगाकर अपने बच्चों का पेट पाल रहे हैं। अचानक दुकानें हटाने से उनके सामने



रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। टीम में शामिल अधिकारी विनीत बिश्नोई ने बताया कि वह लोग दुक. ानदारों को हटाने नहीं, बल्कि शासन के आदेश की जानकारी देने पहुंचे थे। उन्होंने कहा, रामलीला मैदान में शासन के आदेश पर बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। इसी को लेकर हम लोग दुकानदारों को पहले से सूचना देने आए थे, ताकि वे अवगत हो सकें। किसी के साथ जबरदस्ती की कार्रवाई नहीं की जा रही है। दुकानदारों का कहना है कि वे मोहल्ला महादेव और थाना रोड क्षेत्र के निवासी हैं और बेहद गरीब परिवारों से ताल्लुक रखते हैं। ठेला-खोखा ही उनकी आमदनी का एकमात्र साधन है। यदि यहां से हटा दिया गया तो उनके परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएंगे। मौके पर बात न बनने पर सभी दुकानदार एकजुट होकर तहसील मुख्यालय पहुंचे। तहसील परिसर में दुकानदारों ने प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि या तो उन्हें पहले की तरह वहीं व्यापार करने दिया जाए या फिर प्रशासन द्वारा किसी दूसरी जगह ठिया दिलाया जाए। एसडीएम में शिकायत सुन आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।प्रदर्शन में शीशपाल सैनी, भगवतराम सैनी, ओमकार, धर्मवीर, सोनू सैनी, बलवीर सिंह, महेंद्र सिंह, भोला, ओमप्रकाश, महिपाल सैनी, अतर सिंह, विकास बंसल, राधेश्याम, अमर सिंह सैनी, लाल बाबू, नरेश सैनी, अशोक सैनी, अशोक कुमार, ममता सहित दर्जनों दुकानदार और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# सड़क व नाला बनवाने की मांग को प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** खादगूजर तिराहे से बस्ती की तरफ जा रहे बाईपास मार्ग पर गड्ढों, कीचड़ और जगह जगह भरे पानी से निजात दिलाने के लिए नागरिकों ने एकत्र होकर प्रदर्शन किया और जल्द ही नाला बनवाने और सड़क बनवाने की मांग की।

बता दें कि बस्ती बाईपास मार्ग की हालत बहुत खराब है जगह जगह कीचड़ और पानी भरा हुआ है। यहां से आवागमन करने में छात्र-छात्राओं और स्थानीय लोगों और कई गांवों के राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को स्थानीय निवासी निवासी एकत्र होकर सामाजिक कार्यकर्ता तेजवीर सिंह अलुना के आवास पर पहुंचे और और गंदे पानी और कीचड़ से



मुक्ति दिलाने के लिए आवाज उठाने के लिए अपील की। इसके बाद सभी लोग एकत्र होकर सड़क पर पहुंचे और प्रदर्शन करके रोष व्यक्त करते हुए नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग से सड़क व नाला निर्माण आदि की मांग की। तेजवीर अलूना ने बताया कि लोनि. वि ने भरोसा दिया है कि जल्द ही यहां पर सड़क बनवाई जाएगी और पालिका ने जल्द नाला निर्माण की बात कही है।

# एसडीएम ने लिया तेवा फैक्ट्री का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जिलाधिकारी निधि

■ डीएम के निर्देश पर मिटटी और जल के नमूने भी लिए

गुप्ता वत्स के निर्देशों के क्रम में बुधवार को तेवा एपीआई लिमिटेड कंपनी का गठित समिति द्वारा उपजिलाधिकारी चंद्रकांता की अध्यक्षता में निरीक्षण किया। यहां से मिटटी की गुणवत्ता व जल आदि के सैम्पल भी लिए गए।

बुधवार को निरीक्षण के दौरान इकाई संचालित अवस्था में पायी गयी। इकाई में मिट्टी की गुणवत्ता हेतु मिट्टी के सैम्पल लिये गये। इकाई में हैण्डपम्प के पानी की गुणवत्ता हेतु जल का सैम्पल लिया गया। निरीक्षण उपरान्त इकाई के ईटीपी प्लान्ट का निरीक्षण





किया गया जो सही रूप से स्थापित एवं कार्यरत पाया गया।इकाई के जल/वायु प्रदूषण नियन्त्रण माप पाया गया। इकाई में नगर पालिका गजरौला के सीवरेज का पानी भी पाया गया। औद्योगिक अपशिष्ट जल का किसी भी प्रकार से खुले में प्रवाह नहीं पाया गया। इकाई द्वारा कृषि भूमि की सुरक्षा हेतु आवश्यक सावधानियाँ अपनायी जा रही हैं। इकाई में बॉयलर का निरीक्षण किया गया। परिसर के बाहर जल और मिट्टी के सैम्पल लिये गये। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग डॉ. शैलेंद्र सिंह, प्रदूषण विभाग और जल निगम के अधिकारी सहित सम्बंधित उपस्थित रहे।

## एक नजर

### विशाल का यूपी अंडर-23 में चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** द आर्यंस क्रिकेट अकादमी के होनहार खिलाड़ी विशाल तोमर का चयन यूपी अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी के लिए हुआ है। यह जानकारी अकादमी के कोच चमन सिंह और अमरोहा डिस्ट्रिक्ट के कन्वीनर अमन लिट ने संयुक्त रूप से दी। विशाल के चयन की खबर से अकादमी सहित खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। कोच चमन सिंह ने बताया कि विशाल तोमर एक बेहद मेहनती, अनुशासित और प्रतिभाशाली फास्ट बॉलर हैं। वह लगातार लगभग 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने की क्षमता रखते हैं। अपनी शानदार बॉलिंग के दम पर विशाल ने न सिर्फ जिले में बल्कि मुरादाबाद मंडल स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने अपने दम पर कई टूर्नामेंटों में टीम को जीत दिलाकर अकादमी और जिले का नाम रोशन किया है।

### कूड़े के ढेर में दबाया मृत जानवर, लोग परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** नगर पंचायत क्षेत्र के नखासा बाजार में मृत जानवर को नगर पंचायत की जेसीबी की मदद से वहीं दबा दिया गया। यह स्थान घनी आबादी के बीच स्थित है, जहां आसपास के क्षेत्रों का कूड़ा भी इकट्ठा कर ढेर लगाया जाता है। नखासा बाजार से गुजरने वाली सर्विस रोड से आने-जाने वाले राहगीरों को कूड़े के ढेर से उठने वाली दुर्गंध का सामना करना पड़ता है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है। बताया गया कि जब मृत जानवर को दबाया जा रहा था, तब मौके पर मौजूद मोहल्लेवासियों ने इसका विरोध भी किया, लेकिन नगर पंचायत कर्मियों ने उनकी बात नहीं मानी और जानवर को उसी स्थान पर दबा दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि आबादी के बीच इस तरह मृत जानवर को दबाना स्वास्थ्य के लिए खतरा है। उन्होंने नगर पंचायत से इस मामले में उचित कार्रवाई करने और कूड़ा निस्तारण व मृत पशुओं के निपटान की व्यवस्था आबादी से दूर करने की मांग की है।

### पशुओं की चर्बी के साथ युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो नौगांवा सादात।** थाना पुलिस ने कार सवार युवक को पशुओं की 50 किलो चर्बी के साथ गिरफ्तार किया है। दरोगा की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान किया गया है। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि थाने में तैनात दरोगा गजेंद्र सिंह मंगलवार शाम पुलिस टीम को साथ लेकर कस्बे में बुद्ध बाजार चौराहे पर गश्त कर रहे थे। उसी दौरान शक होने पर कार सवार एक युवक को रोक लिया। तलाशी में उसकी कार से पशुओं की 50 किलो चर्बी बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम जुनैद निवासी मोहल्ला दानिशमंदान नगर कोतवाली अमरोहा बताया। सीओ ने बताया कि आरोपी जुनैद संभल में किसी कारोबारी से चर्बी खरीदकर लाने के बाद उन्हें कस्बे की मीट की दुकानों पर बेचता है। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।

# राष्ट्र हित में एकजुट हो हिन्दू समाज: रूपेन्द्र महाराज

## महामंडलेश्वर का धनौरा में स्वागत, हिन्दू एकता पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** हरिद्वार से बबराला शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम में जाते समय महामंडलेश्वर रूपेन्द्र महाराज का निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी के पेट्रोल पंप पर कुछ समय के लिए रुके। यहां राजेश सैनी ने भाजपा कार्यकर्ताओं व हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ उनका स्वागत किया।

इस मौके पर महामंडलेश्वर रूपेन्द्र महाराज ने कहा कि हिंदू धर्म को आगे बढ़ाने, समाज को संगठित करने और राष्ट्र हित के कल्याण के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना चाहिए। उन्होंने बढ़ती जनसंख्या और पर्यावरण संरक्षण पर भी अपने विचार रखे और कहा कि प्रकृति को बचाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है।महामंडलेश्वर के आगमन पर निवर्तमान चेयरमैन राजेश सैनी ने फूल-माला पहनाकर और शाल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। साथ ही स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इस अवसर पर बजरंग दल के जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, प्रांतीय गौ रक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत, विनेश सैनी, सौरभ सैनी, सतपाल सैनी, अभिषेक सैनी, रामकिशोर सैनी, सुनील प्रजापति, राजवीर, सोनू सैनी, वीर सिंह सैनी (पूर्व सभासद) सहित बजरंग दल और भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# महिलाओं को दिया डेयरी प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** स्पर्श सोशल फाउंडेशन द्वारा डेयरी आधारित प्रशिक्षण का आयोजन उमंग डेयरी परिसर में किया गया, जिसमें आसपास के गांवों में पशुपालन करने वाली 55 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्पर्श सोशल फाउंडेशन के सीनियर मैनेजर एस.आनंद ने किया। उन्होंने स्पर्श के कार्यों और गतिविधियों के बारे में बताते हुए इस प्रशिक्षण का महत्तव भी बताया। प्रशिक्षण में इमरान ने निताारा एप के बारे में जानकारी देते हुए एप और पशुओं की जानकारी अपलोड करने की जानकारी दी। इस अवसर पर चिकित्सक डॉ.बृजेश सिंह, स्पर्श के कार्यक्रम प्रबंधक मिरनाल पॉल, अजमेर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर कृष्ण गोपाल शिवप्रसाद, दिनेश मेहर, अरविन्द, हेमन्त, सुमन, प्रेमवती मौजूद रहीं।

# बगैर अतिक्रमण हटे नहीं खुलेगा चौपला जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** बुधवार को व्यापारियों के अनुरोध पर पुलिस ने चौपला चौराहे पर जाम से निजात दिलाने के उद्देश्य से लगाई गई बैरिकेडिंग को हटवा दिया। हालांकि, इसके बावजूद जाम की समस्या पूरी तरह खत्म होना मुश्किल नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि चौपला क्षेत्र में कुछ दुकानदारों द्वारा ठेले और फड़ वालों से अवैध अतिक्रमण कराया गया है, जिसके बदले उनसे हर माह मोटी रकम वसूली जाती है। यही अवैध अतिक्रमण चौपला पर लगने वाले जाम का बड़ा कारण बना हुआ है। अब सवाल यह है कि व्यापारी अपने ही साथी व्यापारियों द्वारा कराए गए अतिक्रमण पर क्या रुख अपनाते हैं और पुलिस प्रशासन को जाम से निजात दिलाने में कितना सहयोग करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक अवैध अतिक्रमण नहीं हटेगा, तब तक चौपला को जाम की समस्या से स्थायी राहत मिलना संभव नहीं है।

# 'दीदी की दुकान' की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन और बी-एबल फाउंडेशन द्वारा संचालित 'दीदी की दुकान' परियोजना की मासिक बैठक में कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए संचालिकाओं से फीडबैक लिया गया। बुधवार को जुबिलेंट के सीएसआर सेंटर पर आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि, महिलाओं को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से दीदी की दुकान नामक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इसी के साथ ही पे नियर बाय कंपनी के साथ साझेदारी की गई है, जिसके तहत इन महिलाओं को डिजिटल सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। बैठक के दौरान आयोजित प्रशिक्षण में महिलाओं को बैंकिंग और फाइनेंशियल सेवाएं प्रदान करना सिखाया गया। इस मौके पर अवधेश सिंह, पारस कुमार, लीड सीएसआर देवीना कमल, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर चंदन कुमार, बूंदी सिंह, नवनीत ग्रोवर तथा बी-एबल से साजिद पाशा और नासिर खान उपस्थित रहे।

# लिंटर के नीचे दबकर मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** लिंटर तोड़ते समय गृह स्वामी की लिंटर के नीचे दबने से गम्भीर रुप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए ले जाते समय मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया।





प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला इमामबाड़ा निवासी वसीम अहमद (45 वर्ष) पुत्र अब्दुल रशीद अंसारी अपने पुराने मकान को दोबारा बनाने के लिए अपने लिंटर को खुद तोड़ रहा था। अचानक लिंटर भरभरा कर उसके ऊपर गिर गया और मकान स्वामी लिंटर में दब गया। लिंटर गिरने की खबर लगते ही आसपास के लोग मौके पर पंहुचे और उसे लिंटर के नीचे से निकालकर उसे उपचार हेतु धामपुर ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे चार पुत्रियों व एक पुत्र सहित भरे पूरे परिवार को रोता बिलखता छोड़ गया। बताया जाता है कि मृतक सांप आदि जहरीले जीवों के काटने का भी इलाज करता था। वहीं वसीम की मौत से परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

## निर्गत नोटिसों की सुनवाई शुरू

**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह तथा मुख्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। उन्होंने बताया कि माननीय आयोग द्वारा दावे और दावे आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 06.01.2026 से 06.02.2026 तक नियत की गयी है। उक्त अवधि के दौरान ईआरओ / एईआरओ / अतिरिक्त एईआरओ द्वारा 15.01.2026 को निर्गत किये गये नोटिस की सुनवाई आज से प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त दिनांक को सभी नियत किये गये स्थान पर उपस्थित रहकर कम से कम 150 प्रति निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नोटिसों पर सुनवाई करेगे एवं सुनवाई के दौरान माननीय आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार दस्तावेज लेकर मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करना सुनिश्चित करेंगे तथा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि नोटिस की सुनवाई किये जाने वाले स्थान पर न्यूनतम मूलभूत सुविधा होनी चाहिये। इसके अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित को निर्देशित किया कि माननीय आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार स्वीप योजना के अन्तर्गत 25 जनवरी को मनाये जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं उससे पूर्व की जाने वाली गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाये।

## एक नजर

### छात्राओं को किया सम्मानित



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में मंडल में प्रथम आने पर छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया। मण्डल स्तरीय 'हमारी संस्कृति हमारी पहचान' संस्कृति उत्सव 2025-26 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कन्या इंटर कॉलेज धामपुर की छात्राओं आयशा, गौरी, वंशिका, सिमरन, प्रिया, अंशिका, दीपिका, मनिका ने समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय लौटने पर प्रबंधक शलभ कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार एवं प्रधानाचार्या रेखा देवी द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया एवं स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं सुषमा शर्मा, विनोद शर्मा एवं लाल सिंह धर्मवती उपस्थित रहीं और छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या ने कहा कि छात्राओं की यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पण का परिणाम है।

### सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई




**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता एवं मानव श्रंखला बनायी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अनुशासी प्रो. एस.एल. पाल ने की। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों की सोच, व्यवहार एवं संस्कृति को परिवर्तित करना है। जिससे दुर्घटनाओं में कमी आए एवं जान-माल की सुरक्षा हो सके। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.राजेश कुमार ने बताया कि यह अभियान नागरिकों की जिम्मेदारी है। इसमें विद्यार्थियों को शामिल कर जागरूकता उत्पन्न करना है। इस कार्यक्रम की थीम 'परवाह करेंगे, सुरक्षित रहेंगे'। कार्यक्रम में डॉ. एस.एस. कटियार, प्रो. रामकुमार सिंह, मदनपाल सिंह, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. विवेक यादव, देवेश पाठक, गोपाल कृष्ण तिवारी, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. विनय दुआ, धनीराम, डॉ. भूदेव सिंह आदि शिक्षक तथा अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**नजीबाबाद।** ग्राम पंचायत गुनियापुर के प्राथमिक विद्यालय मे ग्राम प्रधान रविंद्र सिंह सहरावत ने देहरादून के प्रसिद्ध कैलाश हास्पिटल के सौजन्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कैलाश हास्पिटल से आए डा. नितिन, डा. यज्ञा, डा. अंकित आदि उपस्थित रहे। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डा. यज्ञा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. राम अवतार व जनरल फिजिशियन डा. नितिन द्वारा क्षेत्र के लगभग 200 ग्रामीणों का विभिन्न रोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करा कर लाभ दिलाया व नि:शुल्क दवाई उपलब्ध करायी गई। शिविर आयोजन में कैलाश हास्पिटल देहरादून की तरफ से अभिषेक त्यागी, अभिनाश शर्मा, हेमंत त्यागी, अभिषेक रावत, नेहा आदि का सहयोग रहा। साथ ही भारतीय हिन्दु परिषद अखंड भारत सनातन आर्मी से प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार प्रताप ने इस सराहनीय कार्य के लिए समस्त डॉक्टरों टीम व ग्राम प्रधान रविंद्र सहरावत का धन्यवाद करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सड़कों का मरम्मत कार्य शुरू

**नगीना।** नगर का भ्रमण करके नगीना सांसद ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके जल्द से जल्द समाधान के आश्वासन दिए। इस दौरान उन्हें जल बोर्ड द्वारा नई पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़कों की ठीक प्रकार से मरम्मत न होने की कई शिकायतें प्राप्त हुईं। सांसद ने शिकायतों का संज्ञान लेकर नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी को समाधान हेतु कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। असलम सिद्दीकी द्वारा इस संबंध में जल निगम के अधिकारियों से वार्ता की गई, जिसके पश्चात नगर में हर ओर नगर पालिका व जल बोर्ड द्वारा मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है।

### विकास कार्यों में धांधली की जांच



**नहटौर।** ग्राम पंचायत बैरमाबाद गढ़ी निवासी नसीम अहमद, नासिर अहमद, मकसूद, मौ. हमीम, मौ. अशरफ तथा सुहैल अलताफ ने जिलाधिकारी को शिकायत भेजते हुए ग्राम प्रधान द्वारा गांव में कराए गए विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। आज जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सौरभ कुमार के नेतृत्व में गठित टीम के सुमित कुमार, आकाश कुमार, जेई नरेंद्र कुमार तथा पंचायत सचिव रवनील कुमार ने गांव पहुंचकर शिकायतों की जांच की। ग्राम प्रधान अखरीदा का कहना है कि गांव में सभी कार्य निर्धारित मानकों और उच्च गुणवत्ता के साथ कराए गए हैं। जांच टीम के समक्ष सभी तथ्य मजबूती से रखे गए हैं। उन्हें विश्वास है कि जांच रिपोर्ट में विकास कार्यों की पारदर्शिता स्पष्ट हो जाएगी। जांच अधिकारी सौरभ कुमार ने बताया कि शिकायतों की जांच कर ली गई है। रिपोर्ट जल्द ही जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी

**शेरकोट।** आशा देवी पत्नी थम्मन सिंह निवासी ग्राम इलावास थाना नहटौर ने पिछले कुछ दिनों से अपनी बेटी के घर मौहल्ला समना सराय में रह रही थीं। आरोप है कि 19 जनवरी 2026 की शाम लगभग पांच बजे उनकी बेटी के जेठ बाबू पुत्र रामस्वरूप तथा उनके पुत्र अंकित, दीपक और अभिषेक पुत्र स्वरूपचन्द्र ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता का आरोप है कि विवाद के दौरान उसके सोने के कुंडल भी गायब हो गए। इस मामले में थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। जांच पूर्ण होने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एकमात्र नामांकन से मुकेश चौहान का निर्विरोध शाखा प्रतिनिधि बनना तय

## 27 जनवरी को होगी घोषणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** उ.प्र. सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. नगीना शाखा प्रति. निधि के लिए हो रहे चुनाव में भाजपा के मुकेश चौहान ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ ब्लॉक कोतवाली जाकर अपना नामांकन कराया। नामांकन के अंतिम समय 20 जनवरी शाम 5 बजे तक किसी और प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया। इस प्रकार मुकेश निर्विरोध चुने जाएंगे, जिनकी घोषणा 27 जनवरी को की जाएगी।

उ.प्र. सहकारी विकास बैंक लि. शाखा नगीना के प्रतिनिधि पद के लिए 27 जनवरी को चुनाव होना है। 20 जनवरी को निर्वाचन अधिकारी पीडब्ल्यूडी जेई रविंद्र कुमार व शाखा प्रबंधक विद्या शंकर पाल कि देख-रेख में विकासखंड कोतवाली के सभागार में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई। नगीना अंबेडकर नगर निवासी भाजपा के मुकेश कुमार पुत्र स्व. कृपाल सिंह चौहान सैकड़ों समर्थकों के साथ विकासखंड कोतवाली पहुंचे और अपना नामांकन कराया। नामांकन भरने का पहला और आखिरी दिन था। दूसरा नामांकन होने के इंतजार में निर्वाचन अधिकारी और शाखा प्रबंधक अपनी टीम के साथ शाम 5 बजे तक मौजूद रहे लेकिन शाखा प्रतिनिधि पद के लिए कोई भी दूसरा नामांकन करने कोई नहीं पहुंचा। इस प्रकार एकमात्र नामांकन केवल मुकेश चौहान का ही हो सका। इस तरह मुकेश कुमार चौहान को शाखा प्रतिनिधि के लिए निर्विरोध मान लिया गया है।

उधर शाखा प्रबंधक विद्या शंकर पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड शाखा प्रतिनिधि पद के लिए 27 जनवरी को मतदान होना है, जिसमें 7680 मतदाता अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाते। लेकिन एक ही पर्चा दाखिल होने से अब मतदान करने की संभावनाएं खत्म हो गई हैं। मुकेश चौहान जिनका एकमात्र नामांकन पत्र भरा गया है, उन्हीं के नाम की घोषणा आधिकारिक रूप से 27 जनवरी को की जाएगी।

उधर क्षेत्रीय भाजपा मंत्री अनूप वाल्मीकि, कृष्ण बलदेव सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष पति सौरभ मित्तल, लवी मित्तल, नीरज विश्नोई, प्रमोद कुमार, अरविंद गहलोत आदि ने मुकेश चौहान को शाखा प्रतिनिधि के लिए निर्विरोध चुने जाने पर खुशी जताई। इस मौके पर सैकड़ों भाजपाई मौजूद रहे।

# प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला ओटीडी सेल एवं पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे एनुअल सर्वे का यूनिकारपोरेटेड सेक्टर एंटरप्राइजेज से संबंधित बैठक आयोजित हुई।



जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक रियल एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाना प्रदेश के मुख्यमंत्री की संकल्पना का प्रतिनिधित्व करता है। राज्य सरकार ने 2027 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य बना रखा है, क्योंकि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है, जिसके क्रम में राज्य के अंतर्गत संचालित समस्त आर्थिक गतिविधियों का राज्य आय में योगदान को बढ़ाना और उक्त योगदान का राज्य आय में सही आकलन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य घरेलू उत्पादन के अनुमान के लिए राज्य की आर्थिक गतिविधियों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित मेथाडोलॉजी के आधार पर प्राइमरी, सेकेंडरी एवं टेरिटरी सेक्टर में विभाजित किया गया है। इन समस्त खण्डों के योगदान की गणना इकाईयों के उत्पादन, मूल्य वेजेस एवं एम्प्लॉयमेंट आदि के आंकड़ों के अनुसार की जाती है। उन्होंने कृषि, विद्युत, उद्यान, परिवहन सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि 2 दिन के भीतर विभागीय आंकड़ों का मिलन संबंधित पोर्टल पर करना सुनिश्चित करें ताकि जिले की प्रगति किसी भी रूप में प्रभावित न होने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की यदि आंकड़ों का मिलान जिला स्तर पर संभव नहीं हो तो उनके द्वारा विभागीय उच्च अधिकारियों को उक्त संबंध में पत्र लिखवाना सुनिश्चित करें ताकि आंकड़ों को सही रूप में पोर्टल पर अपलोड किया जा सके।

जिलाधिकारी द्वारा पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे एनुअल सर्वे का यूनिकारपोरेटेड सेक्टर एंटरप्राइजेज से संबंधित बैठक से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि रोजगार तथा बेरोजगारी की स्थिति को मापने के लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम अभियान मंत्रालय के तहत आयोजित सर्वेक्षण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें ताकि अधिक नियमित समय अंतराल पर श्रम बाल डाटा की उपलब्धता के महत्व को ध्यान में रखते हुए इस सर्वे कार्य को शुरू किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री लक्ष्मी देवी एवं धर्मवीर सिंह सहित अन्य सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# मुस्लिम भाईचारा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह

## पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कपड़ा बाजार में मुस्लिम भाईचारा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सुधीर कुमार को मुस्लिम भाईचारा कमेटी का जिला संयोजक / जिलाध्यक्ष बिजनौर नियुक्त किया गया। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार आजाद समाज पार्टी काशीराम के तत्वावधान में नहटौर विधानसभा उपाध्यक्ष विरेन्द्र बोध के संचालन में मुस्लिम भाईचारा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन व पार्टी को मजबूत करने व महापुरुषों की विचारधारा के बारे में बताया गया। आसपा नेता प्रताप सिंह ने पार्टी की नीतियों के बारे में बताते हुए कहा कि पार्टी गरीबों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों के हितों के लिए हमेशा खड़ी हुई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरिफ मलिक (प्रदेश सचिव व मण्डल प्रभारी मुस्लिम भाईचारा), विशिष्ट अतिथि प्रताप सिह आसपा नेता, रमेश कुमार गंधर्व (प्रदेश सचिव मण्डल प्रभारी) मुरादाबाद, बाबू सराफरत अली (प्रदेश सचिव मण्डल प्रभारी) मुरादाबाद, नरेश फौजी (मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष मुस्लिम भाईचारा), ओमपाल बालियान (सासंद प्रति. निधि नूरपुर), एडवोकेट सचिन चौधरी (मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा मुरादाबाद) शीतल आजाद, हरज्ञान प्रजापति (मण्डल प्रभारी) भाईचारा कमेटी, शाकिर प्रधान, सतेन्द्र चौधरी (जिला उपाध्यक्ष), शाकिर प्रधान, बहार आलम (विधान सभा अध्यक्ष) नहटौर, जीतू सिंह (संगठन मंत्री) युवा मोर्चा, सतपाल सिंह (जिला सचिव) नहटौर, शारुख कफील (नगर अध्यक्ष) नहटौर, फैजान चौधरी युवा विधान सभा अध्यक्ष) नहटौर, इकबाल अहमद (नगर अध्यक्ष किसान मोर्चा) नहटौर जावेद जाट, कृष्ण कुमार विधानसभा चांदपुर किसान मोर्चा, शमी अहमद (नगर उपाध्यक्ष), शकील मलिक (विधान सभा सचिव), सुबहान अंसारी, अजय कुमार नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा, रवि कुमार, अशरफ अली, दीपक कुमार, निवेन्द्र कुमार, मा. रामगोपाल विधान सभा सचिव, डा. रितिक कुमार (सैक्टर अध्यक्ष), डा. निखिल (सैक्टर अध्यक्ष), डा. रवि कुमार सचिव, शुभम कुमार (सैक्टर अध्यक्ष), सुभाष प्रधान सचिव, अमित कुमार सचिव वी.टी.सी., दिवेश कुमार, सागर कुमार, विशाल कुमार, दुष्यन्त कुमार आदि मौजूद रहे।

# गन्ना किस्मों की पहचान को लेकर वृहद प्रशिक्षण कार्यशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** बिलाई चीनी मिल परिसर में चीनी आयुक्त के निर्देशन में विभागीय अधिकारियों एवं मिल स्टाफ के लिए गन्ना किस्मों की पहचान को लेकर वृहद प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण सत्र में संयुक्त गन्ना सर्वे कार्मिक, प्रबंधक व सहायक प्रबंधक (गन्ना), चीनी मिल गन्ना पर्यवेक्षक, राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक तथा गन्ना समिति के कार्मिकों सहित 100 से अधिक लोगों ने सहभागिता की।

गन्ना शोध केंद्र मुजफ्फरनगर के संयुक्त निदेशक वैज्ञानिक डॉ. जेपी सिंह और कृषि विज्ञान केंद्र नगीना की डॉ. शिवांगी ने 15 से अधिक अगेती एवं सामान्य गन्ना किस्मों-जैसे कोशा 13235, 17231, 18231, 0118, 14201, 16202, 98014, 15023, सीओ.जे-85, कोशा 0238 व 05011खका सजीव प्रदर्शन कर पहचान के प्रमुख लक्षण बताए। बिलाई ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमित पांडेय ने कार्मिकों से फील्ड में खड़े गन्ने व बीज हेतु सुरक्षित प्लॉटों की सही पहचान कर बीज प्रमाणीकरण पर जोर दिया।

# कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में वैद्य विमर्श का सफल आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में शैक्षणिक गुणवत्ता एवं केडेमिक विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक दिवसीय सीएमई कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में कॉलेज के समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. श्यामतीर्थ सिद्ध पुरुष शुक्रताल मुजफ्फरनगर संस्थान के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, ने दीप प्रज्वलन से किया एवं धन्वन्तरी वन्दना बीएएमएस प्रथम के विद्यार्थी सलोनी, कृति, श्रुति एवं नमन ने की। सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए आयुर्वेद के क्षेत्र के सम्बन्धित विषयों पर कृष्णा आयुर्वेदिक कालेज के निदेशक वैद्य संदीप ने अपने विचार साझा किये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुम्बई से आए प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सतीश सोनू उपस्थित रहे। वहीं डॉ. श्यामतीर्थ सिद्ध पुरुष शुक्रताल मुख्य अतिथि के विशेष रूप में मौजूद रहे। दोनों अतिथियों ने अपने संबोधन में सीएमई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गुग्गुल कल्प के निर्माण एवं चिकित्सीय उपयोग का विस्तार से वर्णन करते हुए आयुर्वेदिक शिक्षा, शोध एवं निरंतर अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का सूत्र संचालन डॉ. मुदित चौहान ने किया।

इस सीएमई में कॉलेज के सभी शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

सीएमई में बिजनौर के प्रख्यात चिकित्सक डॉत्र अशोक चौधरी ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. अमोल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने मुख्य अतिथियों, सभी वक्ताओं, शिक्षकों, आयोजकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. अजीत , डॉ. इमरान, डॉ. गौरव, डॉ. तमन्ना आदि मौजूद रहे।

# भूलेख खतौनी अंशत्रुटि सुधार के लिए तहसीलवार रोस्टर बनाने के निर्देश

**बिजनौर।** जिलाधिकारी ने परिषद के आदेश के क्रम में एवं उनके पत्र के माध्यम से भूलेख खतौनी अंशत्रुटि सुधार के लिए 10. 01.2026 से 15.03.2026 तक तहसीलवार रोस्टर बनाने के लिए समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है। जनपद के प्रत्येक राजस्व ग्रामो की खतौनियों के पुनरीक्षण एवं उनमें दर्ज खातेदारो/ सहखातेदारों के गाटों में अंश निर्धारण किये जाने के लिए लेखपाल प्रत्येक राजस्व ग्राम में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बैठक आयोजित कर खतौनी पढ़कर सत्यापन करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि उक्त कार्य के साथ-साथ फार्मर रजिस्ट्री के रजिस्ट्रेशन से छूटे कृषकों की फार्मर आई.डी. बनाये जाने का कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी अपनी तहसील के उपजिलाधिकारी से समन्वय कर तहसील के ग्रामों में उपरोक्त कार्य का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुये फार्मर रजिस्ट्री आई.डी. का कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## कई जनपदों में रविदास जयंती के आयोजनों को लेकर अनुमति न मिलने पर

# सांसद ने सीएम को पत्र भेजकर दर्ज कराई आपत्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के आयोजनों को लेकर अनुमति न मिलने की खबरों के बीच सियासी और सामाजिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। इस पूरे मामले को लेकर नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को अलग-अलग पत्र भेजकर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी भारतीय समाज के महान संत, समाज सुधारक और सामाजिक न्याय के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने अपने पूरे जीवन में जाति-भेद, छुआछूत और सामाजिक अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करते हुए समानता, मानव गरिमा और भाईचारे का संदेश दिया। उनकी विचारधारा भारतीय संविधान की मूल भावना-समता, बंधुत्व और न्याय से सीधे तौर पर जुड़ी हुई है।



पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि उत्तर प्रदेश के कई जिलों से संत गुरु रविदास जी की जयंती के आयोजन एवं शोभायात्राओं को प्रशासन द्वारा अनुमति न दिए जाने की सूचनाएं सामने आ रही हैं। सांसद ने इसे न केवल गुरु रविदास जी के अनुयायियों की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा विषय बताया, बल्कि संविधान, लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा आघात करार दिया है।

सांसद ने आरोप लगाया कि इस प्रकार की घटनाएं प्रशासनिक मनमानी को दर्शाती हैं और यह संकेत देती हैं कि शासन-प्रशासन के कुछ स्तरों पर संवैधानिक जिम्मेदारियों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गुरु रविदास जी की जयंती मनाने से रोकना बहुजन समाज का अपमान है और यह लोकतांत्रिक व संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है।

अपने पत्र में सांसद ने सरकार से कई मांगें रखी हैं। इनमें राज्य के प्रत्येक जिले में संत गुरु रविदास जयंती मनाने की पूर्ण स्वतंत्रता सुनिश्चित करने, आयोजनों में बाधा उत्पन्न करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने, जिन जिलों में अनुमति नहीं दी जा रही वहां जिला प्रशासन से स्पष्टीकरण लेने तथा सभी प्रशासनिक इकाइयों को सहयोग करने के स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग शामिल है।

इसके साथ ही सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को भी एक अलग पत्र भेजा है। इस पत्र में उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत 1 फरवरी 2026 को विशेष अभियान तिथि निर्धारित की गई है, जबकि इसी दिन संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती भी मनाई जाती है। सांसद ने इसे करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत पवित्र और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण दिन बताते हुए कहा कि इस दिन बीएलओ द्वारा विशेष अभियान चलाया जाना व्यावहारिक और सामाजिक रूप से उचित नहीं है, जिससे मतदाता सहभागिता प्रभावित हो सकती है।

उन्होंने निर्वाचन आयोग से आग्रह किया है कि 1 फरवरी 2026 को निर्धारित विशेष अभियान को निरस्त कर किसी वैकल्पिक तिथि पर आयोजित किया जाए, ताकि धार्मिक आस्था और लोकतांत्रिक प्रक्रिया दोनों का सम्मान बना रहे।

पत्रों के अंत में सांसद ने चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो बहुजन समाज इसे सामाजिक न्याय, संत परंपरा और संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ साजिश मानेगा और लोकतांत्रिक व संवैधानिक दायरे में रहकर आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उन्होंने सरकार से अपेक्षा जताई है कि मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल ठोस कार्रवाई की जाए।

# पिटाई से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

- युवक की मौत से परि. जनों का फूटा गुस्सा
- पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर शव रखकर लगाया जाम, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उधार के रुपये मांगने पर बेरहमी से पीटे गए अनुसूचित जाति के युवक की सात दिन बाद मौत हो जाने से क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के डोहरा निवासी राहुल सागर (28) की बुधवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही गुस्साए परिजनों और रिश्तेदारों ने पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर शव रखकर सड़क जाम कर दिया और जमकर प्रदर्शन किया।

परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के बजाय परिवार पर समझौता करने का दबाव बनाया। इससे नाराज परिजनों ने न्याय की मांग को लेकर सड़क पर बैठकर विरोध जताया। मृतक की पत्नी और परिवार की महिलाएं सड़क पर बैठकर रोती-बिलखती रहीं। हालात को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस के काफी समझाने-बुझाने के बाद परिजन शांत हुए और शव लेकर रवाना हुए।

जानकारी के अनुसार, 14 जनवरी को राहुल सागर अपने साथी सचिव और लालू के साथ कांशीराम कॉलोनी निवासी भीमा से उधार दिए गए 20 हजार रुपये लेने गया था। राहुल के पिता पप्पू ने बताया कि उनके एक रिश्तेदार अस्पताल में भर्ती थे, जिनकी छुट्टी कराने के लिए उन्होंने बेटे राहुल को 30 हजार रुपये देकर भेजा था। रुपये मांगने पर आरोपी भीमा, लक्की लभेड़ा, आकाश ठाकुर और उनके अन्य साथियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने राहुल और उसके साथियों की बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान उसके 30 हजार रुपये और मोबाइल फोन भी गिर गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सात दिनों तक इलाज चलने के बाद बुधवार को उसने दम तोड़ दिया। राहुल मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। राहुल अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

बिथरी चैनपुर थाना प्रभारी सीपी शुक्ला ने बताया कि युवक की मौत के बाद मामले में हत्या की धारा में तरमीम कर दी गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पॉक्सो एक्ट मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने नाबालिग से जुड़े गंभीर मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर बीएनएस की धाराओं के साथ-साथ पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार, 9 जनवरी को ओमपाल नामक व्यक्ति ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर आरोपी अपने साथ ले गया था। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी। पुलिस को सूचना मिली जिसके बाद थाना क्षेत्र के ठिरिया खेतल मोड़ से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका पीड़िता से पहले से संपर्क था और 6 जनवरी को उसने फोन कर उसे बुलाया था जिसके बाद वह उसे अपने साथ बरेली ले गया। पुलिस इस बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान नहार सिंह (उम्र करीब 30 वर्ष) के रूप में हुई है, जो थाना सिरौली क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई गंगाधर, महिला एसआई स्नेहा लौर, महिला कांस्टेबल मनोरमा वर्मा शामिल रहे।

## एक नजर

### मंडी के पास हुए हादसे के मामले में अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** दो युवकों की ट्रैक्टर ट्रॉली से टक्कर से हुई मौत के मामले में घटना के दस दिन बाद पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हादसे में घायल हुई लड़की का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

गरीबपुरा निवासी संतोष भारती का कहना है कि उसकी बहन का बेटा शिवम पुत्र जयपाल निवासी ग्राम भूड़ा बहादुरपुर दिनांक 12.01.2026 की शाम 06:00 बजे अपने दोस्त विमल पुत्र कुंवरसेन निवासी ग्राम मुसापुर उर्फ घाटगांव थाना बहेड़ी जिला बरेली के साथ मोटरसाइकिल से अपने गांव से भटटे जा रहे थे। मण्डी गौटिया के पास पहुँचने पर वह अपनी मोटरसाइकिल कच्चे में रोककर खड़े हुए थे। इसी दौरान एक ट्रैक्टर यूपी 25 ए.यू. 8743 पर सवार चालक ट्रैक्टर को बड़ी तेजी से चलाते हुए लाया और गलत दिशा में आकर कच्चे में खड़े हुए शिवम और विमल के जोरदार टक्कर मार दी, और इनके पीछे खड़ी हुई एक लड़की को भी टक्कर मार दी। हादसे में शिवम और विमल की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी। जबकि लड़की के गम्भीर चोटें आईं, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। इस मामले में अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

### हाईवे पर उड़ते नोट, नेशनल हाईवे में मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** बरेली-मुरादाबाद हाईवे पर मीरगंज के सिंधौली चौराहे पर गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक तेज रफ्तार कार से 500-500 रुपये के नोट हवा में उड़ते नजर आए। सड़क पर नोट गिरते देख राहगीरों और आसपास मौजूद लोगों में उन्हें बटोरने की होड़ लग गई, जिससे कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर करीब दो बजे मुरादाबाद की ओर से आ रही एक कार सिंधौली चौराहे पर पहुंची। इसी दौरान कार सवार युवक ने अचानक खिड़की से 500 रुपये के नोटों की एक गड्डी हवा में उछाल दी और बिना रुके वाहन लेकर बरेली की दिशा में निकल गया। लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक सड़क पर नोट बिखर चुके थे। पास के ढाबे पर काम करने वाले दीपक ने बताया कि नोट गिरते ही वहां मौजूद लोग दौड़ पड़े। इसी अफरा-तफरी के बीच एक ट्रक चालक ने सड़क पर पड़े करीब 15 से अधिक नोट समेटे और मौके से चला गया। अन्य राहगीर भी जो नोट उनके हाथ लगे, उन्हें लेकर चलते बने।

हाइवे किनारे अचानक हुई इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। लोग यह समझ नहीं पा रहे हैं कि कार सवार ने ऐसा क्यों किया। यह महज दिखावा था या इसके पीछे कोई और कारण, इसका खुलासा नहीं हो सका है।

### प्रेमिका को जबरन ले जाने से आहत युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। प्रेमिका को परिजनों द्वारा जबरन ले जाने से आहत एक युवक ने अपना गला और हाथ की नसें काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। अत्यधिक रक्तस्राव के चलते युवक की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, युवक का शाही थाना क्षेत्र की एक विवाहित महिला से प्रेम संबंध था। करीब दस दिन पूर्व दोनों घर से फरार हो गए थे, जिस पर महिला के पिता ने शाही थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी।मंगलवार को महिला अपने प्रेमी के साथ कहीं जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में महिला के मायके और ससुराल पक्ष के लोगों ने दोनों को रोक लिया। आरोप है कि परिजनों ने युवक के साथ मारपीट की और महिला को जबरन अपने साथ ले गए। प्रेमिका को छीन लिए जाने से आहत युवक ने मौके पर ही ब्लेड से अपना गला और हाथ की नसें काट लीं।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार बैसला ने बताया कि महिला की गुमशुदगी पूर्व से दर्ज है। प्रारंभिक जांच में युवक द्वारा स्वयं ब्लेड से वार करने की बात सामने आई है। मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता जागरूता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** नगर के गन्ना उत्पादक महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता जागरूता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी इशिता किशोर ने सभी छात्र-छात्राओं को अपना-अपना मतदाता पहचान-पत्र बनवाने के लिये प्रोत्साहित किया। तहसीलदार भानू प्रताप सिंह ने मतदाता पहचान-पत्र बनाने की प्रक्रिया के बारे में चरणबद्ध तरीके से विस्तार से बताया।

कार्यक्रम संयोजक विजय कुमार शुक्ल ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि मतदाता पहचान-पत्र बनाने में किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर उनसे सम्पर्क करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 हरिनन्दन कुशवाहा ने कहा कि युवा मतदाताओं को राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेकर बिना किसी भय, लोभ, लालच एवं जाति, धर्म से निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिये। राजनीति विभाग के भावेश मिश्र ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर कृषि संकाय के समन्वयक डॉ0 चन्द्रशेखर कुमार, शमुनीश कुमार, शालिनी गर्ग, डॉ0 प्रशंसा सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

### क्रॉस कंट्री दौड़ में मीरगंज का परचम, राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा बुधवार को आयोजित अंतर- महाविद्यालयी क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता में राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज के धावकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में जिले सहित विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।10 किलोमीटर की दौड़ के बालक वर्ग में बीए प्रथम वर्ष के छात्र तनुज ठाकुर ने बेहतरीन सहनशक्ति और रणनीति का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी राधा ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय को गौरव दिलाया।इसके अलावा मन्दीप, गौरव कश्यप, जीशान खान और निक्की ने भी टॉप सेवन में स्थान प्राप्त कर टीम की सामूहिक क्षमता का परिचय दिया।

खिलाड़ियों की इस सफलता पर प्रबंधन समिति के सचिव निरूपम शर्मा और प्राचार्य प्रोफेसर शिव कुमार सिंह ने बधाई दी। टीम मैनेजर की भूमिका असिस्टेंट प्रोफेसर एन.सी. शर्मा ने निभाई।इस अवसर पर प्रो. विजय बिष्ट, सुरेश कुमार सिंह, डॉ. मोहित शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह,संजय शर्मा, वीरेंद्र शर्मा सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# एसएसपी कार्यालय के बाहर बुजुर्ग ने की आत्मदाह की कोशिश

- पुलिस की सतर्कता से टली बड़ी घटना
- ज्वलनशील पदार्थ की बोतल लेकर पहुंचा था पीड़ित, हिरासत में लेकर जांच शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बुधवार को एसएसपी कार्यालय के बाहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक बुजुर्ग व्यक्ति हाथ में ज्वलनशील पदार्थ से भरी बोतल लेकर पहुंच गया और अपने ऊपर डालकर जान देने की कोशिश करने लगा। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता से बड़ी घटना टल गई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बुजुर्ग को पकड़ लिया और कोतवाली भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, थाना किला क्षेत्र की गढ़ी चौकी निवासी बुजुर्ग एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र लेकर आया था। इसी दौरान उसने अचानक बोतल खोलकर अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ उड़ेलने का प्रयास किया। यह देख ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तुरंत उसे दबोच लिया और आत्मघाती कदम उठाने से रोक लिया।

पुलिस बुजुर्ग को तत्काल कोतवाली ले आई, जहां कोतवाल सुरेश चंद्र गौतम ने उससे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान बुजुर्ग ने आरोप लगाया कि एक थानेदार और एक मीडियाकर्मी की मिलीभगत से उसे लगातार परेशान किया जा रहा है। इसी मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर उसने यह कदम उठाने की कोशिश की। कोतवाली पुलिस ने बुजुर्ग को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस की त्वरित कार्रवाई से जहां एक व्यक्ति की जान बच गई, वहीं घटना ने एक बार फिर फरियादियों की समस्याओं और मानसिक दबाव को उजागर कर दिया है।

# किसान दिवस में उठी शिकायत पर डीएम सख्त, दो घंटे में मिला न्याय

- विद्युत दुर्घटना में मृतक की पत्नी को दिलाई गई अवशेष मुआवजा राशि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किसान दिवस में सामने आई एक गंभीर शिकायत पर प्रशासन की तत्परता देखने को मिली। डीएम के सख्त निर्देश पर मुख्य अभियंता विद्युत ने महज दो घंटे के भीतर पीड़ित महिला को उसकी अवशेष मुआवजा राशि दिलाकर मामले का समाधान कराया।

ग्राम सिमरा बोरीपुर, थाना फरीदपुर, तहसील बरेली निवासी महिला ने किसान दिवस में डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पति की विद्युत दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इस दुर्घटना के बाद विद्युत विभाग द्वारा 5,93,000 रूपए की क्षतिपूर्ति धनराशि स्वीकृत की गई थी। महिला के खाते में धनराशि आने के बाद विद्युत विभाग के ही एक कर्मी और वकील द्वारा 1,48,000 रूपए अपने पास रख लिए गए, जो आज तक पीड़िता को नहीं दिए गए।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम अविनाश सिंह ने इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और मुख्य अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि दो घंटे के भीतर महिला को उसकी शेष धनराशि उपलब्ध कराई जाए। डीएम के निर्देश के अनुपालन में मुख्य अभियंता विद्युत ज्ञान प्रकाश ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता, उसके परिजनों तथा कथित कर्मी और वकील को अपने कार्यालय बुलाया। इसके बाद अवशेष 1,48,000 रुपये की राशि का तत्काल भुगतान पीड़ित महिला को कराया गया।

धनराशि प्राप्त होने के बाद महिला ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया। हालांकि, मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य अभियंता विद्युत ज्ञान प्रकाश ने पूरे प्रकरण की जांच के लिए एक त्रिसदस्यीय समिति का गठन कर दिया है। समिति को तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार को राहत मिली और किसान दिवस की उपयोगिता एक बार फिर साबित हुई।

# एसआईआर मतदाता नोटिस जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शीशगढ़। नायब** तहसीलदार द्वारा बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में एसआईआर में मतदाता नोटिस जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसआईआर प्रक्रिया के बाद नोटिस मिलने वाले मतदाताओं की समस्याओं का नितारण मौके पर ही किया गया।

नायब तहसीलदार अरविंद कुमार, लेखपाल पुष्पेंद्र सिंह, कानूनगो जोगेंद्र द्वारा नोटिस मिलने वाले मतदाताओं को नगर पंचायत सभागार बुलाकर उनकी समस्या का निस्तारण मौके पर ही किया गया। नायब तहसीलदार अरविंद कुमार ने बताया कि मतदाता नोटिस जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को निष्पक्ष, पारदर्शी बनाना है। इस मौके पर चेयरमैन प्रति. निधि हाजी गुड्डू ने पूर्ण सहयोग किया एवं मतदाताओं से अपील की कि ऐसे शेष बचे मतदाता जिनको एसआई आर के नोटिस मिले हैं वह अपनी समस्या का निस्तारण अवश्य करा लें।

# रास्ता भटके नेपाली युवक को चौकी प्रभारी ने परिजनों से मिलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**फतेहगंज पश्चिमी।** नेपाल से दिल्ली जा रहा नेपाली युवक विरजीत सिंह शाही पुत्र लाल बहाद. ुर शाही निवासी कौणली परदेश थाना मामना जनपद कालीकोट नेपाल रास्ता भटक कर राष्ट्रीय राजमार्ग के होटल पर उतर गया, और बह किसी तरह पुलिस चौकी पर पहुंचा और अपनी समस्या बताई। वहां मौजूद चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने उसके परिजनों का नंबर लेकर फोन किया, इसके परि. जनों ने शाम तक बरेली आने की बात कही। इस दौरान पुलिस ने उसको चौकी परिसर में बिठा दिया, वहां उसके खानपान की व्यवस्था भी की गई। कुछ देर के बाद नेपाली युवक अजीबो गरीब हरकतें करने लगा।

नेपाली युवक चौकी परिसर में जोर-जोर से हिंदुस्तान जिंदाबाद और नेपाल मुर्दाबाद के नारे लगाने लगा, जिससे मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और आम लोगों में हलचल मच गई।

मिली जानकारी के अनुसार युवक चौकी प्रभारी अनूप सिंह से जिद करने लगा कि उसे उसके घर तक छोड़कर आया जाए। पुलिस ने काफी संयम और समझदारी से उसे शांत कराने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर परिजन शाम करीब 7 बजे चौकी पहुंचे, जिसके बाद युवक को उनके चाचा वीरेश बहाद. ुर के सुपुर्द कर दिया गया।

चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि नेपाली युवक बस द्वारा दिल्ली जा रहा था बह किसी तरह हाइवे होटल पर उतर गया मानसिक रूप से किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए तत्काल उसके परिवार को बुलाया गया। पुलिस की सतर्कता और सूझबूझ से स्थिति को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया।

पूर्व चेयरमैन केपी मौर्य, व्यापारी प्रेमपाल गंगवार, पूर्व प्रधान आबिद खांन, छात्र असद अंसारी, ठाकुर अमित सिंह आदि लोगों ने चौकी प्रभारी अनूप सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस ने रास्ता भटक गए नेपाली युवक को परिजनों से मिलवाकर काबिले तारीफ कार्य किया है।

# मतदाता पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के संग बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** बुधवार को तहसील परिसर स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय में राजनीतिक दलों के विधानसभा प्रभारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आलोक कुमार सिंह ने की।एसडीएम ने बताया कि वर्तमान में दावे-आपत्ति कार्यक्रम के तहत फार्म-6, 7 एवं 8 संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा प्राप्त किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी दलों से आग्रह किया कि अपने बीएलए के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र नागरिकों से फार्म-6 भरवाएं, ताकि कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।उन्होंने 6 जनवरी से 19 जनवरी तक प्राप्त फार्मों की जानकारी प्रारूप 9, 10 व 11 के माध्यम से सभी प्रभारियों को उपलब्ध कराई। बैठक में भाजपा के यशपाल सिंह, सपा के सुरेश गंगवार,शिवम सक्सेना, बसपा के कैलाश चंद शर्मा, कांग्रेस के लादेन मंसूरी तथा रालोद के वाहिद मंसूरी उपस्थित रहे।

# टूटी सड़कों और फटी पाईप लाईनों की डीएम से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** नगर पंचायत के सभासदों ने जिलाधिकारी बरेली को एक पत्र देकर जल निगम के ठेकेदार की शिकायत की है।

सभासद गुड्डू अल्वी, अकील अंसारी, हरीशंकर मौर्य, महबूब इदरीसी, शबाब हसन, शाकिर हसन आदि ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि जल निगम द्वारा कस्बे में पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था, पाईप लाइन डालने को सड़कों की खुदाई की गई थी, काम खत्म होने के बाद ठेकेदार ने मरम्मत के नाम पर खानापूरी की। अब सड़कों का यह हाल है कि लोगों को पैदल चलना दुश्वार है, जगह जगह से टंकी की पाईप लाइनें टूटी हुई हैं जिसमें से पानी रिश्ता रहता है ठेकेदार सुनता ही नहीं है वह लोग कई अधिकारियों से शिकायत भी कर चुके हैं। आज सभासदों ने जिलाधिकारी बरेली से शिकायत कर समस्या निदान की मांग की है।

## सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र निशान सिंह को उसके द्वारा गलत व अभद्र व्यवहार और अपमानित करने, आर्थिक नुकसान पहुंचाने और धमकियां देने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व परिवार के कोई सदस्य उपरोक्त निशान सिंह के किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

**दलवाग सिंह पुत्र पूरन सिंह**
**निवासी ग्राम उतरसिया समुखिया**
**तहसील बहेड़ी जिला बरेली**

# घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, विरोध करने पर परिवार पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव के एक युवक द्वारा घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ की गई, विरोध करने पर पूरे परिवार पर जानलेवा हमला करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 जनवरी की शाम करीब सात बजे उसकी बहन घर पर अकेली थी, इसी दौरान गांव का ही आलिम पुत्र अफसर अली बुरी नीयत से घर में घुस आया और वहन के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। जब उसने शोर मचाया तो आवाज सुनकर मां, बहन और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और उसे बचाया। आरोप है कि इसके बाद आलिम ने परिजनों के साथ मारपीट की और जान से मारने की नीयत से अपने परिवार व साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में अफसर शाह, दानिश, नुवैद, फैज, वल्लू और राशिद हाथों में चाकू, डंडे और अन्य हथियार लेकर घर में घुस आए। आरोपियों ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जबकि बीच-बचाव करने आई बहनो को भी पीटा गया। हमले में वहन और उसकी मां को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य परिजनों को भी चोटें लगी हैं। घायलों को ग्रामीणों की मदद से बचाया गया। जाते-जाते आरोपी जान से मारने की धमकी भी दे गए। पुलिस ने ग्रामीण की तहरीर पर आलिम, अफसर शाह, दानिश, नुवेद, फैंस, बबलू और राशिद के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# कुरा बंटवारे के नाम पर लेखपाल ने ऐंठी एक लाख 70 हजार रुपये की रिश्वत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तहसील क्षेत्र के गांव रमपुरा तुलसीराम के रहने वाले अर्जुन शर्मा की भूमि ग्राम में है जिसका गाटा संख्या 206 है। किसान ने कुरा बंटवारे के लिए धारा 116 के तहत वाद दायर किया था। आरोप है कि ग्राम के लेखपाल ने कुरा बनवाए जाने के नाम पर उससे एक लाख 70 हजार की मांग की, किसान ने लेखपाल द्वारा मांगी गई सुविधा शुल्क उसे दे दी, लेकिन लेखपाल ने दूसरे पक्ष से सांठ गांठ कर कुरा वाली भूमि को बिकवा दिया। आरोप है कि जब किसान ने लेखपाल से अपने रुपए वापस मांगे तो लेखपाल ने कहा कि रिश्वत वापस मांगी तो खाते से अंश ही गायब कर दूंगा। किसान ने लेखपाल द्वारा ऐंठी गई सुविधा शुल्क को लेकर बुधवार को एसडीएम उदित पवार को शिकायती पत्र सौंपा, जिस पर एसडीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए तहसीलदार को जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए हैं। इस मामले में आरोपी लेखपाल से बात करने की कोशिश की गई लेकिन लेखपाल का फोन रिसीव नहीं हुआ।

# 20 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस की चेकिंग के दौरान बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में 20 हजार रुपये का इनामी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया।

उसके कब्जे से अवैध तमंचा, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस तथा बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई है। थाना प्रभारी के अनुसार पौपाई पेट्रोल पंप के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान संदिग्ध बाइक सवार बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश घायल हो गया। उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के बाद उसे हिरासत में लिया गया।



गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जैद पुत्र एजाज निवासी मोहल्ला इस्लामाबाद, गली नंबर चार, बुनकर नगर, थाना लिसाड़ी गेट, जनपद मेरठ के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार जैद शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ मेरठ, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर और हापुड़ जनपदों में चोरी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट सहित करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस तथा बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई है। इस संबंध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# साप्ताहिक पैठ विवाद पर आजाद समाज पार्टी-भीम आर्मी का बड़ा खुलासा, प्रदर्शन को बताया साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** लज्जापुरी रामलीला मैदान में लगने वाली साप्ताहिक पैठ (बाजार) को लेकर बुधवार को उस समय विवाद गहरा गया, जब कुछ लोगों ने आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के झंडे लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार स्वाति गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। इस पूरे मामले पर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) और भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मंत्री ने कड़ा रुख अपनाते हुए इसे पार्टी की छवि धूमिल करने की साजिश बताया और प्रदर्शन से किसी भी प्रकार का संबंध होने से साफ इनकार कर दिया। सुनील कुमार मंत्री ने कहा कि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर गरीब, मजलूम और वंचित वर्ग की आवाज हैं और उनकी पार्टी कभी भी उन हजारों परिवारों के खिलाफ प्रदर्शन नहीं कर सकती, जिनकी रोजी-रोटी साप्ताहिक पैठ से जुड़ी हुई है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस प्रदर्शन का पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है और कुछ लोग पार्टी के नाम और झंडे का दुरुपयोग कर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी 2026 को रामलीला मैदान हापुड़ में साप्ताहिक पैठ के विरोध में जिन लोगों ने प्रदर्शन किया, वे न तो आजाद समाज पार्टी के सदस्य हैं और न ही भीम आर्मी से उनका कोई संबंध है। इस संबंध में पार्टी संगठन को पहले से कोई सूचना भी नहीं दी गई थी। संगठन ने इस पूरे घटनाक्रम का खंडन करते हुए लज्जापुरी में लगने वाली साप्ताहिक पैठ से किसी भी तरह का सरोकार होने से इंकार किया। जिलाध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस मामले को लेकर कोई अप्रिय घटना होती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदर्शन करने वाले लोगों की स्वयं की होगी। पार्टी और संगठन का इससे कोई लेना-देना नहीं रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही कहा कि आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी सदैव गरीब, मजदूर और छोटे व्यापारियों के हितों के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेगी।



# हापुड़ की युवा टीम का दमदार प्रदर्शन, बुलंदशहर पर तीन विकेट से जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में बुधवार को शुरू हुई अंडर-19 क्रिकेट लीग में हापुड़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुलंदशहर को तीन विकेट से परा. जित कर जीत के साथ अभियान की शुरुआत की। मुकाबले में ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए हापुड़ के रवि सैनी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वरिष्ठ पत्रकार स्व. अनिल त्यागी के जन्मदिवस एवं स्मृति में आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट लीग का पहला मैच हापुड़ और बुलंदशहर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बुलंदशहर की टीम 33.3 ओवर में 181 रन पर सिमट गई। बुलंदशहर की ओर से अमन राजपूत ने 69 रन और सुख मंगल ने 46 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। हापुड़ की तरफ से गेंदबाजी में रवि सैनी ने तीन विकेट झटके, तुषार यादव ने दो विकेट लिए, जबकि अंकित सहवाग और प्रियांशु कश्यप ने दो-दो बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हापुड़ की टीम ने सात विकेट खोकर 184 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। हापुड़ की ओर से अभिजीत सिंह ने शानदार 54 रन बनाए। इसके अलावा श्रेष्ठ कसाना ने 35 रन, आदित्य सिसोदिया ने 23 रन और तनिष्क शर्मा ने 25 रन का योगदान दिया। बुलंदशहर की ओर से काजिम ने दो विकेट हासिल किए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। लीग का शुभारंभ हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा. नितिन गौड़ और भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने किया। डा. नितिन गौड़ ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट केवल खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना का प्रतीक है। यह हमें जीत में विनम्रता और हार में धैर्य रखना सिखाता है। कविता माधरे ने खिलाड़ियों से पूरे जोश, ईमानदारी और खेल भावना के साथ खेलने का आहवान किया। हापुड़ जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष डा. विपिन गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष स्व. अनिल त्यागी की स्मृति में यह क्रिकेट लीग आयोजित की जाती है। इस बार हापुड़, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर की टीमें प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को हापुड़ और गौतमबुद्धनगर के बीच मुकाबला खेला जाएगा। इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ के संरक्षक रामकुमार त्यागी, डा. सुदर्शन त्यागी, उपाध्यक्ष आयुष सिंहल, नवीन सचदेवा, रोहन सिंहल, भाजपा जिला महामंत्री मोहन सिंह, पंजाबी सभा समिति के अध्यक्ष संजय डावर, साजिद खान, डा. मोहित, आशीष मित्तल, कमलदीप, बुलंदशहर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष महेश गुप्ता, उपाध्यक्ष अमरीष गुप्ता, राजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



# शिक्षा व चिकित्सा में जीएस कॉलिज को उत्कृष्टता की पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुआ।** जीएस आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल को क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (QCI) से 'ए-ग्रेड' मान्यता मिलने पर संस्थान परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह उपलब्धि कॉलेज की उच्च स्तरीय शिक्षा व्यवस्था, आधुनिक चिकित्सा सेवाओं और मजबूत आधारभूत संरचना की गुणवत्ता को प्रमाणित करती है। समारोह में शिक्षकों, चिकित्सकों, कर्मचारियों और छात्रों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय की वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशि शर्मा का प्राचार्या प्रो. भावना सिंह ने ग्रीन वेलकम कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर सोनाली शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष ऊर्जा प्रदान की। वक्ताओं ने कहा कि 'ए-ग्रेड' मान्यता संस्थान के सतत प्रयासों और गुणवत्तापूर्ण कार्य संस्कृति का परिणाम है, जो आने वाले समय में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने का मार्ग प्रशस्त करेगी।



समारोह के दौरान कॉलेज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले फैकल्टी और नॉन-फैकल्टी सदस्यों को सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट डा. प्रवीन गोयल, उप-प्रधानाचार्या डा. जिना पटनाईक एवं डा. निलोफर ने मार्गदर्शन करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अंत में वक्ताओं ने आयुर्वेद पद्धति के प्रचार-प्रसार, शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प दोहराया। संस्थान प्रबंधन ने कहा कि भविष्य में भी उच्च मानकों को बनाए रखते हुए समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयास किए जाएंगे।

# मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान में तेजी, दस्तावेज सत्यापन शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के अंतर्गत नोटिस प्राप्त मतदाताओं की विधिवत सुनवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। धौलाना तहसील भवन में निर्धारित तिथियों पर नागरिक उपस्थित होकर अपने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर रहे हैं, जिनका प्रशासनिक स्तर पर गहन सत्यापन किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नोटिस में दर्शाई गई 11 आवश्यक दस्तावेजों की सूची के अनुसार जन्म तिथि, जन्म स्थान और नागरिकता से संबंधित प्रमाण पत्रों की जांच की जा रही है। अधिकारी मौके पर ही अभिलेखों की प्राथमिक जांच कर रहे हैं, जिसके बाद सक्षम कार्यालय द्वारा संबंधित मतदाता का नाम मतदाता सूची में बनाए रखने अथवा हटाने को लेकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। पूरी प्रक्रिया आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संचालित की जा रही है। धौलाना के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार प्रवेश कुमार ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जिन निर्वाचकों ने फॉर्म भरते समय आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं किए थे, उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। ऐसे सभी नोटिसधारकों की सुनवाई बुधवार को निर्धारित तिथि और समय के अनुसार की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी आवेदनों की जांच गंभीरता से की जा रही है, ताकि मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध और अद्यतन बनी रहे। वहीं 58-धौलाना विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी मनोज कुमार ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर तहसील पहुंचकर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों और प्रक्रिया में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि समय रहते दस्तावेज प्रस्तुत करने से मतदाताओं का अधिकार सुरक्षित रहेगा और भविष्य में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।



# मतदाता सूची में गड़बड़ी पर सपा का बड़ा आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** एसआईआर से जुड़ी मतदाता सूची में नाम, पता और फोटो में सामने आ रही खामियों को लेकर समाजवादी पार्टी ने बुधवार को गढ़ चौपला स्थित पुराने दिल्ली रोड के एक बैंक्वेट हॉल में समीक्षा बैठक आयोजित की। पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव के आहवान पर बुलाई गई इस बैठक में एसआईआर की जिला प्रभारी आकिल मुर्तजा ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ सूची की गहन समीक्षा करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आहवान किया। मुख्य अतिथि आकिल मुर्तजा ने कहा कि अभी से नए मतदाता बनवाने पर विशेष फोकस रखा जाए, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क कर युवाओं और नए मतदाताओं को जोड़ने का संकल्प लेने को कहा। जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर भाटी ने एसआईआर प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकांश बीएलओ द्वारा बरती गई उदासीनता के कारण मतदाता सूची में नाम, पता और फोटो से जुड़ी कई खामियां सामने आई हैं। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए चिंताजनक बताया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर हाल ही में मेरठ कमिश्नर से बातचीत हुई थी, जिसमें फार्म नंबर आठ भरने के बाद खामियों को दूर कराने का भरोसा दिया गया है। बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर चौहान ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एसआईआर से जुड़ी गड़बड़ियों को दुरुस्त कराने के साथ-साथ अधिक से अधिक नए मतदाता बनवाने के अभियान में पूरी सक्रियता के साथ जुटें। बैठक में रविंद्र चौधरी, नैना सिंह, आशुतोष शर्मा, सिद्धार्थ चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष किशन सिंह तोमर, इकबाल कुरैशी, हाजी याद इलाही कुरैशी, साजिद दौताई, दिनेश तोमर, जयवीर तोमर, साजिद वैठ, आसमुहम्मद, फारूक प्रधान, वकार चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के हापुड़ दौरे के चलते पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। एक ही दिन सपाइयों की समीक्षा बैठक होने के कारण यह आशंका जताई जा रही थी कि कहीं कार्यकर्ता हापुड़ पहुंचकर डिप्टी सीएम के कार्यक्रम में विरोध न कर दें। इसी को लेकर सीओ स्तुति सिंह और इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह बिष्ट भारी पुलिस बल के साथ समीक्षा स्थल पर पहुंचे और बैठक संपन्न होने तक मौके पर डटे रहे। सपाइयों के लौटने के बाद ही पुलिस बल वहां से रवाना हुआ।

## एक नजर

### सीएम तक मामला पहुंचते ही हरकत में प्रशासन, औद्योगिक भूमि कराई गई मुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना क्षेत्र के मसूरी-गुलावठी रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र फेज-3 में यूपीएसआईडीसी की कीमती औद्योगिक भूमि पर लंबे समय से चले आ रहे अवैध कब्जे को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए मुक्त करा लिया। राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण की इस कार्रवाई से औद्योगिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया और भू-माफिया को स्पष्ट संदेश गया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले को लेकर गाजियाबाद निवासी अनिल यादव ने पहले जिलाधिकारी हापुड़ और उसके बाद मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को लिखित शिकायत भेजी थी। शिकायत में सरकारी भूमि के दुरुपयोग और राज्य सरकार को हो रही राजस्व हानि का गंभीर आरोप लगाया गया था। शिकायत के अनुसार मैसर्स कयूड फोर्जिंग्स प्रा. लि., भूखंड संख्या बीएन-114, एमजी रोड, फेज-3 की मालिक वीनू गुप्ता पर आरोप था कि उन्होंने अपने पति सुशील गुप्ता के साथ मिलकर फैक्ट्री से सटी यूपीएसआईडीसी की लगभग 1500 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया था कि उक्त सरकारी भूमि पर चारदीवारी कर टीन शैड लगाया गया और फैक्ट्री से अवैध रूप से बिजली लाइन खींचकर भूमि को किराये पर देकर नाजायज वसूली की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए यूपीएसआईडीसी ने जांच कराई, जिसमें आरोपों की पुष्टि होने के बाद मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को हटवाया गया और भूमि को पुनः प्राधिकरण के कब्जे में ले लिया गया। इस संबंध में यूपीएसआईडीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार झा ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्राधिकरण की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने संकेत दिए कि आने वाले दिनों में औद्योगिक क्षेत्रों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में वांछित नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ दर्ज मुकदमे में पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

थाना प्रभारी के अनुसार थाना हापुड़ नगर पुलिस ने बीएनएस में वांछित अभियुक्त को कचहरी के पास फ्रीगंज रोड से गिरफ्तार किया। आरोपी की तलाश लगातार की जा रही थी। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रामबाबू उर्फ रामफल गौतम पुत्र कमलेश निवासी ग्राम समधाखाश डीह, थाना औराई, जनपद संत रविदास नगर भदोही के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### गढ़ गंगा यूनिवर्सिटी के लिए 23 जनवरी को निकलेगी संकल्प यात्रा, सीएम को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सामाजिक संगठन शौर्य शक्ति फाउंडेशन द्वारा गढ़ गंगा यूनिवर्सिटी की स्थापना की मुहिम को गति देने के लिए 23 जनवरी को संकल्प यात्रा निकाली जाएगी। इसका उद्देश्य आम जनता को इस आंदोलन में भागीदार बनाना और स्थानीय स्तर पर यूनिवर्सिटी की मांग को व्यापक जन समर्थन दिलाना है। नेशनल हाईवे किनारे आयोजित एक बैठक में मुख्य अतिथि पंडित आशुतोष शर्मा ने कहा कि पौराणिक महत्व और धार्मिक दृष्टि से राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात गढ़ गंगानगरी शैक्षिक, आर्थिक और रोजगार के क्षेत्र में अत्यंत पिछड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर देने के लिए गढ़ गंगा नाम से यूनिवर्सिटी की स्थापना बेहद आवश्यक है। बैठक में तय किया गया कि 23 जनवरी को स्याना चौपला से सैकड़ों लोगों द्वारा संकल्प यात्रा शुरू की जाएगी वहां पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बिजेंद्र शर्मा, भाकियू सेवक के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदेश गुर्जर, अंकित भड़ाना, सुनील शर्मा, विक्रम कसाना, बिंदर कश्यप और अंकित कौशिक सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने सभी नागरिकों से इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी करने और क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट होने की अपील की।

# अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान सामिया गार्डन के पास एक संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध चाकू बरामद हुआ। इसके बाद उसे मौके से हिरासत में लेकर थाना लाया गया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान नूर मोहम्मद उर्फ वसीम पुत्र चमन निवासी मोती कॉलोनी, थाना हापुड़ नगर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना हापुड़ नगर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए इस तरह की चेकिंग और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



# एक्शन मोड में डिप्टी सीएम, जेल, अस्पताल व पुलिस लाइन की परखी व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक बुधवार शाम करीब चार बजे हापुड़ पहुंचे। पिलखुवा टोल प्लाजा पर भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिले में पहुंचते ही उपमुख्यमंत्री एक्शन मोड में नजर आए और क्रमवार कई महत्वपूर्ण विभागों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उपमुख्यमंत्री सबसे पहले निर्माणाधीन पुलिस लाइन पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पुलिस लाइन का निर्माण गुणवत्ता के उच्च मानकों के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि नई पुलिस लाइन के निर्माण से पुलिसकर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं, आधुनिक संसाधन और आवश्यक बुनियादी ढांचा उपलब्ध होगा, जिससे कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा। इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने जिला जेल का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, बंदियों को दी जा रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सुधारात्मक और मानवीय दृष्टिकोण के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि बंदियों के पुनर्वास और सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जिला अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों को मिल रही सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं और साफ-सफाई की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को बेहतर और समय पर इलाज मिले, इसके लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य विभागों से जुड़े प्रोजेक्ट्स की प्रगति की जानकारी ली और लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। शाम को उपमुख्यमंत्री भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आीवान किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पुलिस, प्रशासन, स्वास्थ्य और कारागार व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, ताकि आमजन को सुरक्षित वातावरण मिल सके और शासन-प्रशासन में पारदर्शिता बनी रहे। दौरे के दौरान जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## एनएचएआई और वन विभाग विवाद

# जिलाधिकारी ने दिए जांच के आदेश

**बिजनौर।** मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे निर्माण के दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों और वन विभाग की टीम के बीच हुई मारपीट का मामला अब गरमा गया है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने इस पूरे प्रकरण का संज्ञान लेते हुए जांच के लिए एक उच्च स्तरीय संयुक्त टीम का गठन किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीती 20 जनवरी को मेरठ-पौड़ी हाईवे पर गांव जीवनपुरी के पास आरक्षित वन क्षेत्र में निर्माण कार्य चल रहा था। आरोप है कि एनएचएआई के कर्मचारी जेसीबी के जरिए पेड़ों की जड़ें उखाड़ रहे थे। सूचना मिलने पर वन विभाग के एसडीओ ज्ञान सिंह, वन क्षेत्राधिकारी महेश चंद्र गौतम और वन दरोगा योगेंद्र कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान वन विभाग की टीम और एनएचएआई के इंजीनियर अनूप सिंह के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। वन विभाग की टीम ने इंजीनियर को हिरासत में ले लिया, जिसके बाद दोनों पक्षों में तनाव व्याप्त हो गया। घटना के बाद दोनों ओर से थाना शहर कोतवाली में तहरीर दी गई थी। मामला शासन स्तर तक पहुंचने के बाद डीएम जसजीत कौर ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए अपर जिलाधिकारी और एएसपी सिटी की एक संयुक्त टीम गठित की है। डीएम ने कहा कि पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। जांच टीम की रिपोर्ट आने के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद से हाईवे निर्माण कार्य और प्रशासनिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब सभी की नजरें जांच टीम की रिपोर्ट पर टिकी हैं। उधर वन विभाग के अधिकारियों ने भी अपना पक्ष सामने रखा है। इसके मुताबिक सामाजिक वानिकी प्रभाग बिजनौर के उप प्रभागीय वनाधिकारी ज्ञान सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी महेश चंद गौतम, वन दरोगा योगेंद्र अन्य वन कर्मियों के द्वारा नेशनल हाईवे के निर्माण परियोजना की अनुमति की शर्तों के अनुपालन की जांच व परीक्षण का कार्य किया जा रहा था। जांच के दौरान वन कर्मियों द्वारा जीवनपुरी के निकट राज्य पशु बारहसिंगा अभ्यारण्य के अंतर्गत एक व्यक्ति अनूप पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम कसेरी, थाना कासगंज अपने अन्य साथियों के साथ सैंचुरी क्षेत्र से जेसीबी की सहायता से वृक्षों को जड़ों से उखाड़कर मिट्टी सहित डंपर में भर रहा था। जैसे ही वनकर्मी उनकी ओर बढ़े, तो जेसीबी चालक व उसके अन्य साथी मौके से फरार हो गए। अनूप से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि वह एनएच के एसडीओ आशीष शर्मा के कहने पर चोरी छुपे यह काम कर रहे हैं। उस व्यक्ति ने फोन पर आशीष शर्मा व एनएच के अन्य कर्मियों से बात की, तो उनके द्वारा वन कर्मियों के लिए गाली गलौच का प्रयोग किया गया।

# हत्यारोपी शीतल गिरफ्तार

**चांदपुर।** वादी बिपेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र राघेन्द्र सिंह निवासी ग्राम नकटुआ पोस्ट निहरथा थाना लालगंज जनपद राबरेली द्वारा चांदपुर थाना हाजिर होकर तहरीर दी कि एक महिला शीतल पुत्री अज्ञात निवासी हापुड़ व अन्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पैसे के लेनदेन को लेकर वादी के चचेरे भाई हरिओम सिंह पुत्र भोला सिंह की हत्या कर दी है।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिला शीतल (25 वर्ष) पुत्री शिवचरन निवासी मौहल्ला अम्बेडकर नगर नई मण्डी मुरादपुर रोड थाना कोतवाली देहात जनपद हापुड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ में शीतल ने बताया कि वह सीएसओ है तथा मृतक हरिओम सिंह के साथ लगभग डेढ वर्ष से चांदपुर मे लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। दिसम्बर 2025 में वह गर्भवती हुई थी। उपचार के दौरान उसका मिसकैरेज हो गया था,

जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया था। 15 जनवरी 2026 को मृतक द्वारा गाली गलौच व मारपीट किये जाने पर वह अपने घर हापुड़ चली गई थी। 18 जनवरी 2026 को वह पुनः चांदपुर लौटी तो उसने फिर अपसी विवाद होने की बात कही। इसी दौरान मृतक हरिओम ने बिजली के केबिल से पंखे पर फांसी लगाने का प्रयास किया, जिस पर शीतल ने जान से मारने की नियत से उसके पैरां में लात मार दी, जिससे वह फंदे पर लटक गया। कुछ समय बाद आरोपी शीतल ने उसको फंदे से उतारकर परिजनों/मित्रों को सूचना दी तथा अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# व्हीलचेयर पाकर दिव्यांग बालिका के चेहरे पर आई मुस्कान

■ डीएम और एसपी ने जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बालिका को व्हीलचेयर की प्रदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने मोहल्ला घेर आजम खां निवासी लगभग 07 वर्षीय दिव्यांग बालिका कु. आलिया को सहायक उपकरण के रूप में व्हीलचेयर प्रदान की। व्हीलचेयर प्राप्त होने पर बालिका एवं उसके परिजनों द्वारा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में दिव्यांगजनों के सामा. जिक, शैक्षिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण हेतु विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाना है।



उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराया जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जनता दर्शन कार्यक्रम आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का एक प्रभावी माध्यम है, जिसके माध्यम से जरूरतमंदों को सीधे सहायता प्रदान की जा रही है।

जिला प्रशासन जनपद के प्रत्एक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिक. ारी न्यायिक जंगबहादुर यादव, नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम, दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल सहित अन्य विभागों अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार कार ने वाइक सवार प्रधान के ससुर को मारी टक्कर, उपचार के दौरान अस्पताल में मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** बुधवार दोपहर तेजगति से आ रही कार ने अनियंत्रित होकर बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बिजारखाता के प्रधानपति नाहिद अंसारी के पिता शाहिद अंसारी उम्र 60 गंभीर रूप से घायल हो गए। मुरादाबाद अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया है। जबकि कार सवार दो युवक भी चोटिल हो गए। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतरते हुए खेत में जा घुसी। शाहिद अंसारी बाइक से स्वार नगर से अपने गांव बिजारखाता जा रहे थे। स्वार बाजपुर मार्ग पर जैसे ही वह नगर पंचायत नरपत नगर से आगे भट्टे के करीब पहुंचे। तभी बाजपुर की दिशा से तेजगति से आ रही कार ने अनियंत्रित होकर बाइक को रौंद दिया।

हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई । राहगीरों ने तुरंत घायल के परिजनों को सूचना दी वही सूचना पाकर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई परिजन घायल शाहिद अंसारी को गंभीर हालत में उपचार के लिए मुरादाबाद ले गए हैं।

बताया जाता है कि मुरादाबाद अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई है मौत से परिवार में को. हराम मच गया है परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

# मिलक में ट्रक से 4045 गौवंशीय खालें बरामद, चालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कोतवाली पुलिस ने गौवंश संरक्षण कानून के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए नेशनल हाईवे पर एक ट्रक से भारी मात्रा में गौवंशीय खालें बरामद की हैं। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, 17 जनवरी को गौ रक्षा दल रामपुर के सदस्य अंकित कुमार जोशी ने थाना मिलक में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया था कि नेशनल हाईवे पर मोगा ढाबा के सामने खड़े एक ट्रक से दुर्गंध आ रही है। जांच करने पर ट्रक संख्या यूपी 12 वीटी 9804 में गौवंशीय खालें भरी होने की जानकारी मिली।

प्रार्थना पत्र की जांच उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी द्वारा की गई। जांच के आधार पर 20 जनवरी को थाना मिलक में मुकदमा संख्या 24\26 धारा 3\5\8 सीएम एक्ट के तहत दर्ज किया गया। मामले की विवेचना निरीक्षक विनोद कुमार द्वारा की जा रही है।



पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिक. ारी मिलक के नेतृत्व में कोतवाली मिलक पुलिस ने 21 जनवरी को कार्रवाई करते हुए अभियुक्त इरशाद पुत्र इसरार, निवासी मोहल्ला काजियान, कस्बा व थाना जानसठ, जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया।

अभियुक्त को चेक पोस्ट रठौंडा से सुबह करीब 11:40 बजे गिरफ्तार किया गया। ट्रक की तलाशी में 4045 छोटी-बड़ी गौवंशीय खालें बरामद हुई।

पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर अभियुक्त को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त को समय से न्यायालय में पेश किया जाएगा। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक विनोद कुमार, कांस्टेबल नितिन कुमार भास्कर शामिल रहे ।

# रक्तदान से जीवनदान का संदेश, जिला अस्पताल में समर्पण एक प्रयास का सराहनीय आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** इंसानियत और सेवा भाव की मिसाल पेश करते हुए संस्था समर्पण एक प्रयास द्वारा जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रात: 11 बजे शुरू हुए इस पुनीत कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्धसीएमएसत्र बृजेश चंद्र सक्सेना द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर के उद्घाटन के साथ ही अस्पताल परिसर में सेवा, समर्पण और मानवता का माहौल बन गया।

इस रक्तदान शिविर में कुल 18 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक सहयोग प्रदान किया। रक्तदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और सभी ने इसे मानव सेवा का सर्वोत्तम कार्य बताया। शिविर के दौरान चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम पूरी तरह मुस्तैद रही, जिससे रक्तदान की प्रक्रिया सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।



संस्था के अध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने रक्तदान करने वाले सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान न केवल दूसरों की जान बचाता है, बल्कि इससे शरीर में नया रक्त भी बनता है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए ताकि जरूरत के समय किसी की जिंदगी बचाई जा सके। वहीं सुरभि रस्तोगी ने रक्तदान को ह्महादानह्व बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर साबित हो सकती है। रक्तदान करने से किसी की भी जिंदगी बचाई जा सकती है, इसलिए हर सक्षम व्यक्ति को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर संस्था समर्पण एक प्रयास के सदस्यों और अस्पताल स्टाफ की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। शिविर ने न केवल रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों के लिए राहत का काम किया, बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि थोड़ी सी जागरूकता और इच्छाशक्ति से बड़ी सेवा की जा सकती है। संस्था ने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर संजय अग्रवाल, नवदीप रस्तोगी, रोहित अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, चन्दन रस्तोगी, विपुल ठाकुर, गौरव जैन आदि मौजूद रहे।

# वन स्टॉप सेंटर रामपुर की सूझबूझ से भटकी महिला व बच्ची को सुरक्षित घर पहुंचाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** दिनांक 07।12।2025 को 112 पुलिस हेल्पलाइन पर एक व्यक्ति निवासी-बड़ागांव, शाहबाद द्वारा सूचना दी गई कि उसके गांव के पास एक महिला अपनी छोटी बच्ची के साथ अकेली बैठी हुई है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 112 पुलिस हेल्पलाइन की टीम मौके पर पहुंची और महिला व उसकी बच्ची को रेस्क्यू कर थाना सैफनी, जनपद रामपुर ले आई। सुरक्षा की .ष्टि से रात्रि लगभग 02:30 बजे महिला एवं उसकी बच्ची को वन स्टॉप सेंटर में अल्पावास हेतु आश्रय प्रदान कराया गया।

अगले दिन महिला की काउंसलिंग का प्रयास किया गया। काउंसलिंग के दौरान यह पाया गया कि महिला न तो अपनी बात स्पष्ट रूप से समझा पा रही थी और न ही हमारी बात समझ पा रही थी।



संवाद में कठिनाई के कारण वह बार-बार क्रोधित व उत्तेजित हो रही थी तथा अपनी बच्ची को लेकर भागने का प्रयास कर रही थी।

बातचीत के दौरान केवल एक शब्द असम ही स्पष्ट रूप से समझ में आ रहा था।

स्थिति को समझते हुए वन स्टॉप सेंटर की टीम ने इंटरनेट के माध्यम से असम पुलिस से संपर्क स्थापित किया और महिला से एक बार बात कराने का अनुरोध किया।

असम पुलिस द्वारा महिला से बातचीत के दौरान उसने अपना नाम उदामणि बोरी, पुत्री विराज बोरी, निवासी थालिग्राम खासपुर, थाना उधारगौन असम बताया। असम पुलिस द्वारा सहयोग करते हुए थाना प्रभारी उधारगौन का संपर्क उपलब्ध कराया गया।

वन स्टॉप सेंटर की टीम ने थाना प्रभारी एसआई उधारगौन से संपर्क कर मामले का विवरण साझा किया तथा महिला व उसकी बच्ची के फोटो उपलब्ध कराते हुए आवश्यक सत्यापन का अनुरोध किया। जांच के दौरान थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि महिला के पति की मृत्यु हो चुकी है। वह अपनी छोटी बहन व बहनोई के साथ रहती थी। कुछ समय पूर्व एक व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था, जिसके बाद परिजनों द्वारा उसकी काफी तलाश की गई, किंतु कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी।

दिनांक 22।12।2025 को वन स्टॉप सेंटर, रामपुर पुलिस एवं उधारगौन पुलिस के समन्वय व सहयोग से महिला तथा उसकी बच्ची को सकुशल उसके घर पहुंचाया गया।

इस प्रकार वन स्टॉप सेंटर रामपुर की टीम की सूझबूझ, संवेदनशीलता एवं कार्यकुशलता से एक भटकी हुई महिला और उसकी बच्ची को सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

# शासन तक पहुंचा बहुप्रतीक्षित प्रस्ताव



**स्योहारा।** नगर के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और सकारात्मक पहल सामने आई है। वर्षों से लंबित बस स्टैंड, सब्जी-फल मंडी, अंडरग्राउंड पार्किंग एवं आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण का प्रस्ताव अब शासन स्तर तक पहुंच गया है, जिससे नगरवा. सियों में नई उम्मीद जगी है। इस महत्वपूर्ण पहल के पीछे नगर पालि. का चेयरमैन फैसल वारसी की सक्रियता, दूरदर्शिता और निरंतर प्रयास अहम माने जा रहे हैं। नगर के समग्र विकास को लेकर गंभीर चेयरमैन फैसल वारसी द्वारा लगातार शासन-प्रशासन के समक्ष प्रस्ताव रखे जाते रहे हैं ताकि स्योहारा की जनता को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जा सके और नगर प्रदेश में एक आदर्श नगर के रूप में पहचान बना सके। इसी क्रम में नगीना लोकसभा से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर मुरादाबाद रोड स्थित प्रस्तावित सरकारी भूमि पर शीघ्र निर्णय और कार्यवाही की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि लगभग 5 बीघा भूमि बस स्टैंड तथा करीब 12 बीघा भूमि सब्जी-फल मंडी, अंडरग्राउंड पार्किंग एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए पूर्व में ही जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों को प्रस्तावित की जा चुकी है। पत्र में यह भी चिंता जताई गई है कि प्रस्तावित भूमि पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध कब्जे के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे जनहित की इस महत्वपूर्ण योजना में बाधा उत्पन्न हो सकती है। सांसद ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि समय रहते भूमि को कब्जामुक्त कराया जाए ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद या कानून-व्यवस्था की समस्या न खड़ी हो। नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी ने इस पहल का स्वागत करते हुए सांसद चंद्रशेखर आजाद का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शीघ्र ही इस प्रस्ताव पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा और स्योहारा नगर विकास की नई दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा

## चोरी की शराब के साथ दो को पकड़ा

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने शराब कारोबारी केशव दूबे पुत्र रत्नाकर दूबे के यहां से शराब की चोरी करने के मामले में कांशीराम कॉलोनी निवासी अंशपाल उर्फ काकू पुत्र पप्पू पाल एवं झालू के मौहल्ला चौधरियान निवासी अजय पुत्र अमर सिंह को गिरफ्तार किया

**अपर जिला जज प्रथम महोदय रामपुर।**
**सिविल अपील सं.-11/2024**
**शिवजी विराजमान मंदिर आदि**
**बनाम मोहनदास आदि**

**प्रेषित:**1- श्रीमती सुखविन्दर कौर आयु 48 वर्ष पत्नी स्व. त्रिलोचन निवासी नई बस्ती वार्ड नं.-3, बेकरी वाली गली, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड 2-दयाराम आयु बालिग पुत्र सोहनदास 3-गुरपाल सिंह आयु बालिग पुत्र निरंजन सिंह 4 बलवन्त सिंह आयु बालिग पुत्र निरंजन सिंह 5-त्रिलोचन सिंह (मृतक) पुत्र सोहनदास निवासीगण ग्राम शादीनगर, तह. मिलक, जिला रामपुर 6-सोहनदास आयु बालिग तथा कथित चेला बाबा गुरु प्रसाद 7-अमर सिंह आयु 47 वर्ष पुत्र स्व. मोहनदास 8-मोहनदास तथा कथित चेला बाबा गुरु प्रसाद 9-गुरवचन सिंह आयु 53 वर्ष पुत्र स्व. मोहनदास 10-श्याम सिंह आयु 55 वर्ष पुत्र स्व. मोहनदास निवासीगण ग्राम स्वार खुर्द, तह. मिलक, जिला रामपुर 11- ज्ञान सिंह आयु 60 वर्ष पुत्र स्व. मोहनदास निवासी ग्राम स्वार खुर्द, तह. मिलक, जिला रामपुर हाल निवासी मौ.प्रीत विहार, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

अत: आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा या किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा जो कि नियमानुसार आपकी ओर से न्यायालय में अपील के सम्बंध में आपका पक्ष रखने में सक्षम हो। उक्त दिनांक 03.02.2026 पर प्रात: 10:30 बजे न्यायालय में उपस्थित होवे। ध्यान रहे कि यदि आप या आपकी ओर से कोई उपस्थित नहीं होता है तो अपील की एक पक्षीय सुनवाई की जाकर अपील निर्णित कर दी जायेगी।

आज दिनांक 21/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**अपर जिला जज प्रथम**
**जनपद रामपुर।**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

हमने अपने भाई बब्लू पुत्र छोटे व उसकी पत्नी शेवी की मनमानी एवं अभद्र व्यवहार के कारण उनसे सभी तरह के संबन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में वे दोनों अपने किसी भी कृत्य के लिए स्वंय उत्तरदायी होंगे। अब हमारा उपरोक्त दोनों से किसी प्रकार का कोई वास्ता नहीं हैं।

**मो.आसिफ व मो. शाकिर**
**पुत्रगण छोटे ( भाई ) व रुखसाना पत्नी मो. आरिफ ( भाभी ) निवासी मोहल्ला आजाद नगर कस्बा टाण्डा रामपुर**

# रात्रिकालीन विशेष अभियान में 1428 वाहनों की सघन जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में अवैध उप-खनिज खनन, ओवरलोडिंग एवं अनधिकृत परिवहन जैसी गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सख्त एवं निरंतर प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के स्पष्ट निर्देशानुसार दिनांक 20 जनवरी 2026 को जनपद की समस्त तहसीलों के प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों पर कुल 10 चेक प्वाइंट स्थापित कर रात्रि 08:00 बजे से प्रात: 07:00 बजे तक व्यापक रात्रिकालीन सघन जांच अभियान संचालित किया गया।

इस विशेष अभियान के अंतर्गत प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1428 वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान वाहनों के वैध अभिलेखों, भार क्षमता, परिवहन अनुमति पत्रों तथा नियमों के अनुपालन की बारीकी से पड़ताल की गई, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक सुनिश्चित की जा सके।

जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं अनधिकृत परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोरतम कार्रवाई की जा रही है। जनसुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं राजस्व हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।



# कार की टक्कर से टुकटुक चालक घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कार चलना सीख रहे युवक ने टुकटुक में टक्कर मार दी जिससे टुकटुक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की रिपोर्ट कार चालक के खिलाफ दर्ज कराई गई है। कोतवाली क्षेत्र के कपनेरी गांव निवासी कपिल देव ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा कि 14 जनवरी 2026 को दोपहर के लगभग 12रू10 बजे मेरे दादा पूरनलाल अपने टुकटुक से घर से खाद लेकर रास डंडिया पुल से हल्दुआ तभी अचानक रास डंडिया पुल से लगभग 300 मीटर आगे हल्दुआ रोड पर एक कार मनु गंगवार निवासी ग्राम भंवरका तहसील मिलक जनपद रामपुर जो काफी तेज रफ्तार तथा लापरवाही से नशे की हालत में गाड़ी सीख रहा था। उसने पीड़ित के दादा पूरनलाल के टुकटुक में पीछे से टक्कर मार दी और टुकटुक क्षतिग्रस्त हो गया जिसमें पीड़ित के दादा गंभीर रूप से घायल हो गए। पास में ही खेत में स्प्रे कर रहे सौरभ गंगवार ने देखा टाटा पंच ने व्यक्ति को टक्कर मार दी है तुरंत सौरभ गंगवार एवं वहां उपस्थित अज्ञात लोगों ने 108 एंबुलेंस के माध्यम से घायल पूरनलाल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजन घायल को बरेली भास्कर अस्पताल को ले गए पीड़ित के दादा की हालत गंभीर है और दोनों पैर फैक्चर हो गए।

## सम्मन

**न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर जिला न्यायाधीश महोदय, जिला ऊधम सिह नगर।**

दीवानी निगरानी संख्या-22
सन् 2025

**निगरानीकर्ता**-श्रीमती सुखजिन्दर कौर

**बनाम**

**विपक्षी**- बलराज सिंह व अन्य

**सम्मन बनाम- 2**-दिलबाग सिंह पुत्र श्री विचित्तर सिंह निवासी ग्राम मंगतपुर तहसील बिलासपुर जिला रामपुर (उ0प्र0)

हरगाह आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध एक दीवानी निगरानी इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जो दर्ज रजिस्टर कर लिया गया है जिसमें वास्ते आपत्ति/अग्रिम आदेश दिनांक-29-01-2026 नियत है।

अत: आप नियत तिथि को दिन के 10:30 बजे स्वयं या मय अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होवे अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 13/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीस,रुद्रपुर, उधम सिंह नगर**

## सम्मन

**न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर जिला न्यायाधीश महोदय, जिला ऊधम सिह नगर।**

दीवानी निगरानी संख्या-21
सन्- 2025

**निगरानीकर्ता**-श्रीमती सुखजिन्दर कौर

**बनाम**

**विपक्षी**- बलराज सिंह व अन्य

**सम्मन बनाम- 2**-दिलबाग सिंह पुत्र श्री विचित्तर सिंह निवासी-ग्राम मंगतपुर, तहसील बिलासपुर जिला रामपुर (उ0प्र0)

हरगाह आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध एक दीवानी निगरानी इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जो दर्ज रजिस्टर कर लिया गया है, जिसमें वास्ते आपत्ति/अग्रिम आद. श दिनांक-29-01-2026 नियत है।

अत: आप नियत तिथि को दिन के 10:30 बजे स्वयं या मय अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होवे अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 13/01/202 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीस, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत किसनपुर दुल्लानगला विकास खण्ड स्वार, रामपुर

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत किसनपुर दुल्लानगला विकास खण्ड स्वार जनपद रामपुर में ग्राम पंचायत द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (ODF) की मद में ग्राम पंचायत में ई-रिक्शा हेतु उच्च कोटि की सामग्री के निर्मित ई-रिक्शा हेतु मोहर. बंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं इच्छुक फर्में/आपूर्तिकर्ता दिनांक 22/01/2026 से दिनांक 24/01/2026 तक कार्यालय दिवस में समय 10:00 बजे से लेकर दोपहर 12:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदा/कुटेशन जमा कर सकते हैं जो कि दिनांक 27/01/2026 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष खोला जाएगा। ई-रिक्शा गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियम अनुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1- | कूड़ा गाड़ी ई-रिक्शा | 01 | -- |

नोट:-यदि किसी भी फर्म/ सप्लायर/आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप में पूर्ण करना होगा।

**( श्रीमती तरून चौहान ग्राम प्रधान )**
**ग्राम पंचायत किसनपुर दुल्लानगला विकास खण्ड स्वार जनपद रामपुर**

**( विवेक चौधरी सचिव )**
**ग्राम पंचायत किसनपुर दुल्लानगला विकास खण्ड स्वार जनपद रामपुर**

# शहजादनगर में मोबाइल शोरूम का उद्घाटन, मोहम्मद उस्मान बबलू मुख्य अतिथि रहे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहजादनगर में जीशान छोटू द्वारा नए मोबाइल शोरूम का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव एवं रो. हलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम में महफूज पहलवान, शकील अहमद साहब, डॉक्टर साहब, मुर्शद, नौशाद राय, फैजान, हाफिज जी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



इस अवसर पर मोहम्मद उस्मान बबलू ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल सर्व समाज की तरक्की में विश्वास रखता है और चाहता है कि हर व्यक्ति आगे बढ़े, कारोबार करे और अल्लाह तआला उसे बरकत अता फरमाए। उन्होंने कहा कि पार्टी युवाओं और नारी शक्ति को रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

न्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी देशभर में लगातार दौरे कर युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहे हैं, और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। मोहम्मद उस्मान बबलू ने कहा कि योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश की एनडीए सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी पंचायत और विधानसभा चुनावों में एनडीए पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी।

कार्यक्रम का समापन दुआ और शुभकामनाओं के साथ किया गया।

## राजकीय पुस्तकालय को आधुनिक तकनीक से उपयोगी बनाएं: सीडीओ



**मथुरा।** जिला पुस्तकालय समिति की मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में बुधवार को राजीव भवन स्थित के सीडीओ कार्यालय में हुई। बैठक के दौरान समिति के सदस्यों ने पुस्तकालय के संचालन, संसाधन विकास, पाठकों के लिए बेहतर सुविधाएँ बढ़ाने और आगामी गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चाएं करते हुए अपने सुझाव सीडीओ के समक्ष प्रस्तुत किए। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा ने कहा कि पुस्तकालय को आधुनिक तकनीक और सेवाओं के साथ और अधिक उपयोगी बनाया जाए। ताकि पुस्तकालय में आने वाले विद्यार्थियों, आम नागरिकों और शोधार्थियों को मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी ने पुस्तकालय समिति के पदाधिकारियों तथा सदस्यों को सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि जनसामान्य तक ज्ञान–आधारित योजनाओं का विस्तार करना पुस्तकालय की प्राथमिकता होगी। बैठक में आगामी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्णय लिए गए। इस अवसर पर डीआरडीए के परियोजना निदेशक एके उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## जल संकट पर पालिका अध्यक्ष पारा हाई



### जलकल अभियंता व प्रभारी को निलंबन की चेतावनी लापरवाही बर्दाश्त नहीं: जलापूर्ति ठप होने पर डा. आस्था अग्रवाल एक्शन मोड में

**पीलीभीत।** वाटर वर्क्स कंपाउंड में पुरानी पाइपलाइन शिफ्टिंग के कार्य में लगातार बरती जा रही लापरवाही और इसके चलते शहर की जलापूर्ति व्यवस्था चरमराने पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने जलकल विभाग की अभियंता एवं जलकल प्रभारी के खिलाफ सख्त पत्र जारी करते हुए दो दिन में व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा में शहर के समस्त मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं हुई तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करते हुए निलंबन की संस्तुति कर दी जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि वाटर वर्क्स कंपाउंड में बनाए जा रहे कम्युनिटी हॉल के निर्माण के लिए पुरानी पाइपलाइन को शिफ्ट करने का कार्य जल निगम द्वारा कराया जा रहा है।

इस कार्य के चलते बीते कई दिनों से शहर के अनेक इलाकों में जलापूर्ति बाधित रही है। कई मोहल्लों में न केवल पानी की आपूर्ति ठप रही बल्कि आपूर्ति होने पर पानी में मिट्टी और गंदगी आने की भी शिकायतें सामने आई हैं, जिससे नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पालिका अध्यक्ष ने पत्र में यह भी स्पष्ट किया है कि बार–बार शिकायतों और निर्देशों के बावजूद कुछ इलाकों में अब तक जलापूर्ति पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी है, जो कि जलकल विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाता है। उन्होंने कहा कि आम जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस जिम्मेदारी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. आस्था अग्रवाल ने जलकल विभाग को निर्देशित किया है कि आगामी दो दिनों के भीतर शहर के सभी मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से सुचारू की जाए तथा पाइपलाइन शिफ्टिंग के दौरान उत्पन्न तकनीकी समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जलापूर्ति की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष के इस सख्त रुख के बाद जलकल विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। माना जा रहा है कि पालिका स्तर पर लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की गई है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो और नागरिकों को राहत मिल सके।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ किसान दिवस

शाह टाइम्स संवादाता

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस गांधी सभागार में सम्पन्न हुआ। आयोजित किसान दिवस में कृषकों एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। किसान दिवस में वर्तमान में एग्री स्टैक योजनान्तर्गत चल रही फार्मर रजिस्ट्री के लाभ के बारे में कृषकों को बताया गया और कृषकों से अपेक्षा की गई अधिक से अधिक किसान भाई जन सुविधा केन्द्रों के माध्यम से शीघ्र फार्मर रजिस्ट्री करा लें, ताकि पीएम किसान की आगामी किस्त उनके खातों में पहुँच सके। गुरदीप सिंह, प्रतिनिधि भारतीय किसान यूनियन द्वारा अवगत कराया गया माला जंगल से होकर निगोही ब्रान्च नहर गुजर रही है उसमें बहुत अधिक मात्रा में सिल्ट भरी हुई है, जिसकी शीघ्र सफाई करायी जाये। बलराम सिंह काहलो, जिला प्रभारी भारतीय किसान यूनियन पीलीभीत के द्वारा अवगत कराया गया कि एआरटी पीलीभीत के द्वारा गन्ना किसानों की गन्ने से भरी ट्रालियां रोकी जाती है तथा सीज भी की जाती है, जिस पर तत्काल रोक लगाई जाये। वेदप्रकाश शर्मा जिलाध्यक्ष भाकियू ने अवगत कराया है कि नहरों की सफाई वर्ष में एक बार कराई जाती है, जिससे नहरों में सिल्ट आदि जमा हो जाती है। नहरों की सफाई 1 वर्ष में दोबार कराई जाये। जिलाधिकारी द्वारा किसान भाईयों से अपील की गई कि अपने अपने ग्रामों में 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित करें। साथ ही जिलाधिकारी के द्वारा किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। किसान दिवस में कृषकों को विभिन्न विभागों से आये अधिकारियों के द्वारा अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। उक्त किसान दिवस में राममिलन सिंह परिहार उप कृषिनिदेषक, आषीष यादव अधिशासी अभियंता विद्युत, राजकुमार सेठ अग्रणी जिला प्रबन्धक, खुशीराम जिला गन्ना अधिकारी, नरेन्द्र पाल जिला कृषि अधिकारी, रोहित भारती जिला पंचायतराज अधिकारी, डा प्रदीप कुमार सिंह सहायक आयुक्त/सहायक निबन्धक सहकारिता आदि अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## सौम्य वत्स बेटे की तलाश में वृंदावन की गलियां छान रहा अनुराग



**मथुरा।** मोदी नगर से आए अनुराग वत्स वृंदावन में अपने बेटे सौम्य वत्स को तलाश रहे हैं। सौम्य के लिए वे वृंदावन की गली–गली भटक रहे हैं लेकिन अभी तक कोई पता नहीं चला। सौम्य की मां ऋतु का रो–रोकर बुरा हाल है। न खाना अच्छा लग रहा है न सोना। वे बस चाहते हैं कि उनके युवा पुत्र का किसी तरह से पता लग जाए। सौम्य के पिता अनुराग वत्स ने बताया कि मोदी नगर निवासी 20 वर्षीय सौम्य वत्स जो आरकेजीआईटीएम कालेज में पढ़ता है 15 जनवरी को घर से खाना खाकर कालेज जाना के लिए निकला था। कालेज जाने के बाद से वह घर नहीं लौटा। जब देर हो गई तो घर वालों ने दोस्तों से पूछताछ की लेकिन कुछ पता नहीं लगा। रातभर इंतजार के बाद सभी की सलाह पर मोदीनगर (गाजियाबाद) पुलिस को सूचना दर्ज करा दी। पिता अनुराग वत्स ने बताया सौम्य घर से हरी जाकेट और नीली जींस पहनकर निकला था। सौम्य के घर पर नहीं लौटने पर सौम्य के बड़े भाई विभव ने पुलिस को सूचना दर्ज करायी है। अनुराग ने बताया कि जैसे ही पता चला कि वह वृंदावन में पहुंच गया है वैसे ही वे वृंदावन आ गए। चार दिन से वे बिना कुछ खाए पिए सौम्य की तलाश कर रहे हैं। किसी से कुछ मदद नहीं मिल रही। बहुत परेशान हैं। घर का हर सदस्य बेहद चिंतित है, सौम्य की मां का रो–रोकर बुरा हाल है। पिता अनुराग ने बताया कि सौम्य मोदी नगर के आरकेजीआईटीएम कालेज में पढ़ता है।

## केएम में पैसा नहीं सेवा का भाव ही सर्वोपरि है : किशन चौधरी




**मथुरा।** केएम स्वास्थ्य की राजधानी केएम हॉस्पिटल के सौजन्य से वृंदावन चन्द्रोदय मंदिर के मुख्य व्यवस्थापक स्वामी अनंत वीर्य जी महाराज के सानिध्य में इन दिनों निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर गांव गांव लगाये जा रहे है, जिसमें वरिष्ठ डाक्टर्स बीमारों का निःशुल्क इलाज व परामर्श के साथ दवाई भी मुफ्त दे रहे है। लाभान्वित मरीज केएम हॉस्पिटल के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा कर रहे है। इसी श्रृंखला में केएम अस्पताल ने गांव दौलता के पंचायत घर में डॉ. मनन, डा. अंकिता सिंह, डा. राजलक्ष्मी ने सैकड़ों मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया। इसके अलावा केएम हॉस्पिटल ने अछनेरा स्थित लक्ष्मन मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। जिसमें डा. तन्मय डा. आशीष, डा. अंकिता सिंह, डा. लक्ष्य ने निःशुल्क परामर्श के साथ फ्री जांच, दवाएं वितरित की। ब्रज में शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने वाले केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया केएम मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल तथा चन्द्रोदय मंदिर संस्थान संयुक्त रूप से पिछले कई महीनों से गांव–गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर गरीब तबके के लोगों को उनके घर व गांव में अच्छे स्वास्थ्य के लिए निःशुल्क परामर्श के साथ जांच एवं दवाएं निःशुल्क दी जा रही है।

केएम और चन्द्रोदय मंदिर अब तक 33 गांवों में शिविर लगाया जा चुका है, जिसमें हजारों की संख्या में मरीज लाभान्वित हुए है। आगे भी इसी तरह से बचे हुए ग्रामीण अंचलों में कैम्प लगाए जाएंगे जिसका मेरे ब्रजवासी लाभ उठाकर स्वयं को स्वस्थ कर सकते है। केएम हॉस्पिटल में 24 घण्टे सभी बीमारियों के विश्वस्तरीय इलाज के लिए अनुभवी चिकित्सक एवं अत्याधुनिक उपकरण मौजूद है।

## सड़क सुरक्षा पर व्याख्यान

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. मंजू चौधरी के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा ट्रैफिक रूल और युवा की जिम्मेदारी विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें एआरटीओ उपस्थित रहे। उन्होंने सड़क सुरक्षा के लिए नागरिकों की जिम्मेदारी, प्रशासन द्वारा बनाए गए नियम व उनकी जिम्मेदारी व आज के युवा वर्ग की जिम्मेदारी पर बात की। उन्होंने रोड पर होने वाली दुर्घटनाओं के कारणों पर चर्चा की। उन्होंने राह वीर योजना बारे में भी बताया जिसमें सड़क पर होने वाले एक्सीडेंट में मदद करने पर आम नागरिक को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उसे सरकार द्वारा 25000 रुपए की इनाम धनराशि भी दी जाएगी। उन्होंने गांव और शहरों पर मिलने वाली पगडंडियों और हाईवे पर होने वाले एक्सीडेंट के ऊपर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कभी भी नशा करके वाहन नहीं चलाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया की ट्रैफिक रूल का पालन सभी नागरिकों को करना चाहिए। जिससे वह स्वयं की तथा अपने सामने आने वाले व्यक्ति, दोनों की जान बचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मानव जीवन बहुत ही कीमती होता है। जिसकी कद्र सभी को करनी चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सड़क सुरक्षा क्लब की समन्वयक श्रीमती शिखा मालवीय, सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्य डॉ. दयावती उपाध्याय, श्रीमती आराधना दीक्षित, कुमारी मीनू उपस्थित रही।

## योगी सेना के हंगामे के बाद गौशाला पहुंचे एसडीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** विकासखंड क्षेत्र बीसलपुर के ग्राम राजूपुर कुंडरी स्थित गौशाला में गोवंशों की मृत्यु तथा उनके अवशेष इधर–उधर पड़े होने को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही। योगी सेना के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता विकासखंड क्षेत्र के ग्राम राजूपुर कुंडरी स्थित गौशाला पर जा धमके। उन्होंने वहां 10 से अधिक गोवंश गौशाला में मरे पड़े देखें। तथा एक दर्जन गोवंश घायल अवस्था में मिले जिन पर पक्षी तथा कुत्ते मंडरा रहे थे। इस स्थिति में गोवंशों को देखकर योगी सेना के कार्यकर्ताओं ने गौशाला के गेट पर जमकर हंगामा किया हंगामे की खबर मिलते ही उप जिला अधिकारी नागेंद्र पांडे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला तथा कार्यवाहक पशु चिकित्सा डॉ अमित कुमार को लेकर मौके पर पहुंचे इसके बाद उन्होंने सारी स्थिति देखने के बाद योगी सेना की मांग पर राजूपुर कुंडरी की गौशाला के केयरटेकर तथा ग्राम प्रधान पति शमशुल हसन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही करने के कड़े निर्देश पुलिस को दिए। इतना ही नहीं एसडीएम ने जिला अधिकारी को संबंधित गौशाला के सचिव तथा पशु चिकित्सक के विरुद्ध जांच कर कड़ी कार्रवाई करने की भी संस्तुति कर पत्र जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को भेजा है।"

## यातायात पुलिस द्वारा डग्गामार वाहनों पर की गई कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत यातायात पुलिस द्वारा डग्गामार वाहनों के विरुद्ध, अवैध रूप से संचालित व नियतन से अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चेकिंग कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। जनपदीय पुलिस/यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के प्रमुख मार्गों, बस अड्डों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिक्रमण हटवाते हुए विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें विभिन्न चौराहो पर वाहन चालक एवं आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गयी। इसके अतिरिक्त यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान करते हुए शमन शुल्क अधिरोपित किया गया व डग्गामार वाहनों पर कार्यवाही की गयी।

## नर्सिंग होम के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**चांदपुर।** मौहल्ला पतियापाड़ा निवासी मौहम्मद अजीम पुत्र शमशाद अहमद ने पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में कहा कि वह 20 जनवरी की रात्रि अपनी पत्नी को डिलीवरी हेतु कफील नर्सिंग होम में भर्ती कराने आया था। वहां पर डॉक्टर द्वारा उसकी पत्नी को रूकने को कहे जाने पर वह वहीं रूक गया और अपनी बाइक यूपी20बी2274 नर्सिंग होम के बाहर ही खड़ी कर दी। सुबह सवेरे जब उसने बाहर आकर देखा तो उसकी बाइक वहां से गायब थी। पीडित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है।

## शेरबाज पठान ने किया उद्घाटन



**चांदपुर।** चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान ने मौहल्ला कोटला स्थित अलदुबई फैमिली रेस्टोरेंट का फीता काटकर उद्घाटन किया। रेस्टोरेंट स्वामी नसीम अहमद ने कहा कि उनके इस रेस्टोरेंट में चिकन के शौकीनों को बेहतरीन स्वाद में दुबई जायका मिलेगा। इस मौके पर वार्ड सभासद शारिक हाशमी, वसीम अहमद, शानू अहमद, नसीमुद्दीन मनिहार, नेता मौहम्मद नासिर मलिक, अफजाल ठेकेदार, शेख मैहम्मद आरिफ ने भी शिरकत की।

## जानलेवा हमले के चार आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**स्योहारा।** क्षेत्र में जानलेवा हमले के एक गंभीर मामले में पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

02 जनवरी 2026 को वादी धर्मपाल सिंह पुत्र ध्यान सिंह निवासी ग्राम मुक्करपुरी ने थाने में एक लिखित प्रार्थना पत्र दिया था। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया कि ग्राम मुक्करपुरी निवासी कलुआ पुत्र सतवीर सिंह, विजय पुत्र धूम सिंह, विपांश पुत्र विजयपाल एवं भूपेन्द्र सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह ने वादी व उसके परिजनों के साथ गाली गलौच करते हुए धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में वादी के भाई व भतीजे को गंभीर चोटें आईं तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई। तहरीर के आधार पर मुकदमा 333 बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामले में धारा 118 (1 बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी एवं क्षेत्राधिकारी धामपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चारों नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से एक अदद डंडा तथा एक लोहे की नुकीली पत्ती बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, उप निरीक्षक राजेश कुमार, उप निरीक्षक नरेन्द्र कुमार सरित, प्रवेश कुमार, मनोज कुमार मौजूद रहे।

## नजीबाबाद में खुलेआम अवैध खनन जारी

### डीएम को सौंपा गया ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** नजीबाबाद तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन खुलेआम जारी है। हैरानी की बात यह है कि डीएम द्वारा जेसीबी से खनन पर रोक के स्पष्ट आदेश जारी किए जाने के बावजूद पोकलैंड और जेसीबी जैसी भारी मशीनों से लगातार मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पूरा अवैध कारोबार स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से हो रहा है। खनन माफिया बेखौफ होकर दिन–रात मिट्टी का खनन कर रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। हाईवे के किनारे बड़े पैमाने पर कॉलोनियों के लिए भराव किया जा रहा है। नियमों की अनदेखी के साथ–साथ सड़क सुरक्षा और पर्यावरण को भी गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। दुर्घटनाओं का




खतरा लगातार बढ़ रहा है। आसपास के खेतों, आबादी व जलस्तर पर भी इसका गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा अब तक कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। अवैध खनन को लेकर भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) द्वारा आज डीएम जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण से अवगत कराया गया। ज्ञापन में अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। डीएम ने शीघ्र ही टीम गठित कर जांच कराने तथा उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला मंडल अध्यक्ष भूपेश चौधरी, जिलाध्यक्ष हेमेंद्र धनकड़, प्रदेश प्रवक्ता जावेद राईन, मंडल प्रभारी दलवीर चौधरी, व्यापार मंडल रामोद कुमार, नरेंद्र सिंह, नीरज चौधरी आदि शामिल थे। अब बड़ा सवाल यह है कि जब डीएम के स्पष्ट आदेश मौजूद हैं, तो फिर अवैध खनन आखिर किस के संरक्षण में चल रहा है। क्या प्रशासन इस मामले में सख्त कदम उठाएगा या फिर खनन माफिया इसी तरह नियमों को ताक पर रखकर मिट्टी का अवैध कारोबार करता रहेगा।

## पारदर्शिता के साथ तैयार करें लिस्ट: डीएम

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में एसआईआर के संबंध में बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली के अंतर्गत वर्तमान में महत्वपूर्ण प्रक्रिया संचालित है। उन्होंने कहा कि नामावलियां जितनी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ बनाई जाएंगी, उतना ही प्रभाव देश की लोकतांत्रिक प्रणाली पर पड़ेगा। उन्होंने सभी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों सुपरवाइजर्स एवं बीएलओ को निर्देशित किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली के अंतर्गत 6 जनवरी से 6 फरवरी, 2026 तक दावे और आपत्तियों का कार्य पूर्ण निष्पक्षता पारदर्शिता और दक्षता के साथ संपन्न कराएं तथा कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करने से वंचित न रहे और ना ही कोई अपात्र व्यक्ति निर्वाचन नामावलियों में अपना नाम शामिल कराने में सफल हो सके। उन्होंने निर्देश दिए की दावे और आपत्तियों के कार्य के अलावा विशेष रूप से फॉर्म 6 बनवाने पर विशेष ध्यान आकर्षित किया जाए और 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाला कोई भी युवा एवं युवती अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करने से वंचित न रहने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रपत्र 6 भरने के लिए मतदाता का वेरिफिकेशन और मैपिंग का कार्य पूरी सावधानी से करें। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि मतदाता जागरूकता के लिए रैलियों का आयोजन करें और स्कूलों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कराएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मतदाता दिवस के दिन सभी बूथों पर सुपरवाइजर्स एवं बीएलओअनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे और पूर्वाहन 11:00 बजे मतदाताओं के साथ शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसके अलावा सुविधा अनुसार अन्य मतदाता जागरूकता से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित कर सकते हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वानिया सिंह आदि रहे।

## संस्कृति विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एवं सड़क सुरक्षा क्लब के संयुक्त नेतृत्व में सड़क सुरक्षा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता, वीडियो रील निर्माण प्रतियोगिता के साथ–साथ सड़क सुरक्षा को लेकर एक नाटक का भी मंचन किया गया। संस्कृति विवि के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में छात्र कल्याण परिषद के डीन डा. डीएस तोमर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों का पालन करना कितना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हर दिन, लाखों लोग सड़कों पर यात्रा करते हैं, लेकिन सड़क पर होने वाले हादसे अक्सर गंभीर परिणाम ला सकते हैं। सड़क सुरक्षा का अर्थ है उन सभी उपायों को अपनाना जो सड़क पर यात्रा करते समय हमारे जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा कर सकें। एनएसएस इकाई के कोर्डिनेटर डा. केके पाराशर ने कहा कि सड़क पर चलने वाले वाहनों की संख्या में वृद्धि के साथ, सड़क दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ रही है। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम सड़क पर चलते समय कुछ महत्वपूर्ण नियमों का पालन करें। जैसे कि, हमेशा सड़क पार करते समय ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करना। सड़क सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें अपने और दूसरों के जीवन की सुरक्षा के लिए सतर्क रहना चाहिए। सड़क



पर सावधानी बरतने से हम न केवल अपने जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं, बल्कि दूसरों के जीवन को भी बचा सकते हैं। भाषण प्रतियोगिता में अनेक विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बांग्लादेश को भारत में खेलो या बाहर होने का अल्टीमेटम

## टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत से पहले आईसीसी ने दी बहुमत के आधार पर 24 घंटे की मोहलत

**नई दिल्ली, वार्ता।** टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत से पहले हुए विवाद पर आज हुई आईसीसी बोर्ड की बैठक में बांग्लादेश को अल्टीमेटम दे दिया गया। उन्हें बहुमत के आधार पर भारत में खेलो या बाहर होने का निर्देश मिला है। इस पर बांग्लादेश को 24 घंटे में फैसला लेना होगा।

दरअसल, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा का हवाला देते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से उनके मुकाबले भारत से श्रीलंका स्थानांतरित करने की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने आईसीसी को ग्रुप बदलने का भी विकल्प दिया था। हालांकि, अब आईसीसी ने बुधवार को हुई बैठक में उनकी सभी मांगों को खारिज करते हुए एक दिन में फैसला लेने का अल्टीमेटम दे दिया है। आईसीसी बोर्ड की बैठक में सभी फुल मेंबर देशों के डायरेक्टर ने हिस्सा लिया। ले रहे हैं। इसमें आईसीसी चेयरमैन जय शाह के अलावा, बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, एसएलसी अध्यक्ष शम्मी सिल्वा, पीसीबी चेयरमैन मो. हसिन नकवी, क्रिकेट आस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बेयर्ड, जिम्बाब्वे क्रिकेट अध्यक्ष तवेंगा मुकुहलानी, क्रिकेट वेस्टइंडीज अध्यक्ष किशोर शैलो, क्रिकेट आयरलैंड के चेयरमैन ब्रायन मैकनीस, क्रिकेट न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि रोजर ट्वास, इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन रिचर्ड थाम्पसन, क्रिकेट साउथ अफीका के प्रतिनिधि मोहम्मद मूसाजी और मीरवाइस अशरफ, क्रिकेट अफगानिस्तान के चेयरमैन शामिल रहे। इसके अलावा बैठक में आईसीसी प्रबंधन के शीर्ष अधिकारी और एंटी-करप्शन के हेड एंड्रयू एफग्रेव ने भी हिस्सा लिया। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, श्आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से बांग्लादेश सरकार को यह बताने के लिए कहा है कि अगर बांग्लादेश 2026 टी-20 विश्व कप में अपने मैच खेलने के लिए भारत जाने से मना करता रहता है, तो उसकी जगह टूर्नामेंट में दूसरी टीम को शामिल किया जाएगा। यह फैसला वोटिंग के बाद लिया गया, जिसमें आईसीसी बोर्ड के ज्यादातर सदस्य रिप्लेसमेंट के पक्ष में थे। बीसीबी को भारत में खेलने के अपने रुख पर आईसीसी को जवाब देने के लिए एक और दिन का समय दिया गया है। इस विवाद की शुरुआत मुंबई इंडियंस द्वारा बांग्लादेश के स्टार पेसर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से रिलीज करने के बाद हुई।

# डेरिल मिचेल फिर बने नंबर-1 बल्लेबाज



● भारतीय स्टार विराट कोहली 795 अंकों के साथ दूसरे पर पहुंचे

**दुबई, वार्ता।** भारत में पहली बार न्यूजीलैंड को द्विपक्षीय एकदिवसीय सीरीज ऐतिहासिक जीत दिलाने और सबसे अधिक रन बनाने वाले डेरिल मिशेल, विराट कोहली को पछाड़ कर फिर से वनडे के नंबर वन बल्लेबाज बन गए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा रैंकिग के अनुसार इस शानदार प्रदर्शन के साथ मिशेल वनडे रैंकिग में 845 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गए है। वहीं भारतीय स्टार विराट कोहली 795 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए। यह दूसरी बार है जब मिशेल ने नंबर वन वनडे रैंकिग हासिल की है, उन्होंने पिछले साल के आखिर में भी कुछ समय के लिए वह नंबर वन बल्लेबाज थे। 34 साल के मिशेल ने तीन मैचों की सीरीज में दो शतकों सहित 352 रन बनाए, जिसकी बदौलत न्यूजीलैंड ने इंदौर में 2-1 से सीरीज जीत ली। निर्णायक मैच में मिशेल के नौवें वनडे शतक ने न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक जीत की नींव रखी, जबकि विराट कोहली ने भारत के लिए हारने के बावजूद 108 गेंदों में शानदार 124 रन बनाए। मिशेल का सीरीज में बनाया गया स्कोर तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में किसी भी न्यूजीलैंड के खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सबसे अधिक स्कोर है और कुल मिलाकर तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है, जो सिर्फ बाबर आजम और शुभमन गिल से पीछे है। उन्होंने लगातार मैचों में शतक बनाए, जिससे वह न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल के बराबर आ गए। उनके इस प्रदर्शन ने उन्हें नौ वनडे शतक बनाने वाले चौथे सबसे तेज पुरुष क्रिकेटर भी बना दिया, उन्होंने यह उपलब्धि सिर्फ 54 पारियों में हासिल की। क्षेत्ररक्षण के दौरान मिशेल सीरीज के निर्णायक पल में शामिल थे जब उन्होंने इस मैच में को. हली का एक महत्वपूर्ण कैच पकड़ा, जिससे भारत की जीत की उम्मीदें खत्म हो गईं और मैच पर उनके ऑलराउंड प्रभाव को दिखाया।

## पंजाब रॉयल्स ने शानदार वापसी कर मुंबई दंगल्स को 6-3 से हराया

**नोएडा, वार्ता।** पंजाब रॉयल्स ने 3-1 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए मंगलवार रात को नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो रेसलिग लीग 2026 के दिन 6 के मुकाबले में टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स को 6-3 से पराजित किया। मुकाबले का टर्निंग पॉइंट महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में आया, जहां रजनीता जांगड़ा ने फॉल के जरिए स्कोर बराबर किया, इसके बाद 74 किग्रा पुरुष वर्ग में चंद्रमोहन ने पंजाब को बढ़त दिलाई। मीनाक्षी ने टेक्निकल सुपीरियरिटी से जीत दर्ज कर मुकाबले पर मुहर लगाई, जिससे पंजाब ने लगातार पांच मुकाबले जीतकर शानदार वापसी पूरी की। पंजाब रॉयल्स की सभी चार महिला पहलवानों ने अपने-अपने मुकाबले जीते। एना गोडिनेज ने फॉल से जीत दर्ज की, जबकि प्रिया मलिक ने अंकों के आधार पर क्लीन स्वीप किया। एना गोडिनेज को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, वहीं रोहित रहल को 'फाइटर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। यह प्रो रेसलिग लीग सीजन 5 के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक रहा, जिसमें पांच कुश्तियां फॉल या टेक्निकल सुपीरियरिटी से तय हुईं। टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की। पुरुषों के 86 किग्रा वर्ग में मुकुल दहिया ने जॉर्जिया के तारिएल गैफ्डिाशविली पर आक्रामक खेल दिखाते हुए टेक्निकल सुपीरियरिटी से जीत हासिल की।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एम्बाप्पे ने दागे दो गोल, रियल मैड्रिड ने मोनाको को हराया

**मैड्रिड, वार्ता।** किलियन एम्बाप्पे ने अपने पुराने क्लबों में से एक के खिलाफ दो गोल किए, जिससे रियल मैड्रिड ने घरेलू मैदान पर मोनाको को 6-1 से हराकर चैंपियंस लीग शुरुआती चरण के टॉप आठ में जगह बनाने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया। स्ट्राइकर एम्बाप्पे ने मंगलवार को खेले गए मुकाबले में फेडे वाल्वरडे के थ्रू बॉल पर शानदार फिनिश के साथ पांचवें मिनट में गोल दागकर रियल मैड्रिड को बढ़त दिलाई और फिर 26वें मिनट गोलकर हाफटाइम तक स्कोर 2-0 कर दिया। मैच का तीसरा गोल फेंको मास्टांटोनो ने 51वें मिनट में किया। फिर थिलो केहरर ने 55वें मिनट में गेंद को अपने ही नेट में डाल दिया।

### सैम हार्पर बने बीबीएल के 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट'

**मेलबर्न, वार्ता।** मेलबर्न स्टार्स के विकेटकीपर-बल्लेबाज सैम हार्पर को टॉप ऑर्डर में शानदार प्रदर्शन के बाद बीबीएल में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया है। 29 वर्षीय हार्पर, जिन्होंने इस सीजन में अपना 100वां बीबीएल मैच खेला, ने लीग में अपने नौवें सीजन में करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। होम और अवे सीजन में उन्होंने 61.83 की औसत से 371 रन बनाए, जिसमें 155.23 का स्ट्राइक रेट था, जिसमें एससीजी में सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ अपना पहला बीबीएल शतक और दो अन्य अर्धशतक शामिल हैं। अपने पिछले आठ सीजन में, जिसमें मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ पांच सीजन शामिल हैं, इससे पहले कि उन्हें उस डील के हिस्से के रूप में स्टार्स में ट्रेड किया गया था, जिसने ऑस्ट्रेलिया के लेगस्पिनर एडम जम्पा को रेनेगेड्स में भेजा था, उन्होंने कभी भी एक सीजन में 25.36 से अधिक का औसत या 144.55 से अधिक का स्ट्राइक रेट हासिल नहीं किया था।

# डेनियल मेदवेदेव तीसरे राउंड में पहुंचे



● डेनियल मेदवेदेव ने कड़ी मेहनत करके 6-7(9), 6-3 6-4, 6-2 से जीत हासिल की

**मेलबर्न, वार्ता।** रूस के डेनियल मेदवेदेव बुधवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में फ्रांसीसी खिलाड़ी क्वेंटिन हैलिस के खिलाफ शुरुआती मुश्किलों से बच गए, लेकिन उन्होंने कड़ी मेहनत करके 6-7(9) 6-3 6-4 6-2 से जीत हासिल की। मेलबर्न पार्क में तीन बार के फाइनलिस्ट मेदवेदेव ने पहले सेट में एक घंटे से ज्यादा समय तक संघर्ष किया, लेकिन एक कड़े टाईब्रेक के बाद हार गए। रूसी खिलाड़ी का दूसरे सेट में भी दुनिया के 83वें नंबर के खिलाड़ी ने शुरुआती गेम तोड़ दिया था, लेकिन उन्होंने अपनी लय वापस पाई और मैच बराबर कर लिया। 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने तीसरे सेट में बेसलाइन पर नियंत्रण रखा और शुरुआती ब्रेक पॉइंट को भुनाया और उसके बाद आक्रामक सर्विस गेम खेला।

फिर मेदवेदेव ने हैलिस के कमजोर रिटर्न का फायदा उठाते हुए जोरदार ग्राउंडस्ट्रोक से जीत हासिल की और तीसरे राउंड में पहुंच गए। जीत के बाद मेदवेदेव ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं ब्रिस्बेन में बहुत बेहतर खेल रहा था। मैं अभी भी यहां के कोर्ट के हिसाब से पूरी तरह से ढल नहीं पाया हूं। मुझे लगता है कि मेरे शॉट्स में थोड़ी पावर की कमी है। लेकिन जब आप किसी टूर्नामेंट में जीतते रहते हैं, तो आप धीरे-धीरे इसमें ढल जाते हैं। यह पिछले कुछ सालों में पहली बार है जब मैं किसी ग्रैंड स्लैम के तीसरे राउंड में हूं, इसलिए अच्छा महसूस कर रहा हूं।

# यूकी-आंद्रे की जोड़ी दूसरे दौर में पहुंची



● भारत के यूकी भांबरी व स्वीडिश आंद्रे गोरान्सन ने स्थानीय वाइल्ड कार्ड जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट को दी मात

**मेलबर्न, वार्ता।** भारत के यूकी भांबरी और उनके स्वीडिश साझीदार आंद्रे गोरान्सन ने बुधवार को स्थानीय वाइल्ड कार्ड जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे राउंड में जगह बना ली है। यहां खेले गए मुकाबले में भारत के टॉप रैंक वाले पुरुष युगल टेनिस खिलाड़ी, दुनिया के नंबर 21 यूकी भांबरी और आंद्रे गोरान्सन की जोड़ी ने सिर्फ 57 मिनट में जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट पर 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। साल के पहले ग्रैंड स्लैम में 10वीं सीड वाली इस इंडो-स्वीडिश जोड़ी ने पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा और उनकी सर्विस लगभग परफेक्ट थीं। पहले सेट में, उन्होंने अपने पांच सर्विस गेम में से चार लव पर जीते, सिर्फ नौवें गेम में एक पॉइंट गंवाया। पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 और कई ग्रैंड स्लैम विजेता लेटन हेविट के बेटे जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट के खिलाफ आठवें गेम में मिला ब्रेक सेट जीतने के लिए काफी थी। दूसरे सेट में भी यही सिल. सिला जारी रहा, भांबरी और गोरान्सन ने फिर से अपने पांच सर्विस गेम में से चार बिना कोई अंक गंवाए जीत दर्ज की। अगले राउंड में, भांबरी और गोरान्सन का मुकाबला। मेक्सिको के सैंटियागो गोंजालेज और नीदरलैंड के डेविड पेल तथा ब्राजील की जोड़ी मार्सेलो मेलो और फर्नांडो रोम्बोली के बीच होने वाले मैच की विजेता जोड़ी से होगा। इससे पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन में, पुरुष युगल ड्रॉ में एकमात्र अन्य भारतीय टेनिस खिलाड़ी निकी कलियंदा पूनाचा पहले राउंड में बाहर हो गए। पूनाचा और उनके थाई जोड़ीदार प्रुचिया इसारो मंगलवार को स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और जौमे मुनार से 7-6(3), 7-5 से हार गए।

यूकी भांबरी मेलबर्न में मिश्रित युगल स्पर्धा में अमेरिका की 2018 विबलडन चैंपियन निकोल मेलिचर-मार्टिनेज के साथ जोड़ी बनाएंगे।

## अफगानिस्तान ने तंजानिया को नौ विकेट से हराया

**विडहोक, वार्ता।** नूरिस्तानी उमरजई (पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद फैसल शिनोजादा (नाबाद 55) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत अफगानिस्तान ने बुधवार को अंडर-19 विश्व. कप के 18वें मुकाबले में तंजा. निया को 224 गेंदें शेष रहते नौ विकेट से रौंद दिया। अफगानिस्तान ने 86 रनों के लक्ष्य को महज 12.4 ओवर में एक विकेट पर 88 रन बनाकर मुकाबला नौ विकेट से अपने नाम किया। अफगानिस्तान का एकमात्र विकेट पांचवें ओवर में खालिद अहमदजई (14) के रूप में गिरा। फैसल शिनोजादा ने 34 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 55 रनों की पारी खेली। वहीं उस्मान सादात 16 रन बनाकर नाबाद रहे। खालिदी जुमा तंजानिया की ओर से एक विकेट लिया। इससे पहले आज यहां तंजानिया की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी तंजानिया की टीम अफगानी गेंदबाजी आक्रमण का अधिक देर तक सामना नहीं कर सकी और पूरी टीम 36 ओवरों में 85 के स्कोर पर ढेर हो गई।

## वोरसेस्टरशायर के पूर्व स्पिनर नॉर्मन गिफोर्ड का निधन



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड, वोरसेस्टरशायर और वार्विकशायर के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर नॉर्मन गिफोर्ड का लंबी बीमारी के बाद 85 साल की उम्र में निधन हो गया है। गिफोर्ड वोरसेस्टरशायर की 1964 और 1965 की काउंटी चैम्पियनशिप जीतने वाली टीमों के प्रमुख सदस्य थे, और 1974 में क्लब को खिताब दिलाया, साथ ही 1971 में उनकी तीन संडे लीग जीत में से पहली जीत भी दिलाई। उन्होंने 1960 से 1982 के बीच 22 साल तक क्लब के लिए खेला, इस दौरान उन्होंने 1,615 फर्स्ट-क्लास विकेट लिए।

उन्हें 1975 में विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया, और क्रिकेट में उनकी सेवाओं के लिए 1978 में एमबीई से सम्मानित किया गया। उनके टेस्ट करियर में 1964 से 1973 के बीच 15 टेस्ट शामिल थे, जिसमें उन्होंने 31-09 की औसत से 33 विकेट लिए, जिसमें कराची में पाकिस्तान के खिलाफ 55 रन देकर 5 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। हालांकि, एक दशक से भी ज्यादा समय बाद उनका एक अप्रत्याशित अध्याय आया, जब 44 साल की उम्र में उन्होंने शारजाह में रॉथमैन फोर-नेशंस कप में दो वनडे में इंग्लैंड की कप्तानी की।

एक थका देने वाले सर्दियों के मौसम के बाद इंग्लैंड के कई मुख्य खिलाड़ी टीम से बाहर थे, जिसमें नियमित कप्तान डेविड गोवर भी शामिल थे, और वे ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान दोनों से हार गए। हालांकि, गिफोर्ड ने बाद वाले मैच में दस किफायती ओवरों में 23 रन देकर 4 विकेट लिए। अपने करियर के इस पड़ाव पर वह वार्विकशायर चले गए थे।

# अल्काराज-सबालेंका व गॉफ का तीसरे दौर में प्रवेश



● अल्काराज ने यानिक की कड़ी चुनौती को पार करते हुए सीधे सेटों में 7-6, (7-4), 6-3 6-2 से जीत हासिल की

**मेलबर्न, वार्ता।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज, महिलाओं में नंबर एक आर्यना सबालेंका और अमेरिकी स्टार कोको ग्रॉफ ने सीधे सेटों में जीत हासिल कर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। कार्लोस अल्काराज ने यानिक हैन्फमैन की कड़ी चुनौती को पार करते हुए सीधे सेटों में 7-6 (7-4), 6-3, 6-2 से जीत हासिल की। दुनिया के नंबर एक और टॉप सीडेड स्पेनिश खिलाड़ी को 34 साल के जर्मन खिलाड़ी, जो 102वीं रैंक पर हैं, के खिलाफ रैंकिग के मुक. ाबले कहीं ज्यादा मुश्किल का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला काफी प्रतिस्पर्धी रहा, खासकर पहले सेट में। हैन्फमैन ने तुरंत दबाव बनाया, अपने पावरफुल फोरआर्म शॉट्स और शानदार ड्रॉप शॉट्स का इस्तेमाल करके अल्काराज को डिफेंसिव रखा। पहला सेट 78 मिनट की लंबी बेसलाइन रैलियों के बाद टाईब्रेक तक गया, जिसमें अल्काराज आखिरकार 7-4 से जीत गए। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, जर्मन खिलाड़ी की पसली की चोट का असर दिखने लगा, जिससे उनकी मूवमेंट और शॉट लगाने की क्षमता सीमित हो गई। अल्काराज ने इस मौके का फायदा उठाया, रणनी. तिक समझदारी और धैर्य दिखाया। दूसरे सेट में, उन्होंने अहम पलों पर हैन्फमैन की सर्विस तोड़ी, और आखिरकार कई शानदार फोरआर्म विनर्स और सटीक बैकहैंड प्लेसमेंट के साथ सेट 6-3 से जीत लिया। तीसरे सेट में, अल्काराज ने अपना दबदबा बनाए रखा, फिर से सर्विस तोड़कर मैच के लिए सर्व किया और 6-2 से मैच खत्म कर दिया। सीधे सेटों के स्कोर के बावजूद, अल्काराज ने माना कि मैच के लिए फोकस और तालमेल बिठाने की जरूरत थी। इस जीत के साथ, अल्काराज तीसरे राउंड में पहुंच गए हैं, जहां उनका मुक. ाबला अमेरिकी क्वालिफायर जेंग या फ्रांसीसी खिलाड़ी कोरेंटिन माउटेट से होगा। सबालेंका ने अपनी काबिलियत का प्रदर्शन किया और दूसरे दौर में चीनी क्वालिफायर बाई झूओक्सुआन को 6-3, 6-1 से हराया।

## लिजेल ली पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

**वडोदरा, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स की लिजेल ली पर मंगलवार को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और 1 डिमेरिट पॉइंट दिया गया है। लिजेल ली ने आर्टिकल 2-2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया, जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरणों के दुरुपयोग से संबंधित है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है।

# मैं नंबर-3 पर खेलना चाहती थी: जेमिमाह



● इस सीजन कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों मोर्चों पर संघर्ष कर रहीं जेमिमा रॉड्रिग्स प्लेयर ऑफ द मैच रही

**वडोदरा, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स के लिए मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मिली जीत महज दो अंक नहीं, बल्कि राहत की एक बड़ी सांस लेकर आई है। इस सीजन कप्तानी और बल्लेबाजी, दोनों ही मोर्चों पर संघर्ष कर रहीं जेमिमा ने न केवल अपनी टीम को जीत की पटरी पर लौटाया, बल्कि खुद भी नाबाद 51 रनों की कप्तानी पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच भी रहीं।

डीसी जब अपनी सीजन की शुरुआत कर रही थी, तब बल्लेबाजी क्रम को लेकर तीन बड़े सवाल थे। शेफाली वर्मा के साथ ओपन कौन करेगा? क्या जेमिमानंबर तीन पर बल्लेबाजी करेंगी? लिजेल ली और लौरा वुलफॉर्ट किस पोजीशन पर बल्लेबाजी करेंगी? एमआई के खिलाफ मिली जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जेमिमा ने खुलासा किया कि वे निजी तौर पर नंबर तीन पर खेलना चाहती थीं, लेकिन टीम की जरूरत के आगे उन्होंने अपना मन बदल लिया।

उन्होंने कहा कि सच कहूं तो मैं नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना चाहती थी, लेकिन कप्तान के तौर पर मैं सिर्फ अपने बारे में नहीं सोच सकती। मुझे टीम को पहले रखना था। टीम के नजरिए से लौरा वुलफॉर्ट नंबर तीन के लिए बेहतर थीं क्योंकि वे दक्षिण अफ्रीका के लिए भी ओपनिग करती हैं और नई गेंद को अच्छा टाइम करती हैं। नंबर चार पर मैं ज्यादा सहज हूं क्योंकि मैं स्पिनर्स को बेहतर खेल सकती हूं और पहली ही गेंद से गैप ढूंढने में सक्षम हूं। लौरा एक बेहतरीन उप कप्तान भी हैं और मैदान पर मेरी बहुत मदद करती हैं। मुझे उनके साथ बल्लेबाजी करना और उनके कवर ड्राइव देखना बहुत पसंद है। पिछले तीन सीजन तक डब्ल्यूपीएल के फाइनल में पहुंचने वाली डीसी की टीम इस सीजन उस तरह की लय में नहीं है।

# घर से टी-20 विश्व कप देखना थोड़ा अजीब लगेगा: रोहित

## रोहित शर्मा ने साथियों के साथ बनाए गए रिश्तों और बॉन्ड के बारे में अपने विचार शेयर किए



**मुंबई, वार्ता।** भारत के 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान रोहित शर्मा जियोहॉटस्टार के 'कैप्टन रोहित शर्माज रोडमैप फॉर टी-20 वर्ल्ड कप' में जतिन सप्रू के साथ बैठे, जहां उन्होंने पहले टी-20 वर्ल्ड कप के बारे में बात की जिसमें वह हिस्सा नहीं लेंगे, अपने टीम के साथियों के साथ बनाए गए रिश्तों और बॉन्ड के बारे में अपने विचार शेयर किए, मुश्किल सिलेक्शन के फैसले लेने और आने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम के बारे में अपनी राय बताई। रोहित शर्मा ने माना कि अपने करियर में पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप मिस करना उनके लिए एक अजीब एहसास होगा। उन्होंने कहा,ष्हम घर पर इस बारे में बात कर रहे थे कि घर से इसे देखना अजीब लगेगा, खासकर टी-20 वर्ल्ड कप। जब से यह शुरू हुआ है, तब से अब तक मैं हर वर्ल्ड कप का हिस्सा रहा हूं, इसलिए यह अलग लगेगा। जब मैं टीम को टी 20 मैच खेलते हुए देखता हूं, तो मिस करने का एहसास उतना नहीं होता। लेकिन जब आप वर्ल्ड कप मिस करते हैं, तो असलियत का एहसास होता है। तभी आपको पता चलता है कि आप इसका हिस्सा नहीं बनने वाले हैं। तो यह थोड़ा अजीब लगेगा। हालांकि, मैं स्टेडियम में कहीं रहूंगा। यह वैसा नहीं होगा और यह एक अलग अनुभव होगा, लेकिन मैं असल में इसके लिए उत्सुक हूं। यह काफी शानदार होगा। अपनी कप्तानी के दौरान टीम के साथियों के बीच सम्मान पाने और रिश्ते बनाने के बारे में रोहित ने कहा कि खिलाड़ियों के साथ अभी भी वैसा ही रिश्ता होना बहुत अच्छा लगता है, और यही मैं हमेशा टीम में चाहता था, किसी भी चीज पर खुलकर बात करना, सिर्फ क्रिकेट ही नहीं, बल्कि जदिगी के बारे में भी, खेल के बाहर की कोई भी बात। जिंदगी में क्या चल रहा है, घर पर क्या हो रहा है, इस तरह की बातें। मैं हमेशा वैसा ही इंसान बनना चाहता था, क्योंकि मुझे पता है कि जब आप पहली बार टीम में शामिल होते हैं, तो खुलने में समय लगता है। इसलिए, जब मैं यहां बैठा होता हूं या जब मैं टीम के ड्रेसिग रूम में जाता हूं, तो मैं कभी नहीं चाहता कि किसी को ऐसा लगे कि उन्हें खुलने में समय लगेगा। मैं चाहता हूं कि उन्हें लगे कि वे बस आकर खुलकर बात कर सकते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए कि वे सोचें कि उन्हें आकर बात करनी चाहिए या नहीं। मैं कभी नहीं चाहता था कि किसी के मन में ऐसा ख्याल आए। मैं जितना हो सके उतना खुला और सीधा रहने की कोशिश करता हूं, और इसीलिए ए लोग मेरा बहुत मजाक उड़ाते हैं। कोई सीमा नहीं है, हमेशा एक खुला दरवाजा होता है। साथ ही, हम एक-दूसरे की टांग खींचते हैं, खैर, हम नहीं, वे मेरी टांग खींचते हैं। मैं हमेशा ऐसा ही माहौल चाहता था, और मुझे यह सच में बहुत पसंद है। टीम में एकजुटता और आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप इंडिया और श्रीलंका 2026 के लिए भारतीय टीम के बारे में: रोहित ने कहा कि मुझे लगता है कि एकजुटता और आपसी भरोसा सबसे जरूरी चीजें हैं। अगर मैं गलत नहीं हूं, तो ए खिलाड़ी लगभग दो साल से एक साथ खेल रहे हैं। कुछ खिलाड़ी बाहर हुए हैं और कुछ नए आए हैं, लेकिन इसके अलावा, मुझे लगता है कि पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से लगभग 80 से 90 प्रतिशत टीम वही रही है। जब मैं मैच देखता हूं, तो मुझे लगता है कि टीम में आपसी समझ बहुत अच्छी है, जो एक साथ खेलने से बनी है। एक अच्छी बात यह है कि कुछ अपवादों को छोड़कर, लगभग सभी खिलाड़ी एक ही उम्र के हैं।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सुर्खियों में ट्रांसफर

उप्र का सम्भल फिर से चर्चाओं में है। पिछले कुछ महीनों से वह लगातार कई कारणों से चर्चाओं में रहा है। पहले जामा मस्जिद का सर्वे और उसके बाद हुई हिंसा को लेकर चर्चा बटोर चुका है। पुलिस की कार्रवाई भी यहां सुर्खियों में बनी रही है। हाल ही में चर्चाओं में संभल उस समय आया, जब यहां के सीजेएम विभांशु सुधीर ने नौ जनवरी को एएसपी अनुज चौधरी समेत 20 पुलिसकर्मियों पर एपआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। अब पांच दिन बाद उनका ट्रांसफर कर दिया गया है। यूं तो इलाहाबाद हाईकोर्ट की तरफ से एक लिस्ट जारी हुई है, इस लिस्ट में 14 जजों के ट्रांसफर किए गए हैं और कुछ जजों की जगह अदला-बदली भी की गई है। इसी लिस्ट में विभांशु सुधीर का भी नाम है। उनको सुल्तानपुर भेजा गया है। वहीं चंदौसी कोर्ट के सी. डि. सिविल जज आदित्य सिंह को सम्भल का सीजेएम नियुक्त किया गया है। ध्यान रहे आदित्य सिंह वही जज हैं जिन्होंने श्री हरि-हरि मंदिर बनाम जामा मस्जिद दावे पर सर्वे के आदेश दिए थे। उन्हें प्रोमोशन के तहत सम्भल भेजा गया। विभांशु सुधीर मूलरूप से जहां उप्र के भदोई जिले के रहने वाले हैं, तो वहीं आदित्य सिंह मूलरूप से यूपी के मु.नगर के रहने वाले हैं। यह भी अजीब संयोग है कि एएसपी अनुज चौधरी भी मु.नगर जनपद से ही ताल्लुक रखते हैं। यूं तो जजों का ट्रांसफर कोई नई बात नहीं है और यह प्रक्रिया के तहत चलता रहता है, लेकिन कई बार समय का फेर इस तरह का हो जाता है जहां ट्रांसफर चर्चाओं में आ जाते हैं और वह इस कारण से होता है कि उसके पीछे कोई फैसला जुड़ा होता है। जैसाकि इस समय भी देखने में आ रहा है। जब मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर ने 9 जनवरी को यह फैसला लिया था तो इस फैसले ने सभी को चौंका दिया था। एएसपी अनुज चौधरी उप्र शासन के काफी नजदीक माने जाते रहे हैं और उनकी कार्यशैली भी काफी विवादित रही है। उनके विवादित बयान भी काफी चर्चाओं में रह चुके हैं, जो सांप्रदायिकता का सार लिए होते हैं। ऐसे में अनुज चौधरी और 20 अन्य पुलिसकर्मियों के विरुद्ध किसी न्यायाधीश द्वारा मुकदमा का आदेश देना चर्चा तो बंटोरेगा ही। साथ ही वह सर्द मौसम में राजनीतिक गर्मी का काम करेगा, जोकि ऐसा होता दिखाई भी दे रहा है। साथ ही ऐसे लोगों को भी बल मिलेगा, जो सरकार पर न्याय पालिका को प्रभावित करने का आरोप लगाते रहे हैं। अच्छा होता कि सरकार इस पर थोड़ा संयम बरतती और ऐसा कोई काम न करती जिससे जनता में गलत संदेश जाए। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा है। यूं भी यह इस तरह का कोई पहला मामला नहीं है। हम दिल्ली, हरियाणा में ऐसा होते देख चुके हैं। ऐसी स्थिति न्यायपालिका के लिए ठीक नहीं है। न्यायपालिका की साख की हर हाल में रक्षा की जानी ही चाहिए।

## विधायिका तय करती है न्याय का मार्ग



न्याय, समता और बंधुता भारतीय संविधान की आत्मा हैं और इन्हीं मूल्यों के आधार पर देश की विधायिका समाज को दिशा देने का कार्य करती है, न्याय कैसे प्राप्त किया जाए, इसका मार्ग विधायिका तय करती है, क्योंकि वही ऐसे कानूनों का निर्माण करती है जो समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय दिलाने में सहायक होते हैं, विधायिका समतामूलक समाज की स्थापना का माध्यम है, बंधुता का अर्थ यह है कि सहमति और असहमति के बावजूद हम सब एक साथ आगे बढ़ते हैं और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सम्मान करते हैं, सशक्त विधायिका ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है और ऐसे आयोजनों से देश में बेहतर संसदीय परंपराओं को मजबूती मिलती है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# छुट्टियों के मौसम के बाद ट्रैवल इंश्योरेंस क्लेम दर्ज से पहले इन बातों का रखें ध्यान

ट्रैवल इंश्योरेंस का उद्देश्य होता है कि आपकी यात्रा के दौरान आई अचानक परेशानी से आपको सुरक्षित रखे और फिलहाल भारत में यात्रियों के साथ बिल्कुल यही हो रहा है। इस दिसंबर से चल रही परिचालन चुनौतियों के कारण दिल्ली, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु और हैदराबाद सहित कई प्रमुख हवाई अड्डों पर, लोगों को फ्लाइट कैंसलेशन और देरी का अनुभव करना पड़ा। अगर आपने कॉम्प्रिहेंसिव ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी ली है, तो ऐसे मुश्किल-भरे हालात असल में यह समझने का सबसे अच्छा मौका होते हैं कि आपकी कवरेज कब और कैसे काम आ सकती है। अगर आपकी फ्लाइट कैंसल हो जाए, ट्रांसफर मिस हो जाएं, अचानक मेडिकल जरूरतें आ जाएं या होटल बुकिंग में दिक्कत आए, खासकर जब एयरलाइन के परिचालन में इस तरह की गड़बड़ी हो जाए, तब आपके लिए यह जानना बहुत जरूरी हो जाता है कि क्लेम कैसे और कब दर्ज करना है।

### अपना ट्रैवल क्लेम दर्ज करने से पहले किन बातों को ध्यान में रखें?

चाहे आप कहीं भी जा रहे हों, आपको वर्तमान स्थिति जैसी किसी एमरजेंसी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण बातों के बारे में जानना बेहतर है जो आपके ट्रैवल क्लेम अनुभव को आसान बनाएंगी।

### यात्रा से पहले की तैयारी

यात्रा पर निकलने से पहले यह जरूरी है कि आप अपने साथ ले जाने वाली सभी महंगी और कीमती चीजों की ठीक तरह से लिस्ट बना लें। अपनी पसंदीदा डेस्टिनेशन के लिए रवाना होने से पहले, जिन भी कीमती सामानों या डॉक्यूमेंट्स को आप साथ ले जा रहे हैं, उनकी ढेर सारी तस्वीरें खींचकर सुरक्षित रख लें। इसके अलावा, अपने सभी ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स की एक कॉपी बना लेना और उसे घर पर किसी भरोसेमंद परिवार के सदस्य या दोस्त के पास छोड़ देना समझदारी है, और असली डॉक्यूमेंट्स को अपने साथ सफर पर ले जाएं।

### शर्तें बारीकी से पढ़ना

किसी भी तरह का इंश्योरेंस खरीदते समय पॉलिसी डॉक्यूमेंट्स को ध्यान से पढ़ना बेहद जरूरी होता है। इससे आपको यह साफ पता चलता है कि ट्रैवल पॉलिसी में क्या शामिल है और क्या नहीं। पॉलिसी नियमावली आपके ट्रैवल इंश्योरर की आधिकारिक वेबसाइट पर आसानी से मिल सकती है। क्लेम दर्ज करते समय, अगर आप अपनी पॉलिसी से अच्छी तरह वाकिफ हैं, तो सूचीबद्ध शर्तों और सीमाओं के आधार पर आपको क्लेम की स्वीकार्यता समझने में आसानी होगी। ट्रैवल इंश्योरेंस में आमतौर पर शामिल कवरेज में फ्लाइट कैंसलेशन और देरी, मिस्ड कनेक्शन, सामान का खोना या मिलने में देरी होना, और मेडिकल एमरजेंसी से जुड़े खर्च शामिल होते हैं।

### मेडिकल एमरजेंसी

एमरजेंसी या एक्सीडेंट के मामले में, अपनी इंश्योरेंस कंपनी को तुरंत सूचित करें। खासकर विदेश में होने पर, सभी मेडिकल रसीदें और रिपोर्ट्स सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संभालकर रखें। ऐसी रसीदों के आधार पर इंश्योरर यह तय कर पाएगा कि इलाज कहां कराया गया था। अगर दुर्घटना किसी थर्ड पार्टी की गलती से हुई हो, तो पुलिस रिपोर्ट जरूर दर्ज कराएं और उसकी एक कॉपी सुरक्षित रख लें, ताकि क्लेम के समय उसे इंश्योरेंस कंपनी के पास जमा किया जा सके।

### सामान का खोना या चोरी होना

एयरपोर्ट से लेकर होटल तक, सफर के दौरान कई जगहें ऐसी होती हैं जहां आपका सामान चोरी होने का खतरा रहता है, खासकर विदेश में। ऐसी इंश्योरेंस पॉलिसी खोए हुए सामान और आवश्यक चीजें जैसे कपड़े, टॉयलेट्रीज और आवश्यक रिप्लेसमेंट के लिए मुआवजा प्रदान करती है। अगर ऐसा होता है, तो पुलिस स्टेशन से लिखित रिपोर्ट प्राप्त करें और तुरंत अपनी इंश्योरेंस कंपनी को इसके बारे में जानकारी दें। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आपके पास अपना क्लेम दर्ज करने के लिए उचित प्रमाण हो।

### तुरंत क्लेम दर्ज करें

हर इंश्योरेंस कंपनी एक निश्चित समय अवधि तय करती है, जिसके भीतर आप अपना क्लेम दर्ज कर सकते हैं। विशेष रूप से छुट्टियों



के मौसम के बाद, यह उम्मीद की जाती है कि ज्यादा क्लेम दर्ज किए जाएंगे। आजकल, अधिकांश कंपनियां आपको अपना क्लेम ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा देती हैं। क्लेम शुरू करने के लिए, अपनी इंश्योरेंस कंपनी की वेबसाइट से क्लेम फॉर्म डाउनलोड करें और विधिवत भरा हुआ फॉर्म सबमिट करें। रीइम्बर्समेंट की संभावना को बढ़ाने के लिए सभी संबंधित प्रमाण अटैच करना न भूलें। अगर आपने कॉम्प्रिहेंसिव ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी का विकल्प चुना था, तो समय आ गया है कि क्लेम दर्ज करना सीख लें, ताकि आपकी पॉलिसी खरीदने का उद्देश्य पूरा हो सके। बहुत से लोग इस प्रक्रिया से गुजरने में हिचकिचाते हैं, लेकिन इसमें मिलने वाली आर्थिक सुरक्षा उस मेहनत से कहीं ज्यादा मूल्यवान होती है। चाहे बात फ्लाइट में रुकावटों की हो, सामान खोने की या अचानक आने वाली स्वास्थ्य समस्याओं की, सही तरीके से क्लेम दर्ज करने से ही आपको वह मुआवजा मिलता है जिसके आप हकदार हैं। इस अनिश्चितताओं से भरी यात्राओं के सीजन में, समय पर और सही दस्तावेजों के साथ क्लेम दर्ज करने के लिए तैयार रहना एक समझदारी भरा कदम है, ताकि आप अनचाहे खर्चों से बच सकें और आपकी छुट्टियां बाद में याद करते समय उतनी ही खुशगवार रहेंगी, जितनी आपने सोची थीं।

**एयरपोर्ट से लेकर होटल तक, सफर के दौरान कई जगहें ऐसी होती हैं जहां आपका सामान चोरी होने का खतरा रहता है, खासकर विदेश में। ऐसी इंश्योरेंस पॉलिसी खोए हुए सामान और आवश्यक चीजें जैसे कपड़े, टॉयलेट्रीज और आवश्यक रिप्लेसमेंट के लिए मुआवजा प्रदान करती है। अगर ऐसा होता है, तो पुलिस स्टेशन से लिखित रिपोर्ट प्राप्त करें और तुरंत अपनी इंश्योरेंस कंपनी को इसके बारे में जानकारी दें। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आपके पास अपना क्लेम दर्ज करने के लिए उचित प्रमाण हो।**

**-राकेश कौल**
**( चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर-रिटेल बिजनेस, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड )**

# घूमने के हैं शौकीन, तो यहां जरूर जाएं

घूमने के शौकीन लोग समय और छुट्टियां मिलते ही घूमने की प्लानिंग कर लेते हैं। अधिकतर लोग घूमने के लिए हिल स्टेशन जाना पसंद करते हैं। जिससे वह बिजी शेड्यूल के बीच सुकून के कुछ पल बिता सकें। यहां की ठंडी-ठंडी हवाएं और शांत वातावरण दिल और दिमाग को शांति पहुंचाते हैं। आमतौर पर जब भी घूमने की प्लानिंग की जाती है, तो अधिकतर लोग शिमला-मनाली और नैनीताल जाना पसंद करते हैं।

बता दें कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के अलावा अन्य कई राज्य हैं, जहां आपको एक से बढ़कर एक खूबसूरत हिल स्टेशन मिल जाएंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तमिलनाडु के एक ऐसे हिल स्टेशन के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाने के बाद आपका वापस आने का मन नहीं करेगा।

**तमलिनाडु के हिल स्टेशंस**

वैसे तो तमिलनाडु में 25 से ज्यादा हिल स्टेशन हैं, जोकि राज्य की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। यहां पर कुन्नूर, एलागिरी, यरकौड, ऊटी, कोडाइकनाल, वेल्लियांगिरी हिल्स और कोल्ली हिल्स जैसी कई शानदार जगहें हैं। लेकिन अगर आपको प्रकृति की खूबसूरती और झीलों के सुंदर नजारे देखना चाहते हैं, तो आपको कोटागिरी हिल स्टेशन एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है।

**कोटागरिरी है बेस्ट ऑप्शन**



यह एक बेहद शानदार जगह है और यहां के नजारे पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। बारिश के मौसम में इस जगह की खूबसूरती अधिक बढ़ जाती है। आज हम आपको कोटागिरी हिल्स में घूमने वाली कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**कैथरीन फॉल्स**

कैथरीन फॉल्स 20 फीट की ऊंचाई से गिरता है। यह झरना हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां के सुंदर नजारे देखने के बाद आपका वापस जाने का दिल नहीं करेगा।

**कोटागरिरी ट्रैक रूट**

अगर आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जिनको ट्रैकिंग पसंद है। तो आपको एक बार कोडनाड से कोटागिरी की ट्रैकिंग जरूर करना चाहिए। आपको इस रूट में चाय के सुंदर बागान और घने जंगल भी देखने को मिलेंगे।

**चाय के बागान**

बता दें कि नीलगिरी की पहाड़ियों पर बसे चाय बागानों को देखकर आप सुकून महसूस करेंगे। यहां पर आप चाय की चुस्की भी ले सकते हैं। इसकी खूबसूरती देखकर आप भी बार-बार कैमरा निकालने पर मजबूर होंगे।

**कोडनाड व्यू पॉइंट**

यह जगह सनराइज और सनसेट के सुंदर नजारों को देखने के लिए सबसे अच्छी मानी जाती है। इसके साथ ही आपको यहां पर टीपू सुल्तान के किले का बेहद खूबसूरत नजारा देखने को मिलेगा।

**रंगास्वामी पीक**

अगर आप हाइकिंग ट्रेल का मजा लेना चाहते हैं, तो आपको रंगास्वामी पीक जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यहां का रंगास्वामी मंदिर और बड़े-बड़े चट्टान लोगों को पसंदीदा लिस्ट में शामिल होते हैं।

**ऐसे पहुंचें कोटागरिरी हिल स्टेशन**

आप चाहें तो यहां पर ट्रेन से भी जा सकते हैं। यहां का सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन मेट्टुपालयम है। कोटागिरी से इसकी दूरी करीब 33 किमी दूर है। यहां का सबसे पास एयरपोर्ट कोयंबटूर है। जोकि करीब 70 किमी की दूरी पर है। आप चाहें तो यहां पर बस और प्राइवेट गाड़ी से भी आ सकते हैं।

**-साभार प्रभा**

# नेताजी सुभाष की मृत्युः आयोग, फाइलें और अधूरा सत्य



**योगेश कुमार गोयल**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है। दरअसल उनकी मृत्यु के संबंध में कई दशकों से यही दावा किया जाता रहा है कि 18 अगस्त 1945 को सिंगापुर से टोक्यो (जापान) जाते समय ताइवान के पास फार्मोसा में उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उस हवाई दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। नेताजी ने 16 अगस्त 1945 को टोक्यो से ताइपेई के लिए उड़ान भरी थी और जापानी द्वितीय विश्व युद्ध का उनका विमान 18 अगस्त की सुबह ताइपेई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसके बाद जापान सरकार द्वारा घोषणा की गई थी कि उस दुर्घटना में विमान में सवार सभी 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी शामिल थे। 18 अगस्त 1945 को ताइवान के ताइपेई में विमान दुर्घटना में उनकी मौत की जापान सरकार द्वारा की गई आधिक. ारिक घोषणा को भारत सरकार ने भी स्वीकार कर लिया था लेकिन आज भी कई लोग इसे मानने को तैयार नहीं हैं। दरअसल उनके जीवित होने और गुमनामी में जीवन जीने के दावे किए जाते रहे हैं और इस विषय पर कई बार जांच भी हुई है।



हालांकि नेताजी के जीवित होने का दावा करने वाले लोगों ने कई बार अपने दावों का समर्थन करने के लिए सबूत पेश किए लेकिन उन सबूतों को प्रायः संदिग्ध माना गया है और कहा जाता रहा है कि उनके जीवित होने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं हैं। दरअसल नेताजी का शव कभी नहीं मिला और कुछ अन्य कारणों से भी उनकी मौत के दावों पर आज तक विवाद बरकरार है। उनकी मृत्यु का रहस्य जानने के लिए विभिन्न सरकारों द्वारा पूर्व में कुछ आयोगों का गठन भी किया जा चुका है और कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नेताजी के लापता होने के रहस्य से जुड़े खुफिया दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग पर सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच भी गठित की गई किन्तु अभी तक रहस्य से पर्दा नहीं उठा है। फैजाबाद के गुमनामी बाबा से लेकर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले तक में नेताजी के होने संबंधी कई दावे भी पिछले दशकों में पेश हुए किन्तु सभी की प्रामाणिकता संदिग्ध रही और नेताजी की मौत का रहस्य यथावत बरकरार है। हालांकि जापान सरकार बहुत पहले ही इस बात की पुष्टि कर चुकी है कि 18 अगस्त 1945 को ताइवान में कोई विमान हादसा हुआ ही नहीं और भारत सरकार द्वारा कुछ समय पूर्व सार्वजनिक की गई नेताजी से संबंधित कुछ गोपनीय फाइलों में मिले एक नोट से तो यह सनसनीखेज खुलासा भी हुआ कि 18 अगस्त 1945 को हुई कथित विमान दुर्घटना के बाद भी नेताजी ने तीन बार 26 दिसम्बर 1945, 1 जनवरी 1946 तथा फरवरी 1946 में रेडियो द्वारा राष्ट्र को सम्बोधित किया था। इस खुलासे के बाद से ही नेताजी की मौत का रहस्य और गहरा गया था।

नेताजी के जीवित रहने को लेकर किए गए विभिन्न दावों में कहा गया कि वे विमान दुर्घटना में नहीं मारे गए थे बल्कि जीवित बच गए थे और उन्होंने अपने जीवन का बाकी हिस्सा गुप्त रूप से बिताया। ऐसे ही दावों में से एक दावा यह भी था कि विमान दुर्घटना में नेताजी को गंभीर रूप से चोटें लगी थी लेकिन वे जीवित बच गए थे और उन्हें एक जापानी अस्पताल में ले जाया गया था, जहां उनका इलाज किया गया और बाद में उन्हें सोवियत संघ ले जाया गया, जहां उन्हें एक गुप्त शिविर में रखा गया। एक अन्य दावा यह भी था कि नेताजी ने विमान दुर्घटना में बचने के लिए अपना रूप बदल लिया था। उन्होंने अपना नाम और पहचान बदल ली थी और एक गुप्त जीवन जीने लगे थे। कुछ लोगों ने यह दावा भी किया कि उन्होंने नेताजी को गुप्त रूप से रहने के दौरान देखा है। हालांकि इन तमाम दावों में से किसी का भी कोई पुख्ता सबूत कभी नहीं मिला लेकिन इन दावों को लेकर सच्चाई जानने को लेकर लोगों में सदैव उत्सुकता रही है। उनकी मौत के रहस्य को सुलझाने के लिए कई बार जांच आयोग भी बैठाए गए, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण जांच आयोग न्यायमूर्ति ताराचंद की अध्यक्षता में 1956 में बैठाया गया था। ताराचंद आयोग ने अपने निष्कर्ष में कहा था कि नेताजी की मृत्यु विमान दुर्घटना में हुई थी। आयोग ने कहा था कि नेताजी के जीवित रहने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं है, लेकिन आयोग के निष्कर्षों को कई लोगों ने चुनौती दी थी, जिनका कहना था कि आयोग ने नेताजी के जीवित रहने के दावों की पर्याप्त जांच नहीं की थी। आज भी दावे के साथ यह कहना मुश्किल है कि नेताजी की मृत्यु कैसे हुई थी। हो सकता है कि वे विमान दुर्घटना में मारे गए हों या यह भी हो सकता है कि वे जीवित बच गए हों और उन्होंने अपना जीवन गुप्त रूप से बिताया हो। कुल मिलाकर, उनकी मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है और इस रहस्य को सुलझाने के लिए और अधिक जांच की आवश्यकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



पटना। 'जेईई मेन्स 2026' परीक्षा में बैठने से पहले परीक्षा केंद्र के बाहर कतार में इंतजार करते उम्मीदवार।

## उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी आने पर वापस लौटा ट्रम्प का विमान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का विमान एयर फोर्स वन मंगलवार को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद 'तकनीकी खराबी' आने के कारण संयुक्त बेस एंड्रयूज लौट आया। यह जानकारी व्हाइट हाउस ने दी। ट्रम्प विश्व आर्थिक मंच 2026 में शामिल होने के लिए स्विट्जरलैंड के दावोस जा रहे थे। व्हाइट हाउस त्वरित प्रतिक्रिया टीम ने सोशल मीडिया पर कहा कि उड़ान भरने के बाद एएफ1 के क्रू सदस्यों ने विमान में तकनीकी खराबी का पता लगाया। पूरी सावधानी बरतते हुए, एएफ1 संयुक्त बेस एंड्रयूज लौट रहा है।

# बांग्लादेश से राजनयिकों के परिवारों को वापस बुला रहा भारत

## संभावित आतंकवादी खतरे की विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिलने के बाद लिया महत्वपूर्ण निर्णय

**नई दिल्ली।** भारत को बंगलादेश में अपने राजनयिकों तथा उनके परिवारों पर संभावित आतंकवादी खतरे की विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली है, जिसके मद्देनजर वहां से राजनयिकों के परिजनों को वापस लाने का निर्णय लिया है, हालांकि इस बारे में औपचारिक घोषणा अभी नहीं की गई है। उच्च पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह कदम एक एहतियाती उपाय है और यह इस बात का संकेत भी है कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बंगलादेश की सरकार के कारण द्विपक्षीय संबंध खराब हो रहे हैं।

खुफिया जानकारी के अनुसार अगस्त 2024 में छात्रों विद्रोह के बाद बड़ी संख्या में रिहा किए गए कई उग्रवादियों ने बंगलादेश में फिर से संगठित हो गए हैं और वहां उन्हें एक तरह की मान्यता भी मिल रही है। खुफिया आकलन में कहा गया है कि ये तत्व भारतीय राजनयिकों और उनके परिवारों को निशाना बना सकते हैं। इस



■ अगस्त 2024 में छात्रों विद्रोह के बाद बड़ी संख्या में रिहा किए गए कई उग्रवादी बंगलादेश में फिर से संगठित हो गए हैं

संभावित खतरे के मद्देनजर सरकार ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए बंगलादेश में तैनात भारतीय राजनयिकों के परिवारों को ऐहतियात के तौर पर स्वदेश बुलाने का निर्णय लिया है।

भारत की रणनीतिक व्यवस्था को बंगलादेश में उग्रवादी ताकतों के पुनरुत्थान और इस्लामवादी आतंकवादी संगठनों द्वारा भारत के खिलाफ बढ़ती कटु भाषा और शत्रुतापूर्ण रुख को लेकर बढ़ती चिंता है। अधिकारियों का मानना है कि यह सुरक्षा परिदृश्य पिछले दशक में दोनों देशों के बीच निरंतर आतंकवाद-रोधी सहयोग से हासिल की गई स्थिरता की तुलना में काफी बिगड़ गया है। इस महीने की शुरुआत में दिए एक साक्षात्कार में मॉरीशस सरकार के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी शांतनु मुखर्जी ने कहा था कि देश की पूर्वी सीमा के पार हाल के घटनाक्रम से यह संकेत मिलते हैं कि उग्रवादियों को रिहा किए जाने से आतंकवाद के खिलाफ मिली सफलता पर विपरीत असर पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि कट्टरपंथी आतंकवादी कैदियों को जेल से रिहा कर फिर से संगठित होने दिया जा रहा है, जिससे बंगलादेश फिर से 'जिहादी' नेटवर्कों के लिए आधार बन सकता है, जैसा कि 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में हुआ करता था। मुखर्जी ने चेतावनी दी कि इन उग्रवादियों का पिछले साल रिहा होने के बाद फिर से संगठित होना बेहद चिंताजनक है। इससे न केवल बंगलादेश के अंदर हिंसा का खतरा बढ़ा है, बल्कि भारत के लिए भी सीमा पार से खतरे की आशंका बढ़ गई है। भारतीय अधिकारी इस बात को लेकर विशेष रूप से चिंतित हैं कि बंगलादेशी आतंकवादी समूह पाकिस्तान और पश्चिम एशिया के कट्टरपंथी संगठनों के साथ फिर से संबंध स्थापित कर रहे हैं, जिससे पुराने क्षेत्रीय आतंकवादी नेटवर्क फिर से सक्रिय हो सकते हैं, जिन्हें पिछले वर्षों में काफी हद तक खत्म किया जा चुका था।

# अमेरिकी दबदबे वाली व्यवस्था का अंत हुआ: मार्क कार्नी

## कनाडाई पीएम बोले: पुराना सिस्टम अब वापस नहीं आएगा, टैरिफ को हथियार बनाने का लगाया आरोप

**दावोस।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि अमेरिका के दबदबे वाली वैश्विक व्यवस्था अब खत्म हो चुकी है। उन्होंने स्विट्जरलैंड के दावोस में हो रहे वर्ल्ड इकोनामिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) में यह बात कही। उन्होंने कहा कि दुनिया किसी बदलाव की तरफ नहीं, बल्कि टूटने की तरफ आगे बढ़ रही है। अब पुराना सिस्टम लौटने वाला नहीं है। कार्नी ने कहा कि नियमों और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के हिंसाब से चलने वाली दुनिया की जो बात की जाती है, वह असल में कभी भी पूरी तरह सच नहीं रही। दुनिया हमेशा से ताकत और अपने-अपने हितों के हिसाब से चली है।

कार्नी ने माना कि पुराने वैश्विक सिस्टम से कनाडा को फायदा हुआ। लेकिन उनके मुताबिक अब यह व्यवस्था टिकाऊ नहीं रह गई है। कार्नी ने कहा कि नई हकीकत यह है कि ताकतवर देश अपने हित साधने के लिए आर्थिक रिश्तों का इस्तेमाल दबाव बनाने में कर रहे हैं। उनके मुताबिक, टैरिफ को हथियार बनाकर दबाव बनाया जा रहा है, वित्तीय सिस्टम के जरिए देशों को मजबूर किया जा रहा है और सप्लाई चेन की कमजोरियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। कार्नी ने कहा कि हाल के वर्षों में आए आर्थिक और राजनीतिक संकटों ने यह दिखा दिया है कि जरूरत से ज्यादा वैश्विक निर्भरता किसी भी देश के लिए खतरनाक हो सकती है। कार्नी ने चेतावनी दी कि अब यह मान लेना गलत है कि सिर्फ पुराने गठबंधन ही सुरक्षा और समृद्धि की गारंटी हैं। उन्होंने कहा कि जब आपसी जुड़ाव ही आपको दूसरे के दबाव में ले आए, तो आप आपसी फायदे के झूठ में नहीं रह सकते। कार्नी ने कहा कि कनाडा को उस नीति पर चलना होगा, जो सिद्धांतों पर भी टिकी हो और जमीन पर काम भी करे। इसके तहत घरेलू क्षमताएं मजबूत करने और किसी एक देश पर निर्भरता घटाने के लिए व्यापारिक साझेदारों में विविधता लाने पर जोर दिया। कार्नी ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन और संयुक्त राष्ट्र जैसी बहुपक्षीय संस्थाएं कमजोर पड़ी हैं। ऐसे में देशों को अब खुद अपनी सुरक्षा, ऊर्जा और खाद्य जरूरतों के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि जो देश खुद को खिला नहीं सकता, ऊर्जा नहीं दे सकता और अपनी रक्षा नहीं कर सकता, उसके पास बहुत कम विकल्प होते हैं।

कार्नी ने कहा कि अब यह उम्मीद करना गलत है कि नियमों का पालन करने से सुरक्षा मिल जाएगी। इससे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी मंगलवार को वर्ल्ड इकोनामिक फोरम की बैठक की संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुनिया ऐसे दौर की ओर बढ़ रही है, जहां अंतर्राष्ट्रीय कानून कुचले जा रहे हैं और ताकतवर की ही चल रही है। मैक्रों ने कहा कि ऐसी दुनिया खतरनाक है, जहां अंतर्राष्ट्रीय कानून की कोई अहमियत नहीं रह जाती। जहां ताकतवर देश जो चाहें करते हैं और कमजोर देशों को मजबूरी में सब सहना पड़ता है। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि उसकी व्यापार नीतियां यूरोप को कमजोर करने और क्षेत्रीय संप्रभुता के खिलाफ काम करी हैं। मैक्रों ने कहा कि आज दुनिया अस्थिर होती जा रही है। सुरक्षा के मामले में भी और अर्थव्यवस्था के मामले में भी। उन्होंने कहा कि 2024 में दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध चल रहे हैं और कई देशों में लोकतंत्र कमजोर होकर तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है।



■ कार्नी ने माना कि पुराने वैश्विक सिस्टम से कनाडा को फायदा हुआ
■ नई हकीकत यह है कि ताकतवर देश अपने हित साधने के लिए आर्थिक रिश्तों का इस्तेमाल दबाव बनाने में कर रहे हैं
■ कनाडा को उस नीति पर चलना होगा, जो सिद्धांतों पर भी टिकी हो और जमीन पर काम भी करे: कार्नी

## डेनमार्क के सांसद बोले: ट्रम्प भाड़ में जाओ

**दावोस।** ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका की दिलचस्पी बढ़ने पर डेनमार्क के एक सांसद ने बहुत कड़ा बयान दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूरोपीय संसद में डेनमार्क के सांसद एंडर्स विस्तिसेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से कहा कि ग्रीनलैंड कोई बिकाऊ चीज नहीं है।

उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड पिछले 800 सालों से डेनमार्क का हिस्सा है। यह बेचने के लिए नहीं है। इसके बाद उन्होंने कहा कि इसे ऐसे शब्दों में कहूं जो आप समझें, तो मिस्टर प्रेसिडेंट, भाड़ में जाइए। इस पर यूरोपीय संसद के उपाध्यक्ष निकोलाए स्टेफानुता ने उन्हें टोकते हुए कहा कि इस तरह की भाषा सदन के नियमों के खिलाफ है। इस बयान अब तक पर ट्रम्प की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। दरअसल, ट्रम्प ने पहले फ्रांस की वाइन और शैम्पेन पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। यह धमकी उन्होंने इसलिए दी क्योंकि फ्रांस ने अमेरिका के प्रस्तावित गाजा पीस बोर्ड में शामिल होने से मना कर दिया था। पिछले कुछ हफ्तों में ट्रम्प कई बार कह चुके हैं कि ग्रीनलैंड पर अमेरिका का कंट्रोल होना चाहिए। उनका कहना है कि आर्कटिक इलाके में रूस और चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए वहां अमेरिकी सेना की मौजूदगी जरूरी है। ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प ने यूरोप के उन देशों पर भी दबाव बनाया है जो डेनमार्क का समर्थन कर रहे हैं।

■ ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं, ये 800 साल से हमारा हिस्सा

# ट्रम्प बोले: 8 जंग रुकवाई हर एक के लिए नोबेल मिले

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक बार फिर नोबेल शांति पुरस्कार को लेकर नाराजगी जताई है। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अब तक 8 जंग रुकवाए हैं, उन्हें हर जंग रुकवाने के लिए अलग-अलग नोबेल मिलना चाहिए। ट्रम्प ने कहा कि वे बात खुद नहीं कहना चाहते, लेकिन सच यही है। अगर कोई कहता है कि मुझे नोबेल नहीं देने में नार्वे का कोई रोल नहीं है तो यह गलत है। नोबेल वही से दिया जाता है।

इसका फैसला भी वही करते हैं। इससे पहले नार्वे के प्रधानमंत्री जोनस स्टोर ने सोमवार को कहा था कि नोबेल शांति पुरस्कार देने का फैसला नार्वे सरकार नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र नोबेल कमेटी करती है। उन्होंने कहा कि यह बात ट्रम्प को भी पहले समझाई जा चुकी है। ट्रम्प ने वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो की भी तारीफ की। उन्हें इस बार शांति का नोबेल दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि मचाडो ने मुझे यह प्राइज पेश किया और कहा कि ट्रम्प इसके ज्यादा हकदार हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उन्होंने 10 महीनों में भारत और पाकिस्तान समेत आठ युद्ध खत्म करवाए हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के हालात बेहद गंभीर मोड़ पर थे और हालात परमाणु युद्ध तक जा सकते थे, लेकिन दुनिया एक बड़े यहां तक कि न्यूक्लियर वार से बच गई। अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों को रुकवाने का दावा करते हुए ट्रम्प ने कहा कि उन्हें हर युद्ध रुकवाने के लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए था। अपने दूसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने पर ट्रम्प ने कहा कि उनके फैसलों से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत हुई और दुनिया बड़े युद्धों से बची। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर अमेरिका के कई शहरों में उनके खिलाफ प्रदर्शन हुए। एक्टिविस्ट और आम लोग उनकी अलग-अलग नीतियों से नाराज दिखे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ट्रम्प की नीतियों ने दुनिया भर में अमेरिका की सालों से बनी अच्छी छवि और भरोसे को नुकसान पहुंचाया है।



■ इस बार जिसे पुरस्कार मिला, उसे भी पता कि मैं असली हकदार

# पाक रक्षा मंत्री ने फर्जी पिज्जा हट का किया उद्घाटन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ एक अजीब विवाद में फंस गए हैं। उन्होंने सियालकोट कैंटोनमेंट में पिज्जा हट ब्रांड वाले एक आउटलेट का उद्घाटन किया। लेकिन कुछ ही घंटों बाद पिज्जा हट कंपनी ने इस आउटलेट को फर्जी बता दिया।

सोशल मीडिया पर उद्घाटन की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद पिज्जा हट पाकिस्तान ने बयान जारी कर साफ किया कि इस आउटलेट से उसका कोई लेना-देना नहीं है। वायरल तस्वीरों और वीडियो में ख्वाजा आसिफ सियालकोट कैंटोनमेंट में बने आउटलेट का फीता काटते नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथ में कैंची लेकर कैमरे के सामने पोज भी दिया। तस्वीर पाकिस्तान के फर्जी पिज्जा हट आउटलेट की है। इसे गुब्बारों के साथ सजाया गया था। यह मामला सामने आते ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लोगों ने इसे लेकर मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा कि रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में एक फर्जी पिज्जा हट फ्रेंचाइजी का उद्घाटन किया। ये बेवकूफ बूढ़े लोग हम पर थोपे गए हैं। एक अन्य यूजर ने मजाक करते हुए लिखा कि जब पिज्जा हट खुद कह दे, यह हमारी स्लाइस नहीं है। पिज्जा हट पाकिस्तान ने बयान जारी कर कहा कि सियालकोट कैंटोनमेंट में खुला यह रेस्टोरेंटपिज्जा हट के नाम और ब्रांड का गलत इस्तेमाल कर रहा है।

■ कंपनी बोली: हमारा कोई लेना देना नहीं, सोशल मीडिया पर मजाक बना

# सुनीता विलियम्स 27 साल बाद हुई रिटायर

## दिल्ली में बोलीं: भारत आना घर वापसी जैसा, चांद पर जाना चाहती हूं, लेकिन पति इजाजत नहीं देंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनाट सुनीता विलियम्स ने मंगलवार को कहा, इस समय दुनिया में अंतरिक्ष को लेकर एक तरह की होड़ (स्पेस रेस) चल रही है। कई देश चांद और अंतरिक्ष में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। लक्ष्य सिर्फ पहले पहुंचना नहीं है, बल्कि यह है कि इंसान सुरक्षित, टिकाऊ और लंबे समय तक रहने लायक तरीके से चांद पर जाए।

सुनीता ने यह बात दिल्ली के अमेरिकन सेंटर में आंखें सितारों पर, पैर जमीं पर सेमिनार में कहीं। उन्होंने यह भी कहा कि यह काम सबके फायदे, सहयोग और पारदर्शिता के साथ, लोकतांत्रिक तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि किसी एक देश का दबदबा न हो और पूरी मानवता को इसका लाभ मिले। सभी देश सहयोग के साथ आगे बढ़ें, बिल्कुल अंटार्कटिका माडल की तर्ज पर। सुनीता ने 27 साल के बाद रिटायरमेंट ले लिया है। इसकी घोषणा नासा ने 20 जनवरी को की। उनकी रिटायरमेंट 27 दिसम्बर 2025 से लागू होगी।

सुनीता बोलीं: स्पेस से धरती देखने पर महसूस होता है कि हम सब एक हैं। 60 साल की विलियम्स का आखिरी स्पेस मिशन सिर्फ 10 दिन का था, लेकिन वह साढ़े नौ महीने तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर रहीं। सुनीता 27 साल पहले 1998 में नासा से जुड़ी थीं। उन्होंने नासा के 3 मिशन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अंतरिक्ष में 608 दिन बिताए। पहली बार वह 9 दिसम्बर 2006 को अंतरिक्ष में गई थीं। सुनीता ने अंतरिक्ष में 9 स्पेसवाक की। इस दौरान उन्होंने 62 घंटे 6 मिनट तक अंतरिक्ष में चहलकदमी की। यह किसी भी महिला अंतरिक्ष यात्री में सबसे ज्यादा है। वह अंतरिक्ष में पहली बार मैराथन दौड़ने वाली यात्री भी बनीं। भारत आना उन्हें घर वापसी जैसा लगता है, क्योंकि उनके पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झूलासन गांव से थे। वहीं, चांद पर जाने के एनडीटीवी के सवाल पर मजाकिया लहजे में कहा, श्मैं चंद्रमा पर जाना चाहती हूं, लेकिन मेरे पति मुझे इजाजत नहीं देंगे। घर वापसी और जिम्मेदारी सौंपने का समय आ गया है। अंतरिक्ष खोज में अगली पीढ़ी को अपना स्थान बनाना होगा। क्या स्पेस ट्रैवल ने उनकी जिंदगी के नजरिए को बदला है, तो उन्होंने कहा-हां, बिल्कुल। जब आप धरती को स्पेस से देखते हैं, तो महसूस होता है कि हम सब एक हैं और हमें ज्यादा करीब से मिलकर काम करना चाहिए। अंतरिक्ष में फैले कचरे पररू पिछले एक दशक में यह एक बड़ी चुनौती बन गई है और इसे मैनेज करने के लिए नई टेक्नोलाजी की जरूरत है।

■ इसकी घोषणा नासा ने 20 जनवरी को की, उनकी रिटायरमेंट 27 दिसम्बर 2025 से लागू होगी



# शिंजो आबे को गोली मारने वाले अपराधी को आजीवन कारावास

**टोक्या।** जापान की अदालत ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या करने वाले शख्स को उम्रकैद की सजा सुनाई है। शिंजो आबे की हत्या करने की बात इस शख्स ने कबूल की थी। इस मामले ने जापान की सत्तारूढ़ पार्टी और एक विवादास्पद दक्षिण कोरियाई चर्च के बीच दशकों पुराने घनिष्ठ संबंधों को उजागर किया है। जापान के सबसे प्रभावशाली राजनेताओं में शामिल शिंजो आबे प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद एक नियमित सांसद के रूप में कार्यरत थे। इसी दौरान 2022 में पश्चिमी शहर नारा में चुनाव प्रचार के दौरान उनकी हत्या कर दी गई। इस घटना ने सख्त बंदूक नियंत्रण वाले देश को स्तब्ध कर दिया। 45 वर्षीय तेत्सुया यामागामी ने अक्टूबर में शुरू हुए मुकदमे में हत्या का अपराध स्वीकार कर लिया था। अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए आजीवन कारावास की सजा का एलान किया। शूटर ने कहा कि वह एक विवादास्पद चर्च के प्रति नफरत से प्रेरित था।

# दक्षिण कोरिया के पूर्व पीएम को 23 साल की सजा

## अदालत ने मार्शल लॉ लगाने को करार दिया विद्रोह

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल की ओर से देश में मार्शल ला लगाने को संविधान के खिलाफ विद्रोह करार दिया। इसी के साथ अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति के करीबी सहयोगी और पूर्व प्रधानमंत्री हान डक-सू को 23 साल की सजा सुनाई।

यह फैसला यून प्रशासन से जुड़े विद्रोह के मामलों में पहला बड़ा दोषसिद्धि फैसला माना जा रहा है। सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने बुधवार को दिए गए फैसले में कहा कि यून सुक-योल का मार्शल ला आदेश एक तरह का 'खुद का तख्तापलट' था, जिसका मकसद संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करना था। अदालत ने संसद और चुनाव कार्यालयों में सेना व पुलिस की तैनाती को गंभीर अस्थिरता फैलाने वाला कदम बताया। अदालत के अनुसार, तत्कालीन प्रधानमंत्री हान डक-सू ने मंत्री परिषद की बैठक के जरिए मार्शल ला आदेश को प्रक्रियात्मक वैधता देने की कोशिश की और इस तरह विद्रोह में अहम भूमिका निभाई। उन्हें मार्शल ला घोषणा में हेरफेर, दस्तावेज नष्ट करने और शपथ के तहत झूठ बोलने का भी दोषी ठहराया गया। अदालत के फैसले में कहा गया कि हान ने संविधान की रक्षा करने के अपने कर्तव्य की अनदेखी की और यह मानते हुए विद्रोह का हिस्सा बने कि यह सफल हो सकता है। अदालत ने चेतावनी दी कि ऐसे कृत्यों से देश एक बार फिर उस दौर में लौट सकता था, जहां नागरिक अधिकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचला जाता है। सजा सुनाए जाने के बाद हान डक-सू को तुरंत जेल भेज दिया गया। इससे पहले वे हिरासत में नहीं थे। गौरतलब है कि स्वतंत्र अभियोजक ने उनके लिए 15 साल की सजा मांगी थी, ऐसे में 23 साल की सजा को अप्रत्याशित माना जा रहा है। हान इस फैसले के खिलाफ अपील कर सकते हैं। यह फैसला राष्ट्रपति यून सुक-योल के खिलाफ चल रहे मामलों के लिए भी अहम माना जा रहा है। यून पर विद्रोह का मास्टरमाइंड होने का आरोप है और उनके खिलाफ स्वतंत्र अभियोजक मृत्युदंड तक की मांग कर चुके हैं। उनके विद्रोह मामले पर 19 फरवरी को फैसला आने की संभावना है।



■ उनके विद्रोह मामले पर 19 फरवरी को फैसला आने की संभावना है

## नेपाल में सुशीला कार्की की सरकार से चार मंत्रियों का इस्तीफा

**काठमांडा।** नेपाल में आगामी आम चुनाव से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की अगुवाई वाली सरकार के चार मंत्रियों ने चुनाव लड़ने के लिए अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। नेपाल में 5 मार्च को होने वाले आम चुनाव लड़ने के लिए इन सभी ने अपना नामांकन दाखिल किया है। विज्ञान और शिक्षा मंत्री महाबीर पुन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा देने के बाद म्याग्दी जिले से स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया। इससे पहले सोमवार को संचार मंत्री जगदीश खरेल और खेल मंत्री बबलू गुप्ता ने भी मंत्री पद छोड़कर प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ने का फैसला किया था।




